फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 41 प्रभात जयपुर, रविवार 11 सितम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**The life and times of a witty raconteur**

Jug Suraiya's biography is a tongue-in cheek commentary on the ever changing world and how destiny plays its games.

**Research: Bone Aging**

**Of Fashion, Design and Inspiration**

Haneet Singh is all set to showcase his collection 'Stannic Luxe'



*अमेरिका में नैशनल पार्क जाने वाले पर्यटकों और वाइल्डलाइफ प्रेमियों की सबसे बड़ी इच्छा होती है कि उन्हें ''मूज़'' (एक प्रकार का हिरण) नज़र आ जाए, पर अब यह मुश्किल होता जा रहा है। एक समय, मूज़ की आबादी में वृद्धि को संरक्षण की शानदार सफलता माना जाता था पर अब कई जीव वैज्ञानिक इसके भविष्य को लेकर चिंतित हैं। वैज्ञानिकों ने कहा, जैसा कि कई प्रजातियों के साथ होता है, जिनके बारे में हम सोच लेते हैं कि उनकी आबादी स्थिर है, पता चलता है कि, उन्हें जलवायु परिवर्तन के कारण नए खतरों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के दक्षिणी न्यू इंग्लैण्ड में कड़ी ठंड की वजह से विन्टर टिक्स (चिचड़ी), जिन्हें मूज़ टिक्स भी कहते हैं, की आबादी नियंत्रित रहती है, लेकिन हल्की ठंड में ये टिक्स खूब फलती फूलती हैं, इसलिए मूज़ के लिए बड़ा खतरा बन रही हैं। यू.एस. में उत्तर पूर्व के राज्य, मेन के एक क्षेत्र में हुए शोध के अनुसार मूज़ के 90 प्रतिशत बच्चे इस वर्ष टिक्स संक्रमण की वजह से मर गए। एक मूज़ पर चालीस हज़ार से नब्बे हज़ार तक टिक्स पाई गईं। रॉकीज़ पर्वतीय क्षेत्र में भी मूज़ की आबादी घट रही है। आइडाहो में हुई रिसर्च में पाया गया है कि, आबादी में दूरगामी कमी के कई कारक हैं, जिनमें रोग, आवास विनाश, और परभक्षी प्रमुख हैं, दूसरे इन्हें गर्मी भी बहुत लगती है। यही वजह है कि, गर्मी के मौसम में इन्हें पानी के आस-पास ही देखा जाता है। मूज़ विशाल जानवर हैं, इसलिए मैदानों में ये कभी-कभी नज़र आ जाते हैं, लेकिन जब आप खासतौर पर इन्हें देखना चाहें तो इन्हें ढूंढना मुश्किल हो जाता है। लेकिन हर जानवर की तरह यदि इनके भोजन का स्रोत पता हो तो जानवर ढूंढना आसान होता है। बड़े आकार के कारण मूज़ को बहुत सा भोजन चाहिए होता है। एक वयस्क हर रोज 40-60 पाउण्ड खाना खाता है। एस्पेन, बर्च, विलो और जलीय पौधे इनका प्रिय भोजन हैं और ये सब पेड़ ग्लोबल वॉर्मिंग से प्रभावित हो रहे हैं।*

# चार्ल्स को मापने के लिये क्या मापदण्ड होंगे

## ''क्वीन'' ने अशांत समय में स्थिरता प्रदान की थी ब्रिटेन को, क्या चार्ल्स इस भूमिका में खरे उतरेंगे

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। जब एक राजा की मौत होती है, तब प्रजा सांसें थामकर प्रतीक्षा करती है कि नया उत्तराधिकारी क्या करेगा। क्वीन ऐलिज़ाबेथ द्वितीय के निधन के बाद ग्रेट ब्रिटेन में यह मनोभाव सर्वाधिक स्पष्ट होगा। चार्ल्स तृतीय, जो अपनी इस पारी के लिए पिछले सात दशक से तैयार थे, पर सबकी कड़ी नज़र होगी कि अपनी नई जिम्मेदारी को कैसे निभाते हैं।

किंग चार्ल्स तृतीय पूरे विश्वास से और स्वर्गीय क्वीन के आदर्शों के अनुरुप कार्य करने के वादे के साथ मैदान में मौजूद हैं। लेकिन क्या ऐसा है कि उनकी पारी को जज किया जाएगा? क्या यह राजनीति, मानवतावाद, उदारता और स्थायित्व उस विरासत से पृथक होगा जिसका उनकी स्वर्गीय मां ने उदाहरण पेश किया था या नए किंग राजनीति और अर्थव्यवस्था की लौकिकता व जटिलताओं में सीधे शामिल हो जाएंगे।

आगे क्या हो सकता है, उसको लेकर ''द इकोनॉमिस्ट'' ने प्रकाश डाला है। उसका कहना है कि लम्बे समय से जानकारी होने के बावजूद कोई वास्तव में यह नहीं जानता कि रॉयल फैमिली या ब्रिटेन के लिए चार्ल्स तृतीय के क्या मायने होंगे। शेयर बाजारों और पुरानी सफलताओं की भांति राजाओं के भविष्य के प्रदर्शन को लेकर भी कोई मार्गदर्शन उपलब्ध नहीं है। एडवर्ड अष्टम को शुरुआत में काफी मॉडर्न माना गया। वे इतने मॉडर्न थे कि उन्होंने पद

( शेष पृष्ठ 7 पर )

- जहां तक हाव-भाव व वेशभूषा का सवाल है, चार्ल्स भी उतने ही ''कंज़रवेटिव'' (परम्परावादी) हैं, जितनी उनकी मां थीं।
- क्वीन, कम ''हील'' वाले लोफर्स जूते पहनती थीं, चार्ल्स भी पुरानी स्टाइल के सूट तब तक पहनते हैं, जब तक वे घिसे हुए से न दिखने लग जायें। उनके बालों का स्टाइल भी वही है जो उन्होंने अपने स्कूल के दिनों में अपनाया था।
- पर, जहां तक भावावेश का सवाल है, अभी तक तो वे उस पर उतना नियंत्रण नहीं रख पाते, जितना ''कंट्रोल'' उनकी मां का था।
- साथ ही, राजनीति में तटस्थता के मामले में वे अपनी मां के मुकाबले कमजोर से लगते हैं। उन्होंने प्र.मंत्री टोनी ब्लेयर के समय फॉक्स हंटिंग के खिलाफ अभियान चलाया। वे दलाई लामा का समर्थन खुले रूप से करते हैं तथा 2015 में चीन के सम्मान में दिये गये औपचारिक भोज में वे अनुपस्थित रहे, जिस पर विदेश मंत्रालय ने भृकुटी तानी थी, क्योंकि यह बकिंघम पैलेस की राजनीतिक तटस्थता से मेल नहीं खाती।
- फिलहाल चार्ल्स की लोकप्रियता 54 प्रतिशत है, जबकि क्वीन की 81 प्रतिशत थी, तथा प्रिंस विलियम की 75 प्रतिशत है। चार्ल्स को लेकर अभी तक प्रिंसेज़ डायना से शादी व शादी का सफल न होना, एक अटपटा सवाल बना हुआ है।

# सोनोग्राफी जांच

जयपुर, 10 सितंबर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि कम्प्यूटर बेस्ड ट्रेनिंग (सी.बी.टी.) परीक्षा पास करे बिना ही मान्यता प्राप्त संस्थान से सोनोग्राफी प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए चिकित्सक सोनोग्राफी और अल्ट्रासाउंड का कार्य कर सकते हैं। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश डॉ. भूपेश दयाल व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि प्रीकॉन्सैप्शन एंड प्रीनेटल डायग्नॉस्टिक टैक्नीक्स एक्ट (पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट) के प्रभाव में आने के बाद चिकित्सा विभाग ने एक मार्च 2021 को परिपत्र जारी कर प्रावधान किया कि अल्ट्रासाउंड व सोनोग्राफी का छह माह का प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सक सोनोग्राफी केंद्र संचालित करने से पूर्व राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से सी.बी.टी. परीक्षा उत्तीर्ण करें, अन्यथा ये सोनोग्राफी संबंधी कोई भी जांच नहीं

( शेष पृष्ठ 7 पर )

- राजस्थान हाई कोर्ट ने चिकित्सा विभाग के मार्च 2021 के प्रावधान को खारिज कर दिया, जिसमें सोनोग्राफी जांच करने वाले चिकित्सक के लिए कम्प्यूटर बेस्ड ट्रेनिंग को अनिवार्य करार दिया गया था।

# 'अशोक गहलोत की विडम्बना ज्यों की त्यों बरकरार है'

## भरसक प्रयास के बावजूद स्थिति वो ही है, जो उस दिन थी जब सोनिया गांधी ने उन्हें कहा था, उन्हें दिल्ली में जिम्मेवारी संभालनी है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री बने रहने तथा उनके पार्टी अध्यक्ष बनने के गांधी परिवार से बाहर निकलने के लिये सारी युक्तियाँ एवं दाँव-पेच काम में ले लिये हैं।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि स्थिति जस की तस है तथा कोई बदलाव नहीं हुआ है क्योंकि सोनिया गांधी ने गहलोत को सूचित कर दिया है कि उन्हें पार्टी की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेनी ही होगी।

जब मुकूल वासनिक ने ए.आई.सी.सी. महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी पद से इस्तीफ दिया था, उस के बाद, ए.आई.सी.सी. में यह अटकल जोरों पर थी कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिये मुकूल का नाम भी विचाराधीन हैं।

लेकिन सूत्रों का कहना है कि यह अटकल निराधार थी। मुकूल वासनिक को कमल नाथ की माँग पर हटाया गया हैं। उन्होंने सोनिया गांधी से यह कहा बताते हैं कि वासनिक को मध्य प्रदेश प्रभारी पद से हटा दिया जाना चाहिये क्योंकि उनके साथ काम करना मुश्किल है। उनके इस अनुरोध को तवज्जोह दी गई तथा मुकूल को मध्य प्रदेश प्रभार से मुक्त कर दिया गया हैं लेकिन वे बिना किसी अन्य प्रभार के, महासचिव पद पर बने हुये हैं।

आशा की जा रही है कि जब भी ए.आई.सी.सी में फेर बदल होगा, उन्हें संगठन में कोई अन्य जिम्मेदारी दी जा सकती हैं।

चूँकि अशोक गहलोत के साथ मुकूल वासनिक के मधुर सम्बन्ध हैं, इसलिये यह भी सम्भव है कि उन्हें के.सी. वेणु गोपाल के स्थान पर, ए.आई.सी.सी. महासचिव के रूप में संगठन प्रभारी बना दिया जाये तथा के.सी. वेणु गोपाल पार्टी कोषाध्यक्ष बना दिये जायें।

कल कन्या कुमारी में मीडिया से बातचीत करते हुये, राहुल गांधी ने यह स्पष्ट कर दिया कि वे (राहुल) कांग्रेस अध्यक्ष नहीं बनेंगे। उन्होंने कहा कि उनके मन में कोईअलभन या भ्रम नहीं

( शेष पृष्ठ 7 पर )

- राहुल गांधी ने गहलोत की विडम्बना पर पुष्टि की मोहर लगा दी, कन्याकुमारी में मीडिया से बात करते हुए जब उन्होंने कहा कि, उनके दिमाग में कोई ''कंफ्यूज़न'' नहीं है कि, वे अध्यक्ष नहीं बन रहे।
- मुकुल वासनिक से मध्य प्रदेश का प्रभार लिये जाने के बाद, गहलोत खेमा कुछ राहत महसूस कर रहा था कि, मुकुल वासनिक को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने के लिये ही उनसे एम.पी. का कार्यभार वापस लिया गया है।
- पर, शीघ्र ही उजागर हो गया कि, वासनिक को कमलनाथ की मांग पर हटाया गया है, क्योंकि कमलनाथ ने सोनिया गांधी से शिकायत की थी कि, वासनिक के साथ काम करना असंभव है।
- अब चर्चा यह है कि, गहलोत के अध्यक्ष बनने के बाद, वासनिक को संगठन कार्यों का महासचिव बनाया जायेगा, गहलोत व वासनिक की निकटता देखते हुए तथा वर्तमान संगठन महासचिव वेणु गोपाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया जायेंगे।

# '22 करोड़ बनाम 7 लाख'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को ट्वीट किया कि कितने दुख की बात है कि मोदी सरकार हर साल दो करोड़ नौकरी देने के अपने वादे को स्वयं ही झूठ सिद्ध कर देती है। उन्होंने कहा कि नौकरी के लिये 22 करोड़ लोगों ने आवेदन पत्र भरे थे लेकिन उनमें से केवल 7 लाख लोगों को ही रोजगार मिल सका।

उन्होंने कहा, ''भटकाओ जनता पार्टी (बीजेपी) नहीं चाहती कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा हो।'' उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा युवाओं को संगठित करने की दिशा में उठाया गया एक कदम है ताकि वे इस बिन्दु पर अपनी आवाज उठा सकें।

इसी बीच, भारत जोड़ो यात्रा में पैदल चलते हुये, पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा तथा मनीष भंडारी ने एक बयान में कहा कि अपनी इस पदयात्रा में, राहुल गांधी स्थानीय लोगों के साथ सीधे बातचीत करते रहना जारी रखे हुये हैं।

( शेष पृष्ठ 7 पर )

- कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया कि, मोदी सरकार के 8 साल के शासनकाल में 22 करोड़ लोगों ने रोजगार के लिए आवेदन किया पर मात्र 7 लाख को ही नौकरी मिली।

# किस के कपड़े ज्यादा महंगे और फैशनेबल हैं?

## ''फैशन वॉर'' छिड़ा मोदी व राहुल के बीच

-श्रीनदं झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। ऐसा लगता है कि राजनेताओं तथा मुख्य धारा के मीडिया ने इन दिनों महँगाई, बेरोजगारी या खाद्यान्न की सम्भावित कमी की चिन्ता करने के बजाय, स्वयं को फैशन-युद्ध के बीच लाकर खड़ा कर दिया हैं। जब भाजजा नेताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुये कहा कि वे कथित रूप से 41000 रू. मूल्य की ''बरबरी टी-शर्ट'' पहनते हैं, तो उसके कांग्रेस के छुटभैये की बदला लेने के लिये सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गये तथा प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुये कहने लगे कि वे बहुत महँगा सूट तथा सनग्लासेज धारण करते हैं। सोशल मीडिया इस समय प्रधानमंत्री द्वारा काम में लिये जाने वाले विदेशी ब्रान्डेड सामानों के नामों एवं उनकी कीमतों से भरा पड़ा है-बोइंग द्वारा डिजायन किये गये उनके विशेष विमान से लेकर उनकी बी.एम.डब्ल्यू कार तक, अमेरिकन कैनेथ कॉल जूतों से लेकर उनकी इटेलियन घड़ी ''रोजर ड्युबुई तथा पढ़ ने के काम आने वाले उनके 'कूपर विज़न' चश्मे तक।

तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओ ब्रायन ने इस फैशन युद्ध में एक नईचीज और जोड़ दी है-उन्होंने ऐसी टी-शर्ट लॉन्च की हैं, जिन पर गृहमन्त्री अमित शाह की तस्वीर बनी हुईहै तथा लिखा हुआ है: ''भारत का सबसे बड़ा पप्पू''। ज्ञातव्य है कि भाजपा नेता राहुल गांधी की निन्दा करते हुये, उनके लिये प्रायः ''पप्पू'' शब्द का इस्तेमाल किया करते हैं। कोलकाता से दिल्ली की अभी हाल की हवाई यात्रा के दौरान, ओ' ब्रायन स्वयं भी यह टी-शर्ट पहने हुये थे। ये टी-शर्ट आगामी दुर्गापूजा महोत्सव के दौरान, तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं तथा स्वयंसेवकों को बड़े पैमाने पर बाँटी जायेंगी।

2015 में, जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प भारत यात्रा पर आये थे, उसे समय प्रधानमंत्री मोदी ने बदं गले का सूट पहना था, जिसके बारे में कांग्रेस नेताओं ने उन पर आरोप लगाते हुये, उसकी कीमत 10 लाख रू. बताई थी। गुजरात के हीरा-व्यापारी रमेश भीखाभाई ने सूट मोदी को तोहफे में दिया था तथा बाद में उसकी नीलामी 15 लाख रू. में हुईबताई जाती हैं। दिसम्बर, 2019 में, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने चार फोटो ट्वीट किये थे, जिन पर प्रतिक्रिया देते हुये कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने आरोप लगाया था कि मोदी जर्मन 'मेबैक' चश्मा पहने हुये है, जिसकी कीमत 1,69,000 रू. से शुरू होती है। कांग्रेस ने यह दावा किया है कि बरबरी टी शर्ट्स की कीमत 5000रू से ज्यादा नहीं होती, वहीं कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री पर जबरदस्त प्रहार करते हुये, उनके ''महँगे शॉल, कोट, घड़ी, पैन, कार तथा जलपान'' पर निशाना साधा हैं।

- भाजपा ने टिप्पणी की कि, इकतालीस हजार की बरबरी टी शर्ट पहन कर राहुल भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं।
- कांग्रेस प्रवक्ताओं ने सोशल मीडिया पर पलटवार कर बताया कि, मोदी उनके लिये बोइंग कम्पनी द्वारा विशेष रूप से निर्मित हवाई जहाज में यात्रा करते हैं, उनकी गाड़ी भी साधारण नहीं, बी.एम.डब्ल्यु. द्वारा निर्मित विशेष कार है, उनके जूते भी विशेष हैं, अमरीकन कम्पनी कैनेथ कोल के लोफर्स तथा वे कूपर विजन कम्पनी के रीडिंग ग्लासेज़ ही काम में लेते हैं।
- सोशल मीडिया के अनुसार राहुल की बरबरी टी शर्ट की कीमत 5000 रूपये है, जबकि मोदी के चश्मे की कीमत 1,69,000 रूपये है।

# शाह ने तनोट माता के दर्शन किए

जैसलमेर, 10 सितम्बर (नि.सं.)। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को भारत-पाक सीमा पर स्थित तनोट माता मंदिर में दर्शन किए।

ज्ञात रहे कि अमित शाह देश के पहले गृह मंत्री हैं जिन्होंने 9 माह की अल्प अवधि में दूसरी बार तनोट माता के दर्शन किए और देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तनोट माता के दर्शन किए। वे पहले गृह मंत्री हैं जो 9 माह की अल्प अवधि में दूसरी बार यहां आए हैं।

मोटा भाई के नाम से विख्यात केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, सीमा सुरक्षा बल के डीजी पंकज सिंह भी थे। शाह ने भारत-पाक युद्ध के

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# अमित शाह ने जोधपुर संभाग के बूथ सम्मेलन में जोश भरने की कोई कसर नहीं छोड़ी

जोधपुर , 10 सितम्बर (निसं)। जोधपुर के दशहरा मैदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बूथ सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आपका यह उत्साह और जोश 2023 में राजस्थान में तीन चौथाई बहुमत की भाजपा की सरकार बनाएगा और 2024 में नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगा।

शाह ने कहा कि सरकारें बनती हैं। कार्यकर्ताओं के जोश, जज्बे और परिश्रम से, इतनी गर्मी में जोधपुर संभाग के 25 हजार से अधिक कार्यकर्ता बैठे हैं। यह बताता है कि यहां 2023 में भाजपा सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सशक्त बूथ बनाता है, सशक्त मंडल बनाता है और वही चुनाव जिताता है। राजस्थान के 52 हजार बूथों में से 47 हजार बूथों तक बूथ कार्यकर्ता के फोटो के साथ रजिस्टर करने का कार्य हमारे प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कर दिखाया है, इसके लिए उनको और समस्त टीम भाजपा, राजस्थान को बहुत-बहुत साधुवाद देता हूं।

उन्होंने कहा कि मित्रों आज मैं सुबह ही तनोट मां के तीर्थ स्थान, जहां मोदी जी ने 19 करोड़ के खर्चे से एक बहुत बड़ा यात्रा धाम बनाने का निर्णय किया है, का भूमि पूजन करके आया हूं। यह मानें कि तनोट मां ने 1965 और 1971 के युद्ध में हमारी पश्चिमी सीमाओं को सुरक्षित किया है। आज भी 43 डिग्री तापमान में हमारा जवान मां को प्रणाम करके सीमा पर खड़ा रहता है। वह दुश्मनों के दांत खट्टे कर कर ही वापस आता है।

उन्होंने कहा कि ''मित्रों आज जब मैं यहां आया हूं तब राजस्थान भाजपा को जनसंघ के समय से मजबूत करने वाले भैरों सिंह शेखावत जी, सुंदर सिंह भंडारी जी, आचार्य राज किशोर जी, ललित किशोर चतुर्वेदी जी, भंवरलाल शर्मा जी, रामदास अग्रवाल जी, रघुवीर सिंह कौशल जी, मदन लाल सैनी जी को याद करता हूं। हमारे पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत जी को भी प्रणाम करना चाहता हूं। यही वह लोग थे जिन्होंने राजस्थान को बदलने का काम किया।''

जोधपुर संभाग के 9 हजार से अधिक बूथों के 25 हजार से अधिक बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे।

बूथ सम्मेलन में के. लक्ष्मण, अरुण सिंह, सतीश पूनिया, गुलाबचंद कटारिया, चंद्रशेखर, राजेंद्र राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, अर्जुन राम मेघवाल, अलका गुर्जर इत्यादि पदाधिकारी, जोधपुर संभाग के सभी सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक एवं अन्य सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राज परिवार की सम्पत्ति

जयपुर, 10 सितंबर (का.सं.)। किराया अधिकरण मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर प्रथम ने पूर्व राजपरिवार की संपत्ति, रामबाग स्टाफ क्वार्टर, में विगत सात दशकों से रहे परिवार को घर खाली करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने माना कि प्रतिवादी संपत्ति पर अतिक्रमी है। वहीं अदालत ने प्रतिवादी मोहन सिंह को वाद दायर करने से वास्तविक कब्जा प्राप्ति तक हर माह पन्द्रह सौ रुपए हर्जाना देने को कहा है। अदालत ने यह आदेश एसएमएस इन्वैस्टैन्ट कार्पोरेशन प्रा.लि. के दावे पर दिए।

दावे में कहा गया कि प्रतिवादी के पिता नंदा पूर्व महाराजा

( शेष पृष्ठ 7 पर )

- किराया प्राधिकरण मामले की विशेष अदालत ने रामबाग होटल के स्टाफ क्वार्टर में 7 दशकों से रह रहे परिवार को घर खाली करने के आदेश दिए हैं।

## विचार बिन्दु

आशा प्रयत्नशील मनुष्य का साथ कभी नहीं छोड़ती। –गेटे

# वन विभाग राजस्थान द्वारा संकटापन्न प्रजाति गुग्गुलु का संरक्षण व पुनर्स्थापन

गुग्गुलु एक ऐसी औषधि है जिसको भारत के महर्षि वैज्ञानिक आचार्य अग्निवेश से लेकर आचार्य शाङ्र्गधर तक 5000 साल के समय काल में सब ने एक स्वर से उच्चकोटि का रसायन कहा है। आधुनिक वैज्ञानिक शोध भी इस बात की पुष्टि करती है। आयुर्वेद की इस औषधि पर भारत में सर्वप्रथम 1950 के दशक में शोध प्रारंभ हुई थी जो आज पूरे विश्व में हो रही है। देश की सबसे संकटापन्न प्रजातियों में से एक, गुग्गुलु के संरक्षण, प्रबंध और पुनर्स्थापन में वनविभाग राजस्थान का महत्वपूर्ण योगदान है। पिछले 10 वर्षों में राजस्थान वन विभाग ने इस प्रजाति के लगभग 3,00,000 पौधे रोपित किए हैं और इसके साथ ही प्राकृतिक पुनर्स्थापन को बढ़ावा दिया है। यह एक ऐसी संकटापन्न प्रजाति (आईयूसीएनरेडलिस्ट के अनुसार क्रिटिकलीएंडैनजर्ड) है जो अब मुख्य रूप से राजस्थान में और छिट-पुट रूप से गुजरात, मध्य प्रदेश आदि के वनों में ही मिलती है। दुनिया के अन्य भागों में यह प्रजाति नहीं पाई जाती। इस वर्ष भी इस प्रजाति को खोज कर असिस्टेड नेचुरलरी जेनरेशन के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। इस प्रजाति पर उच्च कोटि की शोध भी एरिडफॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट जोधपुर द्वारा की गई है और उस ज्ञान का प्रयोग भी वन विभाग द्वारा इस प्रजाति के प्रबंध और संरक्षण में किया जा रहा है। इस पर आगे चर्चा करने के पहले आइये वनों में प्राप्त होने वाली औषधियों की स्थिति देखते हैं।

लगभग 95 प्रतिशत आयुर्वेदिक औषधियाँ पौधों से ही प्राप्त होती हैं और इन औषधीय पौधों का विदोहन प्राय: प्राकृतिक वनों से ही किया जाता है। कुल वैश्विक वार्षिक खपत का केवल 10 से 20 प्रतिशत हिस्सा ही खेती द्वारा प्राप्त किया जाता है। ट्रैफिक इन्टरनेशनल का अध्ययन बताता है कि अभी तो यूरोप जैसे विकसित भू-भाग में भी 90 प्रतिशत औषधीय पौधे प्राकृतिक वनों से ही एकत्रित किये जाते हैं। विश्व में हर्बल औषधियों का बहुत बड़ा बाजार है। करीब 60 हजार औषधीय प्रजातियों से 6 से 7 लाख टन पदार्थ और कच्चा माल प्राप्त किया जाता है। वर्ष 2014 में औषधीय पौधों के वैश्विक व्यापार का मूल्य 33 अरब डालर आँका गया था। एक शोध के अनुसार चौदह वर्षों की अवधि के लिये औषधीय पौधों में औसत वैश्विक निर्यात प्रति वर्ष 6,01,357 टन और 1.92 अरब डॉलर था। वर्ष 2014 के लिये यह 7,02,813 टन तथा 3.60 अरब डॉलर आँका गया था। हाल के अनुमानों के अनुसार वर्ष2020 में हर्बल मेडिसिन का कुल वैश्विक बाज़ार 98.60 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और 2028 तक इसके 391.22 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

इंडिया ब्रैंडइक्विटी फाउंडेशन के आंकडे बताते हैं कि भारत में औषधीय पौधों का बाजार वर्ष 2019 में रुपये 4.2बिलियन (56.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) आँका गया है जो 38.5 प्रतिशत की दर से बढ़कर वर्ष 2026 तक रुपये 14 बिलियन (188.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) होने का अनुमान है। कुल विश्व हर्बल व्यापार वर्तमान में 120बिलियन अमेरिकी डॉलर आंका गया है। आयुर्वेद की जड़ी-बूटियों और जड़ी-बूटियों के मूल्य-वर्धित एक्सट्रैक्ट्स का व्यापार भी बढ़ रहा है। उदाहरण के लिये वर्ष 2017-2018 में भारत ने पिछले वर्ष की तुलना में 14.22प्रतिशतकी वृद्धि के साथ 330.18 मिलियन अमेरिकी डॉलर की जड़ी-बूटियों का निर्यात किया था। साथ ही मूल्य-वर्धित एक्सट्रैक्ट्स का निर्यात 456.12 मिलियन अमेरिकी डॉलर था,जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.23 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है।

विश्व-प्रसिद्ध औषधि गुग्गुलु राजस्थान के वनों उष्णकटिबंधीय शुष्क वनों तथा मरुस्थलीय पारस्थितिकीय तंत्रों की एक अति महत्वपूर्ण परन्तु सर्वाधिक संकटापन्न लघु वृक्ष प्रजाति है। यों तो यह कुछ अन्य क्षेत्रों में भी मिलता है पर राजस्थान का गुग्गुलु सर्वश्रेष्ठ है। देवीकोट (जैसलमेर) और पलाना (बीकानेर) में उगने वाले गुग्गुलु के पौधों में गुग्गुलस्टेरोन की मात्रा हरियाणा व गुजरात में उगने वाले पौधों की तुलना में बेहतर मिली है (देखें, ए. कुलहरि इत्यादि, फिजियोलॉजी एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी ऑफ़ प्लांट्स, 21: 71-81, 2015)। गुग्गुल स्टेरोन में कोलेस्ट्रॉल कम करने तथा भूख को नियंत्रित करने के साथ-साथ इम्यूनोमॉड्यूलेटरी गतिविधि पायी जाती है इसीलिये यह बहु-उपयोगी औषधि कोविड-19 महामारी के दौरान लाभप्रद हो सकती है। कोविड-19 रोगियों में साइटोकाइन स्टॉर्म से होने वाले हाइपर इन्फ्लेमेशन को रोकने में गुग्गुलु उपयोगी हो सकता है। गुग्गुल स्टेरोन साइटोकाइन तूफान की गंभीरता को कम कर सकता है (देखें, एल. प्रीति इत्यादि, ओबेसिटी मेडिसिन, 24: आर्टि. 100346, 2021)।

**औषधियों के रूप में प्रयुक्त होने वाले पौधों की अधिकाँश जरूरत वनों से ही पूरी की जा रही है। अतः ऐसी रणनीति बनाना आवश्यक है जिसमें औषधीय प्रजातियों का न केवल वनों में यथा-स्थान संरक्षण हो, अपितु उनका डोमेस्टिकेशन किया जाकर खेती का अंग बनाया जाये। औषधीय पौधों की प्रजातियों के विलुप्त होने के बाद उन पर उपलब्ध ज्ञान की सार्थकता शेष नहीं रह पायेगी।**

पिछले कई दशकों से अति-विदोहन और विनाशकारी-विदोहन के कारण पुनरुत्पादन में कमी होने से गुग्गुलु के पौधों का प्राकृतिक पौध-संख्या घनत्व राजस्थान में निरंतर गिर रहा है। हालत यहाँ तक आ पहुँची है अब इस प्रजाति के मात्र चार हॉट-स्पॉट्स ही बचे हैं। सबसे अधिक घनत्व 105.9 पौधे/ हेक्टेयर सवाई माधोपुर के कुछ क्षेत्रों में और सबसे कम 1.6 पौधे/ हेक्टेयर झालावाड़ जिले में मिले हैं। पहाड़ी ऊंचाई के अनुसार भी गुग्गुलु की प्राकृतिक संख्या घनत्व में भिन्नता मिली है। अधिकतम घनत्व 40 पौधे /हेक्टेयर मुख्य रूप से अरावली रेंज में समुद्र तल से 301-350 मीटर ऊंचाई सीमा में है, और ज्यादा ऊंचे (समुद्र तल से 350 मीटर) और कम (समुद्र तल से 301 मीटर) ऊंचाई पर घनत्व कम मिला है (देखें, यू.के. तोमर इत्यादि, जर्नल ऑफ़ एप्लाइड रिसर्च ऑन मेडिसिनल एंड एरोमेटिकप्लांट्स, 25, आर्टि. 100323, 2021)।

गुग्गुलु से रेसिन प्राप्त करने के लिये विनाशकारी-विदोहन पद्धति के कारण यह प्रजाति अब गंभीर रूप से संकटापन्न है और रेड-लिस्ट में सूचीबद्ध हो गयी है। औषधीय रेसिन निकालने के लिये कटान, वनों में पशुओं द्वारा चराई आदि के कारण वनों में गुग्गुलु का प्राकृतिक पुनरुत्पादन बहुत कम हो रहा है। इस अति-विदोहन के परिणामस्वरूप भारत में गुग्गुलु ओलियो-रेसिन के उत्पादन में भारी गिरावट आई है। राजस्थान में गुग्गुलु के विदोहन पर प्रतिबन्ध लगाना पड़ा है। अन्य राज्यों का उदाहरण देखें तो गुजरात, जो कि उत्पादन का एक प्रमुख क्षेत्र रहा है, में वर्ष 1963 में उत्पादन 30 टन था जो वर्ष 1999 में गिरकर मात्र 2.42 टन रह गया। वर्ष 2013 में यह मात्र 1.6 टन रह गया। नतीजा यह है कि अब गुग्गुलु का पाकिस्तान से भारत में लगभग 505 टन /वर्ष आयात किया जाता है। इसका उपयोग कर अनुमानित रूप से 193 टन प्रति वर्ष समतुल्य प्रसंस्कृत उत्पादों का निर्माण कर भारत से 42 देशों को निर्यात किया जाता है (देखें,ए.बी. कनिंघम इत्यादि, जर्नल ऑफ़ एथनोफार्माकोलॉजी, 223: 22-32, 2018)। अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिये वाणिज्यिक विदोहन के कारण गुग्गुलु के पौधों की संख्या में आ रही निरंतर गिरावट चिंताजनक है और वनों में व्यावहारिक संरक्षण, संवर्धन और पुनरुत्पादन तथा निजी जमीनों में खेती को बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता है।

जहाँ तक गुग्गुलु की खेती का प्रश्न है, कुछ पहल 45 साल पहले हुई थी। राजस्थान में मंगलियावास के पास एक गुग्गुल हर्बल फार्म शुरू किया गया था। एक परियोजना और थी जिसका लक्ष्य 1,700 हेक्टेयर में गुग्गुलु की खेती करना था। राजस्थान के सभी जिलों में गुग्गुलु को नर्सरी में तैयार कर वितरण के लिये लगभग पांच लाख पौधे उगाना लक्ष्य था। लेकिन निजी जमीनों पर खेती के साथ साथ सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि गुग्गुलु को वनों में संरक्षित और संवर्धित किया जाये। जैसा कि पूर्व में बताया गया है, वन विभाग द्वारा पौधे उगाने तथा वृक्षारोपण में लगाने हेतु कुछ प्रयास हुये हैं लेकिन इस ओर मजबूती से ध्यान देना आवश्यक है ताकि हमारी यह एंडेमिक प्रजाति राजस्थान से विलुप्त ना हो जाये। इस विषय में क्रियान्वयन अब वन विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

प्राकृतिक वनों से लगातार दोहन के साथ-साथ अब जलवायु परिवर्तन,पर्यावरण प्रदूषण और निर्वनीकरण के कारण जड़ी-बूटियों की जैव-विविधता का विनाश औषधीय पौधों पर भारी संकट है। भारत के वन औषधियों के भंडार हैं। औषधीय पौधों की बड़े पैमाने पर वनों के बाहर खेती एवं एवं वनों के अन्दर जैव-विविधता संरक्षण और प्रबंध के बिना आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा, प्राकृतिक चिकित्सा, और होम्योपैथी के 7.5 लाख आयुष चिकित्सकों का विशाल वैज्ञानिक और अनुभवजन्य ज्ञान धरा रह जायेगा।

पिछले 25 वर्षों की शोध के निष्कर्ष यह बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन की दशा में भारत के वनों का वर्तमान भौगोलिक वितरण, प्राकृतिक पुनरुत्पादन, पुष्पन, फलन एवं बीजोत्पादन आदि में गंभीर अन्तर आ सकता है। भारतीय वनों पर इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ साइन्स, बेंगलूरु द्वारा की गयी शोध से ज्ञात होता है कि जलवायु एवं मानसून में परिवर्तन की दशा में भारतीय वनों पर गंभीर कुप्रभाव पड़ने वाला है। यह कुप्रभाव तब और गंभीर हो जाता है जब मानवजनित कारणों, जैसे अति-विदोहन आदि के कारण औषधीय प्रजातियाँ संकटापन्न होती जा रहीं हैं।

आयुर्वेदिक औषधियों के बिना आयुर्वेद की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। आयुर्वेद-चिकित्सा के चार पादों में चिकित्सक के पश्चात औषधि का ही महत्व है। संकटापन्न पौधों की रेड-लिस्ट के अनुसार, भारत विश्व के उन दस देशों में शामिल है जहाँ पौधों की सर्वाधिक प्रजातियाँ संकटापन्न हैं। हालांकि भारत ने अपने 385 संकटापन्न पौधों की प्रजातियों की समस्या को हल करने की ओर कदम तो उठाया है, किन्तु अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

औषधियों के रूप में प्रयुक्त होने वाले पौधों की अधिकाँश जरूरत वनों से ही पूरी की जा रही है। अतः ऐसी रणनीति बनाना आवश्यक है जिसमें औषधीय प्रजातियों का न केवल वनों में यथा-स्थान संरक्षण हो, अपितु उनका डोमेस्टिकेशन किया जाकर खेती का अंग बनाया जाये। औषधीय पौधों की प्रजातियों के विलुप्त होने के बाद उन पर उपलब्ध ज्ञान की सार्थकता शेष नहीं रह पायेगी। जिन प्रजातियों की खेती की विधियाँ केन्द्रीय औषधि एवं सगंध पादप संस्थान, लखनऊ द्वारा विकसित की गयी हैं, उन्हें शीघ्र बड़े पैमाने पर खेती के लिये प्रोत्साहन देना आवश्यक है। आयुष फार्मा कंपनियों द्वारा बीज एवं खेती की तकनीक को किसानों तक पहुंचाया जाना अत्यन्त आवश्यक है। उगाई गयी फसल के वापस खरीदने की व्यवस्था को भी विकसित करना अनिवार्य है। लगभग 1000 औषधीय प्रजातियों के लिये समर्थन मूल्य घोषित किया जाना उपयोगी हो सकता है। समर्थन मूल्य के साथ-साथ विपणन के लिये देश के हर जिले में मंडियों एवं भण्डारण की भी समुचित व्यवस्था लाभकारी रहेगी। आयुर्वेदिक औषध शालाओं एवं किसानों के मध्य उपज खरीद का अनुबंध हो। इस प्रकार के अनुबंध से किसानों को अपनी उपज का सुनिश्चित बाजार तथा औषध शालाओं को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उच्च कोटि के औषधीय पौधे प्राप्त हो सकते हैं।

एक महत्वपूर्ण रणनीति जो औषधीय प्रजातियों की निरंतरता एवं उपलब्धता सुनिश्चित करेगी वह यह भी है कि गांवों एवं शहरों के परिवारों द्वारा परंपरा से उगाये जा रहे होम गार्डन्स में इन पौधों को उगाया जाये। पूरे देश में घरेलू बाग़-बगीचों की परंपरा न केवल अत्यन्त प्राचीन है, अपितु अत्यंत लोकप्रिय भी है। इन होम गार्डन्स में अनेक प्रजातियां लोगों द्वारा अपनी जरूरत के मुताबिक उगायी जाती है। किंतु, यह परंपरा धीरे-धीरे क्षीण हो रही है, जिसे पुनर्जीवित करना उपयोगी है।


**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं)**

# अधूरा चिकित्सा विज्ञान : स्तन कैंसर का सघन औषध उपचार

1979 में चिकित्सक स्तन कैंसर के बेहतर उपचार के लिए प्रयासरत थे, अनुसंधान कर रहे थे। स्तन कैंसर जो स्तन के बाहर फैल चुका हो, ऐसे कैंसर के लिए तब प्रचलित व मान्य औषध उपचार मात्र 10-15 प्रतिशत में ही कैंसर मुक्ति की राहत देता था और वह भी केवल कुछ समय के लिए। राहत की समयावधि बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रयास चल रहे थे, उनमें से एक था इन कैंसर रोधक औषधियों को अधिक मात्रा में देना। अपेक्षा थी कि अधिक मात्रा में देने पर ये कैंसर नाशक औषधियाँ शरीर में बची अधिक कैंसर कोशिकाओं को नष्ट कर पायेंगी और रोगिणी को दीर्घकालिक या पूर्णकालिक राहत मिलेगी। फैले हुए स्तन कैंसर की जितनी कम कोशिकाएँ शरीर में बचें उतना ही दीर्घकालिक लाभ, और अगर एक भी कोशिका न बचे तो पूर्णकालिक राहत।

लेकिन इसमें एक बड़ी दुविधा थी। कैंसर रोधक दवाएँ विभाजित होकर संवर्धन करने वाली कोशिकाओं पर असर कर उनका विभाजन रोकती हैं, उन्हें नष्ट करती हैं। कैंसर कोशिकाएँ तीव्र गति से अनियंत्रित विभाजन करने वाली कोशिकाएँ होती हैं अत: इन औषधियों से वे प्रमुख रूप में प्रभावित होती हैं। दुविधा ये थी कि शरीर की वे कोशिकाएँ भी प्रभावित और नष्ट होती थीं जो शरीर में सामान्य रूप में विभाजन-रत होती हैं। यथा बालों को निरंतर बढ़ाने वाली, आँतों के अंदर की ओर अस्थि-मज्जा में सतत रक्त कण सृजन करने वाली कोशिकाएँ। फलस्वरूप बाल झड़ जाते हैं, उल्टी-दस्त होते हैं और रक्त कण बनना बंद हो जाते हैं। पहले दो कुप्रभावों से तो पार पाया जा सकता था लेकिन अस्थिमज्जा का नष्ट होना घातक हो जाता था। रक्त कोशिकाओं का जीवनकाल सीमित होता है और अगर अस्थि मज्जा की स्टेम कोशिकाएँ विभाजित होकर इनकी पूर्ति न करें तो जीवन ही न चले। लाल रक्तकण न बनने से एनीमिया और श्वेत रक्तकण न बनने से घातक संक्रमण। शरीर की संक्रमण रोकने की प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) खत्म हो जाती थी। कैंसर से कहीं पहले रोगी संक्रमण की बलि चढ़ जाता था। संक्रमण रोकने के लिए एन्टीबायोटिक्स देने के बावजूद।

विषय विशेषज्ञ एक अनुसंधानकर्ता ने एक अभिनव प्रयोग सुझाया। अगर बड़ी मात्रा में कैंसर रोधक देने में अस्थि-मज्जा का नष्ट होना ही बाधा है तो क्यों न हम रोगी में अस्थि-मज्जा प्रतिरोपित (बोनमैरो ट्रांसप्लांट) करें। रक्त कैंसर के रोगियों, जिनमें अस्थि-मज्जा के रोग के कारण ही अस्थिमज्जा नष्ट होती थी, में बोनमैरो ट्रांसप्लांट किया जाता था। इस विधि का विकसित रूप था ओटोलोगस बोनमैरो या स्टेम सेल ट्रांसप्लांट। रोगी में दवा से अस्थि-मज्जा नष्ट करने या होने से पहले रोगी के रक्त से उन स्टेम कोशिकाओं को अलग कर इकट्ठा किया जाता जो रक्तकण बनाती हैं। सरलता से ऐसा करना संभव था। फिर जब अस्थि-मज्जा नष्ट हो जाये तब उसी व्यक्ति की ये स्टेम कोशिकाएँ उसमें वापस इन्जेक्ट


डॉ. श्रीगोपाल काबरा

कर दो। स्टेम कोशिकाएँ अपने नियत स्थान अस्थि-मज्जा में प्रतिरोपित होकर रक्त बनाने लगेंगी। यह हुआ ओटोलोगस (स्वयं का) स्टेम सेल ट्रांसप्लांट।

डॉ. गब्रल हार्टोबेगी ने यह विधि अपनाई। फैले हुए स्तन कैंसर में दीर्घकालिक राहत के लिए वे पहले रोगिणी के रक्त से स्टेम सेल अलग करते, फिर अधिक मात्रा में कैंसररोधक दवाएँ देते और नष्ट हुई अस्थि-मज्जा के घातक कुप्रभाव को रोकने को ट्रांसप्लांट करते। बोनमैरो ट्रांसप्लांट की सफलता का प्रचार हुआ। फैले हुए गंभीर स्तन कैंसर के दीर्घकालिक उपचार की नई विधि – हाई डोज कीमोथेरेपा विथ ओटोलोगस बोनमैरो ट्रांसप्लांट – उपलब्ध हुई, प्रचलन में आई। प्रचार हुआ कि लो डोज कीमोथेरेपी की तुलना में इस हाई डोज कीमोथेरेपी से 10-15 प्रतिशत की जगह 50-60 प्रतिशत में दीर्घकालिक कैंसर से राहत (रेमिशन) मिलती है। रोगियों का इस उपचार के प्रति आग्रह स्वाभाविक था।

दुविधा तब उत्पन्न हुई जब अमेरिका की इन्श्योरेंस कम्पनियों को इस खर्चीले इलाज के पैसे देने पडे। इलाज बहुत मँहगा था। 1990 के दशक में तब एक महिला के इलाज का व्यय 60 लाख से 2 करोड़ रुपयों के बराबर था। चिकित्सकों में इस इलाज के लिए प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह इस इलाज में मिलने वाली बड़ी रकम, अंधी कमाई, इसका आधार था। चिकित्सकों के मन में पूर्वाग्रह होना स्वाभाविक था। इन्श्योरेंस कम्पनियों ने इस इलाज के लिए इस आधार पर मना कर दिया कि यह विधि प्रायोगिक (एक्सपेरीमेंटल) है, इसकी सार्थकता का अभी विधिवत मूल्यांकन नहीं हुआ है, यह उपचार की मान्य विधियों में नहीं है।

अत: अनुसंधानकर्ताओं ने लो डोज कीमोथेरेपी और हाई डोज कीमोथेरेपी विथ बोनमैरो ट्रांसप्लांट विधियों का तुलनात्मक परीक्षण व मूल्यांकन का कार्य शुरू किया। स्तन कैंसर (लिम्फ ग्रंथियों में फैला हुआ) की पंजीकृत आधी महिलाओं को लो डोज कैंसर रोधक दवाएँ दी गईं और आधी का हाई डोज कैंसर रोधक दवाओं के साथ बोनमैरो ट्रांसप्लांट से उपचार किया गया। मूल्यांकन में पूर्वाग्रह (बायस व प्लेसीबो) को नकारने के लिए डबल ब्लाइन्ड प्रणाली अपनाई गई जिससे न तो महिला को मालूम हो कि उसमें कौनसी विधि काम में ली गई है और न ही मूल्यांकन करने वाले डॉक्टर को। चार अनुसंधान केन्द्रों ने अपने परिणाम प्रकाशित किए। तीन के परिणामों से साफ था कि हाई डोज विथ बोनमैरो ट्रांसप्लांट विधि से कोई अपेक्षाकृत दीर्घकालिक लाभ नहीं था। साथ ही हाई डोज और बोनमैरो ट्रांसप्लांट की घातक काम्प्लिकेशन्स भी थीं। लेकिन जोहान्सबर्ग से आये चौथे अनुसंधानकर्ता के परिणाम बाकी तीन के सर्वथा विपरीत थे। इसके अनुसार हाई डोज समूह के 60 प्रतिशत से अधिक रोगी 8 से 10 साल तक कैंसर मुक्त जीवन जी रहीं थीं जबकि लो डोज ग्रुप में यह प्रतिशत 20 भी नहीं था। कैंसर विशेषज्ञों और मरीजों में ऐसे ही प्रसारित परिणामों के कारण काफी उत्साह था। वरिष्ठ विशेषज्ञों के यह गले नहीं उतरा। विशेषज्ञों की एक टीम ने जोहान्सबर्ग जाकर जाँच की। सारा मामला फर्जी निकला। न ऐसा कोई अनुसंधान हुआ था और न ही ऐसे कोई मरीज मिले। कुछ मरीजों के रिकॉर्ड में फर्जीवाड़ा कर झूठे आँकडे तैयार किए गए थे। बेआबरू होकर निकाले गए। चिकित्सा विज्ञान अधूरा विज्ञान है।

हर देश काल में तत्कालीन ज्ञान, अवधारणा, अनुभव और उपलब्ध तकनीक के अनुरूप चिकित्सक उपचार करते हैं और रोगी अपनी आस्था अनुरूप माँग करते हैं। समयोपरांत सब बदलता है। वैज्ञानिक मान्यताएँ समय सापेक्ष होती हैं, सही या गलत नहीं। बदलाव ही शाश्वत सच है।

**–डॉ. श्रीगोपाल काबरा,**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

## पूर्णिमा पर डिग्गी में उमड़े भक्त

**मालपुरा,** (निसं)। प्रदेश के सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल डिग्गी में पूर्णिमा पर कल्याणधणी के दर्शनों के लिए शनिवार को आस्था का सैलाब उमडा। जन-जन की आस्था के केन्द्र डिग्गी कल्याणजी महाराज की मनमोहक झांकी की एक झलक पाने एवं पूर्णिमा पर दर्शनों का विशेष महत्व होने के चलते हजारों की संख्या में कल्याण भक्त डिग्गी पहुंचे।

अलसवेरे मंगला आरती से श्रद्धालुओं का आने का क्रम शुरू हुआ जो कि देर शाम संध्या आरती तक भी जारी रहा। ट्रस्ट की और से तैनात बॉक्सर व पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालुओं को लम्बी कतारों में लगा दर्शनों की व्यवस्थाए की तो भीड में सीसीटीवी कैमरो से निगरानी भी रखी गई।

## लम्पी बीमारी से गौवंश की रक्षा के लिये आयुर्वेदिक दवा तैयार की

**कोटपूतली,** (निसं)। क्षेत्र के गौवंश में बढ़ ते लम्पी बिमारी की रोकथाम के लिए समर्थ सशक्त कोटपूतली अभियान के तहत दवाई तैयार की जा रही है। जिसका विभिन्न गौशालाओं एवं शहर में खुले में घूमने वाले गौवंश में वितरण किया जा रहा है।

अभियान के संयोजक मुकेश गोयल ने पशु चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों से लम्पी वायरस के बचाव हेतु पूरी जानकारी लेकर शनिवार को परशुराम मंदिर परिसर में मंदिर समिति सदस्यों के सहयोग से आयुर्वेदिक दवा के लड्डू बनाकर तैयार किये गये। इस आयुर्वेदिक लड्डू में हल्दी पाउडर, काली मिर्च पाउडर, सरस घी, अजवाईन, जीरा, काला नमक, बाजरे का आटा, सोंठ पाउडर, मुलेठी, काला जीरी तथा आवंले का पाउडर शामिल किया गया है। गोयल ने बताया कि यह आयुर्वेदिक


गायों के लिए आयुर्वेदिक लड्डू बनाते लोग।


दवा का लड्डू आयुर्वेदिक चिकित्सकों की देखरेख में क्षेत्र के खुले में घुमने वाले गौवंश को प्रतिदिन सुबह-सांय एक-एक लड्डू दिया जायेगा। जिससे गौवंश की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ कर लम्पी जैसे भयानक रोग से लड़ सकें एवं इसके संक्रमण का प्रकोप कम हो। इस अवसर पर आयुर्वेदिक दवा तैयार करते समय मंदिर परिसर में नरेश महाराज, राधे राधे महाराज, वैद्य नागेन्द्र शर्मा, गोपाल शर्मा, एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा, राजेश सराधना, प्रफुल्ल रमन, सीताराम बंसल, प्रमोद कुमार सैनी (गुरूजी), दयाराम कुमावत, देशराज सैनी व घनश्याम कुमावत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जवाई बांध का गेज 56 फीट के पास पहुंचा

**पाली,** (निसं)। पाली, जालोर, सिरोही की प्यास बुझाने वाला जवाई बांध अब भराव क्षमता के करीब पहुंच गया है। शनिवार शाम तक 56 फीट के करीब पहुंच गया। अगर एक अच्छी बारिश हो गई तो 59 फुट पर पहुंचने पर जवाई बांध की करीब 2 फाटक खोल दिए जाएंगे। करीब 4 वर्ष पहले पूर्व विधायक मदन राठौड़ की मौजूदगी में दो फाटक खोले गए थे। जवाई बांध भरने के कारण जिले वासियों के साथ जलदाय विभाग सिंचाई विभाग के चेहरे भी खिल गए हैं। किसानों में भी खुशी की लहर है कि इस बार उन्हें पूरी सिंचाई के लिए पाण मिलेगी। प्रशासन द्वारा सिरोही जिले के करीब 73 गांव बढ़ा दिए गए हैं। पाली जिले के करीब 70 गांव को जवाई बांध का पानी मिलेगा, जिससे जवाई बांध का भार और बढ़ेगा।

# गौशाला प्रबंधन की सतर्कता व पूर्व तैयारी से सैंकड़ों गौवंश को लम्पी वायरस से बचाया

**निवाई,** (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र में श्री दामोदर गौशाला व गांव किवाडा में स्थित श्री दादूदयाल गौशाला के प्रबंधन ने सैकडों गायों को वायरस से बचा लिया है। दामोदर गौशाला में कुल 223 गायें व बछडे हैं। इनमें से एक गाय ही लम्पी वायरस की चपेट में आई है जिसे तुरन्त आईसोलेट कर दिया गया और उपचार शुरू करवा दिया। इससे अन्य गायों में वायरस नहीं फैल पाया। शेष सभी गायों को वायरस से बचाने के लिए टीकाकरण भी करवा दिया। इसी प्रकार संत प्रकाशदास महाराज के निर्देशन में चल रही श्री दादूदयाल गौशाला में एक भी गाय वायरस की चपेट में नहीं आई है। गौशाला प्रबंधक रामेश्वर मास्टर ने बताया कि गौशाला में कुल 233 गायें हैं। दो आईसोलेशन वार्ड बनाए गए हैं। इन वार्डो में बाहर से वायरस की चपेट में आई गायों को आईसोलेशन कर उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से चिकित्सक गौशाला


दादूदयाल गौशाला आश्रम में बनाए गए आईसोलेशन सेन्टर में रोगग्रस्त गायों को रखा जा रहा है।

पहुंचकर गायों की देखभाल करने के साथ ही उनका उपचार भी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इसी प्रकार आवारा गौ-वंश के उपचार के लिए गौशाला प्रबंधन की ओर से गांव झिलाय में भी दो आईसोलेशन सेन्टर बनाए गए हैं। रोगी गायों का भामाशाहों के सहयोग से उपचार करवाया जा रहा है। इसी प्रकार हरभांवता आश्रम में स्थित गौशाला में कुल 250 गायें हैं। लम्पी की चपेट में आने से करीब गौशाला की 20 गौ-वंश की मौत हो गई। शिवदयाल गुर्जर ने बताया कि गौशाला में लगभग 55 लीटर दूध होता था। वायरस के बाद 20 लीटर दूध की कमी आई है। उन्होंने बताया कि भामाशाह के सहयोग से गायों के उपचार के लिए दवाईयों की व्यवस्था की गई है।

इसके साथ पशु चिकित्सक भी समय-समय पर गौशाला पहुंचकर गायों का उपचार कर रहे हैं। वायरस की चपटे में आई गायों के लिए आईसोलेटर सेन्टर बनाया हुआ है। लुहारा पंचायत के 3 गांव में लम्पी वायरस से अब तक 25 गोवंश की मृत्यु हो चुकी है। सभी गायों को पंचायत प्रशासन ने जेसीबी की सहायता से दफनाया। ग्राम विकास अधिकारी भारत सिंह सोलंकी ने बताया कि लुहारा में 5 गायों की लम्पी वायरस से मौत हो चुकी है। लम्पी वायरस से मरते सभी गायों को पंचायत प्रशासन ने जेसीबी की सहायता से दफना दिया है। सरपंच बिन्दू कंवर ने बताया कि पंचायत के हर गांव में आइसोलेशन सेंटर बना दिया गया है जिनमें वायरस से संक्रमित ग्रसित गायों को रखा जाने लगा है।

## राशिफल रविवार 11 सितम्बर, 2022


पंडित अनिल शर्मा

आश्विनी मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, पूर्वाभाद्र पद नक्षत्र प्रात: 8:02 तक, शूल योग दिन 11:59 तक, कौलव करण दिन 1:15 तक, चन्द्रमा मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-मीन, मंगल-वृष, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-सिंह, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग प्रात: 8:02 से सूर्योदय तक है। राजयोग दिन 1:15 से सूर्योदय तक है। आज क्षमावाणी पर्व और पडवा ढोक (जैन) और दोज का श्राद्ध है। आज अशून्य शयन व्रत, पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:46 से 9:19 तक, लाभ-अमृत 9:19 से 12:23 तक, शुभ 1:56 से 3:28 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:14, सूर्यास्त 6:33

### मेष
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।

### वृष
आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### मिथुन
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के मध्यान्ह पूर्व करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

### कर्क
धार्मिक-सामाजिक समारोह कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### सिंह
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कन्या
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण और आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

### तुला
अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा।

### वृश्चिक
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।

### धनु
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

### मकर
परिवार में शुभ और मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### कुंभ
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आवश्यक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा और मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मीन
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आज आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# ‘राहुल गांधी देश को जोड़ने निकले हैं, यात्रा में मिल रहे जनसमर्थन से भाजपा के नेता बौखला गए हैं’

## अमित शाह के बयानों पर पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा और चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने किया कटाक्ष

- ‘अमित शाह अनर्गल बातें करते रहे, मूल मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए गलतबयानी की’
- ‘राहुल गांधी की टीशर्ट पर सवाल उठाने वाले प्रधानमंत्री मोदी का 10 लाख का सूट भूल गए क्या?’

**जयपुर**, (का.प्र.)। देश के गृहमंत्री अमित शाह के जोधपुर दौरे के दौरान दिए गए भाषण को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राज्य के चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कटाक्ष करते हुए कहा है कि देश के गृह मंत्री के दौरे से लोगों को बहुत आशा होती है, लेकिन अमित शाह अनर्गल बातें करते रहे और उन्होंने मूल मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए गलतबयानी की है।

जयपुर में मीडिया से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में जिस तरह से भाजपा नेताओं के बीच आपसी खींचतान मची हुई है, उससे भाजपा आलाकमान परेशान है। यही कारण है कि अमित शाह को खुद भाजपा के इन नेताओं को समझाने आना पड़ा है। इसी के साथ डोटासरा ने आरोप लगाया कि देश के गृहमंत्री ने वहां रखे गए एक कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि देने से मना करके शहीदों का अपमान किया है। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। इसी तरह से राहुल गांधी की टीशर्ट को लेकर गृह मंत्री अमित शाह की ओर से कही गई बात को लेकर डोटासरा ने कहा कि देश में मूल मुद्दे हैं, उन पर कभी भी भाजपा के नेता नहीं बोलते, उसी तरह अमित शाह ने भी उन मुद्दों से दूरी बनाए रखी। एक और राहुल गांधी आज देश को जोड़ने निकले हैं। इस यात्रा में मिल रहे जनसमर्थन से भाजपा के नेता बौखला गए हैं और अनर्गल बातें कर रहे हैं। वहीं डोटासरा ने राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर उठाए गए सवालों पर कहा कि अमित शाह भूल गए हैं कि भाजपा शासित गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में राजस्थान से कहीं खराब कानून व्यवस्था की स्थिति है। यदि अमित शाह उस पर भी बोलते तो ज्यादा अच्छा होता। इसी तरह प्रदेश के चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की टी-शर्ट के हजारों रुपए की होने की बात कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 लाख रुपए के सूट को कोई भूला नहीं है। वह सूट कहां गया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की टी-शर्ट का भुगतान किसने किया, क्या कीमत थी। यह कोई कैसे बता सकता है। यह सब बीजेपी का प्रोपेगेंडा है। इस तरह की टिप्पणी किसी को नहीं करनी चाहिए, यह ओछी हरकत है। इसके साथ ही अमित शाह के राजस्थान दौरे पर उन्होंने कहा कि वे भारत के गृहमंत्री हैं। वे कहीं भी आ जा सकते हैं। उन्हें कोई रोकने वाला नहीं है।

मीणा ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर पैदल कन्याकुमारी से कश्मीर तक जा रहे हैं। सरकार की फेल योजनाएं, डेमोक्रेसी को खत्म करने के प्रयास, सीबीआई व ईडी के दुरुपयोग सहित कई मुद्दों को आम जनता तक पहुंचा रहे हैं। बिहार में नीतीश कुमार हों या महाराष्ट्र में संजय रावत, राजस्थान में मंत्री खाचरियावास, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भाई और मंत्री राजेंद्र यादव के ठिकानों पर भी जांच एजेंसियों को भेज दिया जाता है।

पहले पीएम मोदी आरोप लगाते थे कि सीबीआई कांग्रेस इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो है। अब जितनी भी जांच एजेंसियां हैं वह मोदी इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो हो गई हैं। विपक्षी दलों और कांग्रेस के लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया है कि क्या भारतीय जनता पार्टी में सब दूध के धुले हुए लोग हैं। उनके यहां पर छापे क्यों नहीं डाल रहे हैं।



शहर में बरसात के कारण पनपे मच्छरों की वजह से मलेरिया व डेंगू की बीमारी इस समय घर-घर में पांव पसार रही है। इससे बचाव के लिये नगर निगम जगह-जगह फोगिंग करवा रहा है। शनिवार को निगम कर्मचारियों ने शहर के बाहरी इलाकों में फोगिंग की।

## केसेज में डिस्पोजल नहीं, डिसीजन करें कोर्ट : जस्टिस रस्तोगी

**जयपुर**, (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अजय रस्तोगी ने केसेज की पैंडेंसी को चुनौती मानते हुए कहा है कि निचली कोर्ट को मामलों में डिस्पोजल की बजाय डिसीजन करना चाहिए। कोर्ट का सही डिसीजन होगा तो उसकी अपीलें भी कम होंगी। उन्होंने कहा कि 1982 में वे अधिवक्ता बने तब भी पैंडेंसी को लेकर चर्चा होती थी और करीब 40 साल बाद जब सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश हैं तब भी पेंडेंसी को लेकर चर्चा हो रही है, लेकिन हमें केवल समस्याओं व चुनौतियों पर चर्चा करने के साथ ही समाधान पर भी बात करनी चाहिए।

जस्टिस रस्तोगी ने यह विचार शनिवार को सांगानेर न्यायालय के रजत जयंती समारोह में वर्तमान न्याय व्यवस्था चुनौतियां व समाधान विषयक सेमीनार में रखे। उन्होंने कहा कि आज हम रजत जयंती समारोह मना रहे हैं और कुछ साल बाद स्वर्ण जयंती भी मनाएंगे, लेकिन उस दिन हमारा रोड मैप क्या रहेगा यह सोचना भी बेहद जरूरी है। वहीं हाईकोर्ट के एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव ने कहा कि कोर्ट में जितने केसेज पेंडिंग हैं उनमें से 60 फीसदी साधारण प्रकृति के हैं। इन केसेज को आपसी समझाइश व मध्यस्थता सहित अन्य वैकल्पिक तरीकों से हल किया जा सकता है, सभी को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा। कार्यक्रम में हाईकोर्ट के जस्टिस सुदेश बंसल, अनूप ढंड, उमाशंकर व्यास सहित अन्य न्यायिक अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए।

## राष्ट्रीय जल पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे

**जयपुर**, (का.सं.)। केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह पुरस्कार ऐसे चयनित गैर-सरकारी संगठनों, ग्राम पंचायतों, शहरी स्थानीय निकायों, जल उपयोगकर्ता संघों, संस्थानों, कॉर्पोरेट क्षेत्र, व्यक्तियों आदि सहित सभी हितधारकों को दिया जाता है, जिन्होंने वर्षा जल द्वारा भूजल वृद्धि की नवीन प्रथाओं को अपनाकर जल संचयन और कृत्रिम पुनर्भरण, जल उपयोग दक्षता को बढ़ावा देना, पानी के पुनर्चक्रण और पुन: उपयोग और लक्षित क्षेत्रों में लोगों की भागीदारी के माध्यम से जागरूकता पैदा करने आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है।

चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ मीडिया (प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक), सर्वश्रेष्ठ स्कूल, कैंपस उपयोग के लिए सर्वश्रेष्ठ संस्थान, सर्वश्रेष्ठ उद्योग, सर्वश्रेष्ठ एनजीओ, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ तथा सीएसआर गतिविधियों के लिए 11 श्रेणियां हैं।

## जेडीए 12 साल पुरानी दर से करे भूखंड आवंटन

- अदालत ने जेडीसी से कहा कि वे उस समय निकाली गई योजनाओं के प्रभारी अधिकारी रहे अफसरों पर विभागीय कार्रवाई करें
- अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मामले में परिवादी की कोई लापरवाही नहीं रही है और जेडीए की लापरवाही व सेवा दोष स्पष्ट तौर पर साबित है

**जयपुर**, (का.सं.)। महानगर की स्थाई लोक अदालत ने जेडीए को निर्देश दिए हैं कि वह परिवादी को अपनी आवासीय योजना में तीन माह के भीतर वर्ष 2010 में रही योजना की दर से भूखंड का आवंटन करे। इसके साथ ही जेडीसी उस समय निकाली गई योजनाओं के प्रभारी अधिकारी रहे अफसरों पर विभागीय कार्रवाई करे। स्थाई लोक अदालत ने यह आदेश ओमप्रकाश अग्रवाल के परिवाद पर दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मामले में परिवादी की कोई लापरवाही नहीं रही है और जेडीए की लापरवाही व सेवा दोष स्पष्ट तौर पर साबित है। परिवादी ने जेडीए से कई बार खुद को अन्य आवासीय योजनाओं में समायोजित करने का आग्रह किया, लेकिन जेडीए ने ना तो भूखंड का आवंटन किया और ना ही उसे मांगपत्र जारी किया।

मामले के अनुसार, परिवादी ने जुलाई 2010 में जेडीए की अमृत कुंज आवासीय योजना में 25 हजार रुपए जमा करवाकर भूखंड आवंटित करने के लिए आवेदन किया था। इस दौरान 7 अक्टूबर 2010 को जेडीए ने आवंटन पत्र जारी करने के लिए चाहे गए सभी दस्तावेज भी परिवादी से प्राप्त कर लिए, लेकिन जेडीए ने उसे भूखंड आवंटित नहीं किया। मामला स्थाई लोक अदालत में पहुंचने पर जेडीए ने कहा कि हाईकोर्ट की रोक के आदेश से पहले अमृत कुंज योजना के पूरी राशि जमा करवा चुके 140 आवंटियों को पास की अन्य भूमि पर बसी दीनदयाल नगर प्रथम, योजना में 18 जनवरी 2019 को भूखंड आवंटित कर दिए थे। इस पर स्थाई लोक अदालत ने कहा कि परिवादी वर्ष 2010 से ही उसे मांग पत्र जारी करने और भूखंड आवंटित करने का आग्रह कर रहा है, लेकिन जेडीए ने जानबूझकर मांग पत्र जारी नहीं किया और इस गलती के लिए परिवादी को जिम्मेदार नहीं मान सकते। इसलिए जेडीए अन्य आवंटियों की तरह परिवादी को भी अन्य योजना में 2010 की दर के आधार पर तीन महीने में भूखंड आवंटित करे।

## युवक से 50 हजार रुपये की ठगी

**जयपुर**। वैशाली नगर इलाके में एक युवक से ऑनलाइन ठगी हो गई। पुलिस ने बताया खातीपुरा निवासी पीड़ित मोहम्मद शोएब डायबिटीज केयर एंड जनरल हॉस्पिटल में काम करता है, जालसाज के झांसे में पीड़ित आ गया और ओटीपी बता दिया, जिसके बाद बैंक खाते से 50 हजार रुपये पार हो गए।

## हवाई पट्टियों के विस्तार के लिये 37.75 करोड़ रुपए की मंजूरी

- राज्य की दस हवाई पट्टियों का होगा विस्तार

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की 10 हवाई पट्टियों के विस्तार एवं विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 37 करोड़ 75 लाख रूपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

गहलोत की मंजूरी से राज्य स्वामित्व वाली इन हवाई पट्टियों पर रनवे रीकारपैटिंग, बाउंड्री वॉल निर्माण, कंपाउंड वॉल निर्माण, हवाई पट्टी का नवीनीकरण सहित विभिन्न कार्य होंगे।

इनमें कोलाना (झालावाड़) हवाई पट्टी के लिए मेगा हाइवे एवं बुद्ध मण्डावर रोड शिफ्टिंग व बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 14 करोड़, आबू रोड (सिरोही) हवाई पट्टी की रनवे रीकारपैटिंग एवं बाउंड्री वॉल की ऊंचाई में वृद्धि के लिए 4 करोड़, फलौदी (जोधपुर) हवाई पट्टी के रनवे की रीकारपैटिंग के लिए 1.97 करोड़, तलवाड़ा (बांसवाड़ा) हवाई पट्टी की रनवे रीकारपैटिंग व एप्रोच रोड की मरम्मत एवं प्रतीक्षालय भवन के निर्माण के लिए 3.40 करोड़ रूपये की लागत से कार्य किए जाएंगे।

## तीन लोगों के गले से चेन तोड़ी

**जयपुर**। जवाहर सर्किल, मालवीय नगर और बजाज नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक महिला सहित तीन जनों की सोने की चेन तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया जवाहर सर्किल इलाके में कान्हा रेस्टोरेंट के पास 9 सितंबर की रात बाइक सवार बदमाश विवेक विहार निवासी डालचंद कोली से मारपीट कर सोने की चेन तोड़ ले गए। मालवीय नगर इलाके स्थित विनोबा विहार में बदमाश 8 सितंबर की शाम घर के पास घूम रही प्रेमी देवी की सोने की चेन तोड़ ले गए। इधर, बजाज नगर इलाके में संजय जैन की सोने की चेन तोड़ ले गए।

## कर्मयोगी पी.एन.भंडारी नियम में ना बंधने वाले और जमीन से जुड़े अधिकारी रहे हैं : सीएस

- सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी भंडारी की पुस्तक ‘‘मिटमेंट एंड क्रिएटिविटी’’ पर हुई बुक टॉक

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पी.एन.भंडारी कर्मयोगी प्रशासक रहे और मैं हमेशा उनके जैसा बनना चाहती हूं। वे हमारे लिए सच्ची प्रेरणा के स्त्रोत और मेंटर रहे हैं। पी एन भंडारी ने पहली मुलाकात में कहा कि मुझे नियमों से एलर्जी है और काम से लगाव है तथा प्रशासक के तौर पर हमारा एंटीना इतना प्रभावशाली होना चाहिए कि धरातल की समस्याओं को सटीक तरह से समझ सकें। भंडारी का यह कथन मुझे सदैव प्रेरित करता है। शर्मा आज शनिवार को सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पी एन भंडारी द्वारा लिखित पुस्तक ‘‘मिटमेंट एंड क्रिएटिविटी’’ आईएएस अधिकारी के संस्मरण पर आधारित बुक टॉक के मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थी।

यह कार्यक्रम जयपुर स्थित एचसीएम रीपा के साथ आईएएस एसोसिएशन राजस्थान तथा एआईएस पेंशनर एसोसिएशन राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान मेंआयोजित किया गया था। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव व अन्य वरिष्ठ पदों पर कार्यरत रहे सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पी एन भंडारी की पुस्तक पर उनके विचार से रूबरू हुए।

कार्यक्रम में मुख्य सचिव ने पुस्तक के कुछ अंश पढ़े और कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे भंडारी के साथ काम करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि भंडारी ने राजस्थान में अनेक नवाचार किए, जैसे अकाल के दौरान पक्के निर्माण कार्यों पर बल देते हुए सीकर में 4 जार से अधिक कुएं खोदने, बैंकों द्वारा सीधे ही श्रमिकों को भुगतान करने, ऋण मेला आयोजित करने, भूमि अधिग्रहण, जनता दरबार लगाए जाने जैसे अनेक कार्य प्रदेश में प्रथम बार भंडारी द्वारा ही किए गए। देश में लागू इमरजेंसी को भी भंडारी ने अवसर के रूप में लिया और उस दौरान अतिक्रमण हटाने का व्यापक अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि प्रशासक के रूप में लिखी गई उनकी यह पुस्तक, नव प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों को अवश्य पढ़ाई जानी चाहिए। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक भंडारी ने बताया कि उनकी पत्नी कौशल्या भंडारी गत 53 वर्षों से उनके कार्यकाल के दौरान छपे समाचारों को संकलित कर रखती थीं, जो इस पुस्तक के प्रकाशन का आधार बनीं।

बुक टॉक के दौरान अनेक दिलचस्प सवाल पूछे गए जिसके भंडारी ने अपने अनुभव और संस्मरण पर आधारित जवाब दिए। कार्यक्रम में महानिदेशक एचसीएम रीपा सुधांश पंत, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड अजिताभ शर्मा,प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग कुंजी लाल मीणा, शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता डॉ समित शर्मा,पूर्व मुख्य सचिव इंद्रजीत खन्ना और अशोक जैन तथा अनेक भूतपूर्व सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा,पुलिस सेवा एवं वन विभाग के अधिकारी, प्रोफेसर रमेश अरोड़ा सहित अनेक कार्यरत व सेवानिवृत्त अधिकारी मौजूद थे।

## प्रिंसिपल के 20 फीसदी पदों को व्याख्याताओं से भरने पर रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्कूल प्रिंसिपल के खाली चल रहे पदों में से बीस फीसदी पदों को पदोन्नित के जरिए स्कूल व्याख्याताओं से भरने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने शिक्षा सचिव और कार्मिक सचिव सहित माध्यमिक शिक्षा निदेशक से जवाब मांगा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश देवेन्द्र कुमार शर्मा व अन्य की याचिका पर दिए। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार मामले में जवाब पेश करने के बाद इस आदेश को संशोधित कराने के लिए प्रार्थना पत्र पेश कर सकती है।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से स्कूल प्रिंसिपल के खाली चल रहे सौ फीसदी पदों को डीपीसी कर पदोन्नित के जरिए व्याख्याताओं से भरा जा रहा है। जबकि 25 मार्च 2015 के परिपत्र के तहत प्रिंसिपल के खाली पदों में से 67 फीसदी पद ही व्याख्याता से भरने का प्रावधान था, शेष 33 फीसदी पद हेडमास्टर से भरे जाने थे। वहीं राज्य सरकार ने 3 अगस्त 2021 को नए नियम लागू कर अस्सी फीसदी पद स्कूल व्याख्याता और बीस फीसदी पद हेडमास्टर से भरने जाने का प्रावधान किया गया है। याचिका में कहा गया कि शिक्षा विभाग की ओर से वर्ष 2021 से पूर्व के प्रिंसिपल पदों को पदोन्नित के जरिए भरा जा रहा है। ऐसे में विभाग को मार्च 2015 के नियमों के तहत 33 फीसदी पद हैडमास्टर के जरिए भरने थे, लेकिन विभाग इस परिपत्र की अनदेखी कर सभी सौ फीसदी पदों को व्याख्याताओं से भर रही है। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने पदोन्नित के जरिए बीस फीसदी पदों को भरने से रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।





**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मोहम्मद इलियास चौधरी पुत्र स्व. श्री मोहम्मद मुमताज चौधरी निवासी प्लाट नम्बर बी-12/2 फतेह टीबा आदर्श नगर जयपुर को अपनी पत्नि श्रीमती जीनत चौधरी उर्फ श्रीमती जीनत जहाँ चौधरी से दिनांक 01.01.2003 को जुबानी हिबा से प्राप्त सम्पति जिसके सम्बन्धि में कबुलियतनामा दिनांक 04.11.2003 को लिखा है, का एक मात्र मालिक रहा। श्री मोहम्मद इलियास चौधरी ने दिनांक 01.01.2003 को जुबानी हिबा से प्राप्त सम्पति अपने दोनों पुत्रान मोहम्मद ईशत्याक चौधरी, श्री मोहम्मद इस्लाम चौधरी को दिनांक 01.04.2014 को जुबानी बक्शीश कर कब्जा दे दिया एवं जुबानी बक्शीश को दोनों पुत्रों ने दिनांक 01.04.2014 को ही स्वीकार कर ली थी। इसके सम्बन्ध में कबुलियतनामा मय नक्शा दिनांक 10.04.2014 को लिख दिया था। श्री मोहम्मद ईशत्याक चोधरी एवं श्री मोहम्मद इस्लाम चौधरी सम्पति के एक मात्र मालिक है।
जयपुर (फराज हुसैन) एडवोकेट
दिनांक-10.09.2022 मोबाईल नम्बर-9929797865

**खोया पाया**
मेरी दुकान व गोदाम जो कि मकान नं. 1431, बारह गणगौर का रास्ता में है उसके मूल कागजात कहीं खो गए है मिलने पर सूचित करें। जोगेन्द्र सिंह-6376640922

**fincare** Small Finance Bank
Registered Office: 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. www.fincarebank.com

**LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS**

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ( "Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles as per below schedule.

| Loan Account no | Name of the borrower | Auction Venue | Auction Date MM/DD/YYYY |
|---|---|---|---|
| 2166000633351 | MR. MUNAWWAR ALI | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD; GROUND FLOOR, PLOT NO.5, SHAKTI NAGAR, TRIVENI CHOURAHA BYPASS, JAIPUR, RAJASTHAN, 302015 | 9/20/2022 |
| 2166000694195 | GEETA | | |
| 2166000726837 | HIMANSHU PODDAR | | |
| 2166000737226 | NEELAM RAWAT | | |
| 2166000691641 | TILESH RAWLANI | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD; GROUND FLOOR, 386-SHOPPING CENTER, GHODE WALE BABA CROSS ROAD, BESIDE SANCHIT TOWER, GUMANPURA ROAD, KOTA, RAJASTHAN, 324007 | 9/20/2022 |
| 2166000691841 | ANJUM BANO | | |
| 2166000705367 | | | |
| 2166000712163 | MR. AUSHMAN SINGH KUSHWAH | | |
| 2166000722474 | MR. RAJENDRA SINGH | | |
| 2166000739062 | CHETAN JAIN | | |
| 2166000765292 | TARANNUM KHANAM | | |
| 2166000758116 | DINESH JANGID | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD; GROUND FLOOR, CHOPARA HOUSE, 27A/80- ADARSH SOCIETY GATE NUMBER 3, NEAR ITI CIRCLE, JODHPUR, RAJASTHAN, 342001 | 9/20/2022 |
| 2166000490519 | SUNIL CHHABRA | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD; GROUND FLOOR, 16C, MANOHAR HEIGHTS, 1 MADHUBAN BANK STREET, OPPOSITE ICON TOWER, UDAIPUR, RAJASTHAN, 313001 | 9/20/2022 |
| 2166000693627 | SURENDRA SINGH BHATI | | |
| 2166000701794 | MR. RAJENDRA SINGH SHKTAWAT | | |
| 2166000717124 | VIJAY SHARMA | | |
| 2166000751819 | SURENDRA SINGH BHATI | | |
| 2166000346091 | MR. RIDDHISH SINGH GURJAR | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD; GROUND FLOOR, SHOP NO-2 & 3, A-235, GURU JEMBESHWAR NAGAR, GANDHIPATH, QUEENS ROAD, JAIPUR, RAJASTHAN, 302021 | 9/20/2022 |
| 2166000368780 | MR. NATHU LAL SONI | | |
| 2166000534538 | MR. DEVRAJ CHOUDHARY | | |
| 2166000674803 | PREETI CHANDRESH KUMAR MAKASANA | | |
| 2166000705587 | SUNIL | | |
| 2166000728733 | NARENDRA | | |
| 2166000739672 | RAHUL KUMAR MEENA | | |
| 2266000086938 | MR. GYAN CHAND JAIN | | |
| 2166000364897 | PRATAP SINGH JI CHUNDAWAT | FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD; A/23 ,BAPU NAGAR, ROAD NO.13 SETHI, NEAR SBI BANK, CHITTAURGARH, RAJASTHAN, 312001 | 9/20/2022 |

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.




# केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जोधपुर में सिंह गर्जना की, गहलोत पर साधा निशाना

## शाह बोले- राहुल बाबा, भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं, विदेशी जर्सी पहनकर भारत जोड़ने निकले हैं

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान में सवा साल बाद होने वाले चुनाव की तैयारियों को लेकर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को जोधपुर पहुंचे। ओबीसी मोर्चा की कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते उन्होंने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा।

यहां उन्होंने जोधपुर संभाग से आए बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया। शाह बोले कि राहुल बाबा, भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं, विदेशी जर्सी पहनकर भारत जोड़ने निकले हैं। कांग्रेस सिर्फ वोट बैंक की राजनीति कर सकती है। कन्हैया लाल हमारा भाई मारा गया। क्या ये कोई सहन कर लेगा क्या? हिंदू त्योहार पर प्रतिबंध सहन करेंगे? रामनवमी के जुलूस को रोकना, अलवर में 300 साल पुराना मंदिर तोड़ना सहन करोगे क्या ? राजस्थान के कई शहरों में सुनियोजित दंगे गहलोत ने करवाए हैं।

शाह बोले मैं सतीश पूनिया पर नाराज था कि इतनी धूप में कार्यकर्ता सम्मेलन बुलाने की क्या जरूरत थी। शाम को या सुबह बुलाते। सम्मेलन में आए मारवाड़ के सभी कार्यकर्ताओं को प्रणाम करता हूं। जो इतनी भीषण गर्मी में भी डटे हुए हैं। वसुंधरा ने सबसे बड़ा काम 3 लाख तक मुफ्त इलाज का किया। भामाशाह योजना लागू कर हर व्यक्ति को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई। आज कांग्रेस की सरकार ने राजस्थान को विकास की दौड़ में पीछे कर दिया है। अपराधों की राजधानी बन गया है। देश में सिर्फ 2 राज्य में कांग्रेस की सरकार बची है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान।



जोधपुर पहुंचने पर केन्द्रीय गृहमंत्री का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

गहलोत ध्यान से सुनिएगा, आपके गांव में आकर बोल रहा हूं कि 2018 में मनमाने वादे किए थे, अपने वादों का हिसाब दो। भारत सरकार ने पेट्रोल से टैक्स कम किया, भाजपा की राज्य सरकारों ने वैट कम किया, लेकिन गहलोत ने कम नहीं किया, देश में सबसे महंगा पेट्रोल-डीजल राजस्थान में मिलता है। सबसे महंगी बिजली राजस्थान में मिलती है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा के गहलोत से संभलता नहीं है तो पद छोड़ दीजिए। जनता भाजपा को लाने तैयार बैठी है। उन्होंने कहा महंत विजय दास को भरतपुर में आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा, फिर भी खनन माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं की।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 मेडिकल कॉलेज दिए हैं। 2024 में फिर से एक बार सभी लोकसभा सीटें मोदी की झोली में डालना है। सभी लोकसभा सीट जीतने के लिए 2023 में विधानसभा चुनाव जीतना पड़ेगा, नहीं तो सभी सीट नहीं जीत पाएंगे।

वहीं वसुंधरा राजे ने भी सभा को संबोधित किया। वसुंधरा ने जसवंत सिंह जसोल समेत भाजपा के पुराने नेताओं को याद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सबको साथ लेकर चलने का काम किया।

**प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया बोले:-** शाह और मोदी का आभार भूल नहीं सकता। राजस्थान मोदी का एहसान भूल नहीं सकता। राजस्थान का किसान अपने खाते में पैसे पाकर खुश है। इस बैठक में शाह समेत प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह व अर्जुनराम मेघवाल, वसुंधरा राजे समेत कई पदाधिकारी व नेता मौजूद रहे। मैं राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सतीन पूनियां को पार्टी की मजबूती, परिश्रम और कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए बधाई देता हूं। बैठक में वे बोले- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों, कार्यकर्ताओं व प्रदेश नेतृत्व की मेहनत से राजस्थान में 2023 में भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। सभा खत्म होने के बाद वसुंधरा राजे मैदान से निकली तो समर्थकों ने सेल्फी लेने के उनकी गाड़ी रोकी। इस पर राजे ने भी समर्थकों का मन रखा और गाड़ी रोकी। रावण का चबूतरा मैदान के सामने एक होटल पर चाय पीने रुकीं तो समर्थकों ने उनके साथ सेल्फी भी ली।

# मंत्री रमेश मीणा बोले, ट्रस्ट कमाई का जरिया बने

## मदन मोहन जी व कैलादेवी ट्रस्ट पर साधा निशाना

**कैलादेवी, (नि.स.)।** पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा ने कैलादेवी और करौली के मदन मोहन मंदिर जी मंन्दिर ट्रस्ट पर निशाना साधा है। करणपुर में ग्रामीणों की कैलादेवी-करणपुर सड़क निर्माण की मांग पर मंत्री ने कहा कि कैलादेवी मंदिर प्रबंधक सड़क का उद्घाटन कर वाहवाही लूट रही है। जबकि उनका उद्घाटन से कोई सरोकार नहीं है। पंचायत राज मंत्री रमेश मीणा मंन्दिर ट्रस्टों पर निशाना साधते हुए कहा कि कैलादेवी ट्रस्ट लूट और कमाई का जरिया बना हुआ है। ट्रस्ट के माध्यम से कोई विकास कार्य नहीं किए जाते ना ही कैलादेवी आने वाले श्रद्धालुओं को कोई सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। निशुल्क धर्मशाला में भी श्रद्धालुओं से मनमाना किराया वसूला जाता है। मंत्री ने कहा कि ट्रस्ट ने कैला देवी में कई धर्मशाला में अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। इतना ही नहीं बेशकीमती जमीन पर होम्योपैथिक अस्पताल बनाने के नाम पर कब्जा किया और अब उस पर लग्जरी धर्मशाला बनाकर श्रद्धालुओं से मनमाना किराया वसूला जा रहा है।

इसी प्रकार करौली के मदन मोहन जी ट्रस्ट में भी मनमानी की जा रही है। मंत्री ने कहा कि कई मंदिरों में हुए हादसो के बाद भी कोई सबक नहीं लिया जा रहा। मंदिर में प्रवेश और निकासी की अलग-अलग गेट नहीं है। रेलिंग व्यवस्था से श्रद्धालुओं को भारी परेशानी हो रही है। इतना ही नहीं मदन मोहन जी मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक श्रद्धालुओं की सुविधाओं की अवहेलना कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि इस बारे में मुख्यमंत्री से वार्ता कर ट्रस्ट का अधिग्रहण कराने और प्रशासक नियुक्त कराने के प्रयास किए जाएंगे। जिससे आय-व्यय का ब्यौरा धरातल पर सामने आ सके और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

# लम्पी से मरने वाली गायें खुले में पड़ीं, बीमारी फैलने का भय

## गायों को दफनाने के बजाय इधर-उधर फेंका जा रहा है

**पाटन, (निसं)।** लंपी बीमारी से मृत गायों को दफनाने की बजाय खुले में इधर-उधर फेंककर संक्रमण को खुला न्यौता दिया जा रहा है।

पाटन के समीप स्थित गांव लादी का बास में लंपी स्किन डिजीज की भयावहता वाली यह तस्वीर प्रशासन की अकर्मण्यता व संवेदनहीनता का जीता-जागता प्रमाण है। इतना बड़ा संक्रमण फैलने के बावजूद भी पंचायत समिति लादी का बास में उपचार के लिए सिर्फ एक ही डॉक्टर की व्यवस्था की गई है जिसकी वजह से डॉक्टर हर जगह नहीं पहुंच पा रहा है। जिस कारण दिन प्रतिदिन संक्रमित गायों की संख्या बढ़ने लगी है।


संक्रमण से मरने वाली गायों को दफनाने के लिए सरकार द्वारा निकाली गई योजना से जो राशि मिल रही है उसका गलत तरीके से उपयोग किया जा रहा है। मृत पड़ी गायों को दफनाने की बजाय खुले में इधर-उधर फेंककर संक्रमण को खुला न्यौता दिया जा रहा है।



पाटन क्षेत्र में लम्पी बीमारी से मृत गायों को खुले में डाला जा रहा है।

सूत्रों से यह भी पता चला है कि पंचायत समिति के सदस्य झूठी रिपोर्ट बनाकर गायों के नाम पर मुआवजा ले रहे हैं। इसमें गांव के भी कई सदस्य हैं जो कि पंचायत समिति के विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं, वो भी इस घूसखोरी वाले मामले में शामिल है। इन सब से परेशान होकर गांव के युवाओं ने टीम का गठन किया है जिसमें मुख्य रूप से लीलु पहलवान, शंकर कालश, विनोद खटाणा, रामवीर रावत, महेश कालश, रोशनलाल खटाणा, संदीप रावत, बलराम कालश व अन्य व्यक्तियों को शामिल किया गया है। गठित सदस्यों द्वारा गायों की सुरक्षा के लिए सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं।

# मंत्री गुढ़ा के बेटे के जन्मदिन पर जमकर नाचीं विदेशी युवतियां



जन्मदिन की पार्टी के दौरान मंच पर नाचती विदेशी युवतियां व बार बालाएं।

■ जिस मंच पर सीएम ने भाषण दिया, उसी मंच पर कुछ घंटों बाद अश्लीलता का जमकर नाच हुआ

**गुढ़ागौड़जी, (निसं)।** झुंझुनूं जिले के गुढ़ा गांव के जिस मंच पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत प्रदेश के मंत्री भंवर सिंह भाटी और ममता भूपेश ने एक क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के बेटे शिवम गुढ़ा को जन्मदिन की बधाई दी। उसी मंच पर कुछ घंटों बाद विदेशी युवतियां और बार बालाओं ने जमकर अश्लील डांस किया।

अब इस कार्यक्रम के वीडियो वायरल हो रहे हैं। मंत्री के बेटे के जन्मदिन के कार्यक्रम में इस तरह के अश्लील डांस और वो भी उस मंच पर जिस पर कुछ घंटों पहले सूबे के मुख्यमंत्री ने भाषण दिया और अपने मन की बात कही वहां इस तरह के कार्यक्रम की निंदा भी जमकर हो रही है। इन वायरल वीडियो में ना केवल विदेशी और बार बालाएं डांस करते हुए दिख रही हैं बल्कि इन डांस में बेकाबू भीड़ को रोकने में खुद मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा दिखाई दे रहे हैं। वहीं इन बार बालाओं के साथ सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष संजय नेहरा साथ-साथ ठुमके लगाते हुए दिख रहे हैं।

भाजपा ने इस तरह के कार्यक्रम की पूर्व में भी निंदा की थी कि मंत्री के शाहबजादे के जन्मदिन पर मुख्यमंत्री का आना, वो भी उस समय, जब प्रदेश में लंपी से किसान परेशान हैं। अब वीडियो वायरल होने के बाद बीजेपी को एक और नया मुद्दा बैठे बिठाए मिल गया है। आपको बता दें कि अश्लील डांस से पहले हुए सीएम के कार्यक्रम में ना केवल मुख्यमंत्री गहलोत, बल्कि ऊर्जा मंत्री भंवरसिंह भाटी तथा महिला-बाल विकास मंत्री ममता भूपेश के अलावा सीएम सलाहकार खेतड़ी विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह, आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़, किसान आयोग के अध्यक्ष विधायक महादेव खंडेला, भिवाड़ी विकास बोर्ड के अध्यक्ष विधायक संदीप यादव, राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष विधायक वाजिब अली, विधायक गिरीराज मलिंगा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया था।

**जिले के नेताओं का बॉयकॉट:-** इस कार्यक्रम को लेकर चर्चा यह भी है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आने के बावजूद भी जिले के नेताओं ने इस कार्यक्रम में ना पहुंचकर अपनी अप्रत्यक्ष रूप से नाराजगी जाहिर की है। क्योंकि सिर्फ खेतड़ी विधायक सीएम सलाहकार डॉ. जितेंद्र सिंह को छोड़ दें तो जिले के नवलगढ़ से विधायक सीएम के सलाहकार डॉ. राजकुमार शर्मा, परिवहन मंत्री व झुंझुनूं विधायक बृजेंद्र ओला, मंडावा विधायक एवं पीसीसी महासचिव रीटा चौधरी, पिलानी विधायक जेपी चंदेलिया तथा सूरजगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक श्रवणकुमार व उदयपुरवाटी से कांग्रेस प्रत्याशी रहे भगवानाराम सैनी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे थे।

# देवी-देवताओं का मजाक उड़ा फंसे आरएएस केसरलाल

■ ब्राह्मणों की नाराजगी के बाद केसरलाल मीणा ने विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी के घर पहुंचकर माफी मांगी

**जयपुर/जोधपुर, (कासं)।** सोशल मीडिया पर हिन्दू देवी-देवताओं का मजाक उडाकर आरएएस अधिकारी केसरलाल मीणा फंस गए हैं। विप्र सेना, सर्व ब्राह्मण महासभा और गौड़ ब्राह्मण महासभा समेत कई ब्राह्मण संगठन उनके विरोध में उतर आए है। विप्र सेना ने वीडियो जारी कर चेतावनी देते हुए 7 दिनों के भीतर माफीनामा डालने और राज्य सरकार द्वारा बर्खास्त करने की मांग की थी। हालांकि इस विरोध के बाद आरएएस केसरलाल ने शनिवार शाम को विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी के घर पहुंचकर माफी मांगी और इसे अनजाने में हुई गलती बताया। उन्होंने माफी मांगते हुए वीडियो संदेश भी जारी किया।

इस अवसर पर विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी ने कहा केसर लाल मीणा ने अनजाने में हुई इस भूल के लिए सभी हिन्दू समाज समेत जिस किसी की भी भावनाएं इससे आहत हुई है, उन सभी से माफी मांगी है। विप्र सेना हिन्दू देवी-देवताओं और ब्राह्मण समाज का अपमान किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेगी।

उधर सर्व ब्राह्मण महासभा के जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत ने बयान जारी कर मांग उठाई कि आरएएस एसोसिएशन ग्रुप में हिंदू देवी-देवताओं और ब्राह्मणों के विरुद्ध अनर्गल अपमानजनक टिप्पणी करने वाले आरएएस केसर लाल मीणा के खिलाफ राज्य सरकार कठोर कार्यवाही करे। सारस्वत ने बताया कि एक आरएएस अधिकारी केसर लाल मीणा ने आरएएस ऑफिसियल व्हाट्सएप्प ग्रुप में एक विवादित मैसेज भेजा था। इस मैसेज में भगवान हनुमान जी को बंदर लिखा, कुछ अन्य देव देवताओं को रेपिस्ट बताया गया है। भगवान कृष्ण, विष्णु व सीताजी सहित कई आराध्या को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। इसके अलावा हर लाईन में ब्राह्मण समाज पर अशोभनीय व अपमानजनक कटाक्ष किये गये है, इससे मेरी निजी धार्मिक व सामाजिक भावना आहत हुई है।

सारस्वत ने बताया कि केसर लाल मीणा के द्वारा की गई विवादित व अभद्र टिप्पणियों से हिन्दू समाज का सौहार्द खराब होता है। साथ ही संवैधानिक पद पर बैठे अधिकारी द्वारा देवी-देवता और ब्राह्मणों के प्रति ऐसी हरकत करना सरासर गलत है। केसर लाल मीणा के खिलाफ राज्य सरकार को तुरंत प्रभाव से कार्यवाही करनी चाहिए। ब्राह्मण समाज में जबरदस्त आक्रोश है। इसी तरह गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेशाध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आरएएस केसरलाल को निलंबित और गिरफ्तार करने की मांग उठाई है।

# व्याख्याता का तबादला रद्द करने की मांग, स्कूल गेट पर ताला लगाया

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा की ग्राम पंचायत सोठाना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के एक व्याख्याता के तबादले को रद्द करने की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं ने स्कूल के तालाबंदी कर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सोठाना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत व्यायाता अशोक शर्मा का तबादला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बटेरी बांसुर में कर दिया गया। शनिवार को जैसे ही विद्यार्थियों को व्याखख्याता अशोक शर्मा के तबादले की जानकारी मिली। छात्र छात्राओं ने स्कूल गेट के तालेबंदी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानकारी मिलते ही विद्यार्थियों के समर्थन में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व अभिभावक मौके पर पहुंचे। वही ग्रामीणों व विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय की तालाबंदी व विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही विधा यक इंद्राज गुर्जर मौके पर पहुंचे।



मौके पर पहुंचकर विधायक इन्द्रराज गुर्जर ने समझाइश की।

■ विधायक इंद्राज गुर्जर ने एक घंटे में तबादला रद्द करवाया

उन्होंने विद्यार्थियों व ग्रामीणों की बात को सुना। इस दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की गई। वहीं आश्वासन देते हुए व्याख्याता के स्थानांतरण को एक घंटे में ही रद्द करवा सोठाना स्कूल में ही नियुक्ति करवाई। जिसके बाद स्कूल गेट पर लगा ताला खोलकर विद्यार्थियों को कक्षा कक्ष में बिठाया गया। व्याख्याता अशोक शर्मा के तबादले को रद्द करवाने पर छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों ने विधायक इंद्राज गुर्जर का आभार व्यक्त किया।

# लोकायुक्त ने टीएडी टेण्डर मामले में दर्ज किया परिवाद

■ तत्कालीन टीएडी आयुक्त, संभागीय आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त सहित 7 लोगों के खिलाफ जांच शुरू

■ फर्नीचर टेंडर में गड़बड़ी का मामला हुआ था उजागर, लोकायुक्त ने मांगा था जवाब

**उदयपुर, (कासं.)।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग में टेंडर में गड़बड़ी का मामला उजागर होने के बाद अब लोकायुक्त सचिवालय में जनजाति आयुक्त राजेंद्र भट्ट, तत्कालीन आयुक्त जितेंद्र कुमार उपाध्याय सहित 2 आईएएस, 1 आरएएस सहित 7 लोगों के खिलाफ जांच भी शुरु हो गई है। दरअसल, विभाग द्वारा मार्च 2021 मे खरीदे गये फर्नीचर के मामले में गड़बड़ी को लेकर गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता युनुस चौपदार ने लोकायुक्त सचिवालय मे इन सभी के विरूद्ध शिकायत नामजद परिवाद पेश किया था। जिस पर लोकायुक्त ने त्वरित कार्यवाही खरते हुए शुक्रवार को फाइल नंबर 35(72)/ एलएएस/ 2022 में परिवाद दर्ज किया है।

टीएडी में अतिरिक्त आयुक्त वृद्धिचंद गर्ग, स्वच्छ परियोजना में परियोजना प्रबंधक राजेश जैन, तत्कालीन उप-निदेशक (शिक्षा) राधेश्याम गर्ग, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता हरीश कुमावत और वित्तीय सलाहाकार आलोक सैनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जिसके बाद अब मुश्किलें बढ़ सकती है। इससे पहले शिकायतकर्ता युनुस चौपदार ने विभाग द्वारा संचालित स्वच्छ परियोजना द्वारा 2 मार्च 2021 को जारी टेंडर में अधिकारियों द्वारा मिलीभगत कर करोड़ों रूपए का भ्रष्टाचार करने के मामले में कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव समेत विभाग के आलाधिकारियों को शिकायत दी थी।

**26 जुलाई को प्रमुख शासन सचिव से की थी रिपोर्ट तलब, विभाग से मांगा था स्पष्टीकरण :-** जनजाति क्षेत्रीय विभाग में चहेती फर्मों के लिए टेंडर प्रक्रिया, मनचाही शर्तों और प्रक्रिया में धांधली का मामला उजागर होने के बाद लोकायुक्त ने मामले में रिपोर्ट तलब की थी। जयपुर स्थित टीएडी के प्रमुख शासन सचिव से रिपोर्ट तलब करते हुए 20 जुलाई को लिखे गए पत्र के बाद एक महीने की अवधि के भीतर ही टीएडी को जवाब देने के निर्देश दिए थे। टीएडी के तहत संचालित होने वाले छात्रावासों के लिए मार्च-2021 मे खरीदे गए फर्नीचर में घोटाले का मामला उजागर होने के बाद लोकायुक्त ने संज्ञान लेकर लोकायुक्त ने यह रिपोर्ट तलब की थी। विभाग को यह भी निर्देश दिए थे कि परिवाद में वर्णित/आरोपित लोक सेवक की ओर से मामले की जांच न की जाए। बल्कि उससे वरिष्ठ किसी अधिकारी को इस पूरे मामले में जांच सौंपनी होगी।

# सड़क हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत

**गुड़ामालानी, (निसं)।** गुड़मालानी के निकट जसोल दर्शन कर लोट रहे श्रद्धालुओं कार की ट्रक से भीषण भिड़ेत में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई। एक बच्चा गंभीर घायल हो गया। परिवार गुजरात से जसोल में दर्शन करने आया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ड्राइवर ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया है।

जानकारी के अनुसार भावेश भाई ने रिपोर्ट देकर बताया कि राजेश पुत्र कैलाश माहेश्वरी निवासी धानेरा (बनासकांठा), महिला द्रोपदी बहन

■ दर्शन कर जसोल से लौट रहा था गुजरात का परिवार

पत्नी हाथी भाई, धानेरा, मनीषा पुत्री डूंगरमल निवासी, धानेरा, कमलादेवी पत्नी चंदीराम निवासी भीलडी एवं मोन्टू भाई सभी गुजरात जो जसोल माता जी के दर्शन कर वापस धानेरा आ रहे थे। इस दौरान भाटाला गांव मेगा हाइवे पर सामने आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इससे दो महिलाएं द्रोपदी बहन, मनीषा बहिन और राजेश कि मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कमला देवी और मोन्टू गंभीर घायल हुए। उनको सांचौर रेफर किया गया। इलाज के दौरान कमला देवी की मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कर शवों परिजनों को सौंपा।

# ड्रोन कैमरों से धौलपुर पुलिस कर रही शहर की निगरानी

## अब धौलपुर में बच नहीं पाएंगे अपराधी, आसमान से निगरानी

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर में अब गैर कानूनी गतिविधियां बिल्कुल भी नहीं चल पाएगी। अवैध चंबल रेता हो या फिर दुपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट के चलने वाले लोग या फिर दुपहिया वाहनों पर 3 सवारी और अन्य गैर कानूनी गतिविधियां, इन सब को लेकर धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह अब बेहद सख्त हो गए हैं। एसपी सिंह अपना पूरा आइआइटी इंजीनियरिंग वाला दिमाग व आइडिया गैर कानूनी गतिविधियों को रोकने में लगा रहे हैं।

ऐसे में अब एसपी की नजरों से धौलपुर में अपराधी बच नहीं पाएंगे, क्योंकि अब एसपी की नजरें आसमान से धौलपुर शहर की निगरानी कर रही है। उन्होंने अब धौलपुर में नियमित ड्रोन गश्त शुरू कर दिया है। तीन दिन पूर्व भी एसपी ने ड्रोन से निगरानी करते हुए कोतवाली थाना क्षेत्र धौलपुर में एक घर की चारदीवारी में हो रहे अवैध चंबल रेता के स्टाक को पकड़ा था।

शनिवार को एसपी ने फिर से धौलपुर शहर में ड्रोन से निगरानी की। इस दौरान उन्हें जो भी दुपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट और तीन सवारी बैठाए हुए दिखा उनके खिलाफ पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए और उनके चालान कटवाए। वहीं पशुओं की अवैध तस्करी रोकने के लिए ड्रोन की सहायता से उन्होंने आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी निगरानी की। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि धौलपुर शहर में अब नियमित ड्रोन गश्त शुरू किया गया है। इसकी सहायता से अपराधियों को पकड़ा जाएगा और अवैध चंबल रेता के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दुपहिया वाहनों पर तीन सवारी और बिना हेलमेट चलने वालों के खिलाफ भी ड्रोन के माध्यम से कार्रवाई करवाई जाएगी।



धौलपुर जिले में ड्रॉन कैमरे की मदद से लिया गया फोटो।

■ तीन दिन पूर्व ही ड्रॉन की मदद से अवैध चम्बल रेता का स्टॉक पकड़ा गया था

धौलपुर शहर में सदर थाने के सामने हाईवे पर गुरुवार को पेपर देने जा रहे तीन बाइक सवार युवकों की ट्रक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना ने एसपी धर्मेंद्र सिंह को अंदर तक झकझोर दिया है। एक साथ तीन युवकों की मौत से उनका हृदय द्रवित हो गया है और इसे लेकर उन्होंने धौलपुर जिले में दुपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट लफ्जों में कहा कि जिले भर में कहीं भी दुपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठी हुई दिखाई नहीं देनी चाहिए। शनिवार को भी ड्रोन गश्त के दौरान उन्होंने दुपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने के मामले में सख्त रुख अपनाया।

# 466 बदमाशों के ठिकानों पर जयपुर पुलिस की दबिश, 157 गिरफ्तार

## 2 हजार पुलिसकर्मियों ने अलसुबह चलाया 'गैंगस्टर क्लीन बोल्ड' अभियान

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में कमिश्नरेट पुलिस ने अलसुबह 466 अपराधियों के ठिकानों पर दबिश मारी। करीब 2 हजार पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी की तो 168 बदमाशों को मौके पर ही दबोच लिया गया। जिनमें पूछताछ के बाद 157 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं सर्च में मिले 21 संदिग्ध वाहन को जब्त किये गए है।

गौरतलब है पूर्व में भी इस तरह की कार्रवाई की

■ **तलाशी के दौरान 21 संदिग्ध वाहन भी पुलिस ने जब्त किये**

गई थी, जिसके बाद कमिश्नरेट में आपरधिक वारदातों में कमी आई थी।

एडिशनल कमिश्नर (प्रथम) अजयपाल लाम्बा ने बताया कि शहर में बढ़ती दहशतगर्दी और अपराधिक वारदातों के चलते पुलिस रेड डाली गई। ऑपरेशन गैंगस्टर क्लीन बोल्ड को शनिवार सुबह 5 बजे से 9 बजे के बीच अंजाम दिया गया, जिसमें 466 जगहों पर दबिश देकर 168 बदमाशों को पकड़ा गया, जिनमें से 157 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 21 संदिग्ध वाहन जब्त किए गए हैं। पूर्व जिले में कार्यवाही के दौरान मौजूद कुल 55 अपराधी गिरफ्तार कर 1 वाहन बरामद किया गया, जबकि पश्चिम जिले में 42 अपराधी गिरफ्तार कर 7 वाहन बरामद किए गए। वहीं उत्तर जिले में कार्यवाही के दौरान 34 अपराधी गिरफ्तार कर 5 वाहन बरामद किए गए। इधर दक्षिण जिले में 37 अपराधी गिरफ्तार कर 8 वाहन बरामद हुए हैं।



**जयपुर पुलिस ने शनिवार अलसुबह 'गैंगस्टर क्लीन बोल्ड' अभियान चलाकर शातिर बदमाशों को दबोचा।**

# घर से बाहर से युवक का अपहरण किया

**जयपुर** (कासं)। जगतपुरा इलाके में घर के बाहर से एक युवक को किडनैप करने का मामला सामने आया है। युवक से मारपीट कर और गला दबाकर बदमाश उसे जबरन कार में डालकर ले गए। चिल्लाने की आवाज सुनकर और लोगों को पीछा करते देखकर चलती कार से उसे फेंककर फरार हो गए। घायल युवक को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने नामजद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि सदर टोंक निवासी शैलेन्द्र शर्मा (24) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह गैटोर रोड पर मदर टेरेसा नगर में किराए से रहता है। रात करीब 10:15 बजे उससे मिलने परिचित दीपक और प्रियंका घर आए। बातचीत के बाद वह उसे अपने साथ घर के बाहर ले आए। घर के बाहर कार में रवि मीणा, मटरु, मानस शर्मा सहित दो लड़के बैठे थे। पांचों ने उसे पकड़ लिया और घसीटकर जबरन कार में बैठाने लगे।

■ **लोगों को पीछा करते देखकर बदमाशों ने युवक ने जवाहर सर्किल पर चलती कार से नीचे फैंका**

बचने की कोशिश करने पर मारपीट कर गला दबाकर कार में डाल लिया। चलती कार में भी उसके साथ मारपीट की। कार से चिल्लाने की आवाज सुनकर कई लोगों ने अपनी गाड़ियां पीछे लगा दी। जिन्हें देखकर किडनैपर्स ने नन्दपुरी बाइपास के पास चलती कार से उसे धक्का देकर फेंक दिया। मारपीट और चलती कार से फेंकने से वह घायल हो गया। घायल होने पर उसे तुरंत हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। पीड़ित ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि जान से मारने की नीयत से उसका किडनैप किया गया है।

# लूट और छीनाझपटी करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। संजय सर्किल थाना पुलिस ने नशे में छीनाझपटी-लूट की वारदात करने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित महिलाओं के कब्जे से छीना गया मोबाइल सहित नकदी बरामद की है।

थानाधिकारी सफीक खान ने बताया आरोपित महिला कविता मधुकर गरुड (41) निवासी उज्जवल गार्डन, बड़ गांव सेरी, पुणे और निशा अंसारी (32) निवासी जिला बरेली, यूपी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों महिलाएं जयपुर के चांदपोल क्षेत्र में कमरा किराए से लेकर रहती है। आरोपित महिलाएं गांजे सहित अन्य सूखा नशा करती है, जिसके नशे में ई-रिक्शा चालक, राहगीरों से छीनाझपटी, लूट और चोरी की वारदातें करती है।

आरोपित महिलाएं पूर्व में भी कई थानों में बंद हो चुकी है। दरअसल, पहाडग़ंज, गलता गेट निवासी मोहम्मद आदिल (20)

■ **ई-रिक्शा चालक और राहगीरों के साथ वारदातें करती हैं आरोपी**

ई-रिक्शा चलाता है। घटनाक्रम के मुताबिक 9 सितंबर की सुबह करीब 6 बजे एक महिला चांदपोल से जलमहल जाने के लिए ई-रिक्शा में सवार हुई थी। थोड़ा आगे ही उसने अपनी साथी महिला को भी रिक्शे में बिठा लिया। जलमहल घूम कर आने के बाद आदिल ने चांदपोल में महिलाओं से किराए के 160 रूपए मांगे तो देने से मना कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिस की समझाइश से महिलाओं ने आगे चलकर किराया देने की बात कही और बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पास पीड़ित से मारपीट कर 1500 की नकदी और मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने छीना गया माल बरामद कर दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।

# परिचित ने किया महिला से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। करणी विहार इलाके में एक महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 35 वर्षीया महिला ने रिपोर्ट दी है कि करीब 3 माह पहले गंगासागर कॉलोनी स्थित कान सिंह के मकान में किराए से कमरा लिया था। वह कभी-कभार तबियत खराब होने पर कान सिंह का खाना बना दिया करती थी।

आरोपी कान सिंह द्वारा शराब के नशे में गाली गलौच करने से महिला ने एक माह बाद उसका कमरा खाली कर दिया। आरोप है कान सिंह ने तीन चार दिन पहले खाना बनाने के बहाने अपने घर बुलाया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं उसका एटीएम भी चुरा लिया, जिससे खरीदारी कर ली। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। वहीं हरमाड़ा थाने में 21 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि 8 सितंबर की रात करीब 10 बजे राजवास में मिरिकल गार्डन के पास से घर जा रही थी। इस दौरान रास्ते में बाइक सवार सुरेश जाट मिला, जिसने उसके साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। वह चिल्लाई तो सुरेश जाट फरार हो गया।

# बाइक सवार बदमाशों ने कारों के शीशे फोड़े

## नाहरगढ़ क्षेत्र के उनियारों के रास्ते में शुक्रवार देर रात हुई वारदात



**जयपुर** । नाहरगढ़ इलाके में शुक्रवार देर रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने आतंक मचाया। घरों के बाहर खड़ी दर्जनभर कारों में तोड़फोड़ की। आवाज सुनकर लोग बाहर आए तो बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि घटना रात करीब 2:20 बजे उनियारों के रास्ते की है, जहां बाइक सवार तीन बदमाश घरों के बाहर खड़ी एक दर्जन से अधिक कारों के शीशे तोड़ गए। फुटेज में चांदपोल बाजार के रास्ते की ओर से बाइक सवार तीन बदमाश अंदर घुसते दिखाई दे रहे हैं, जिनमें दो बदमाश उनियारों के रास्ते में उतर गए। दोनों बदमाशों के हाथ में डंडे और सरिए लगे थे। घरों के बाहर खड़ी कारों पर डंडे-सरिए से वार कर तोड़फोड़ शुरू कर दी। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

# मातृ शक्ति ने दी श्रद्धांजंलि

**जयपुर** (कासं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार की सह संस्थापक भगवती देवी शर्मा की पुण्यतिथि पर शनिवार को ब्रह्मपुरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में विविध आयोजन हुए। मानसरोवर, दुर्गापुरा, गोपालपुरा बाइपास, गांधीनगर, वैशालीनगर, झोटवाड़ा, कालवाड़ रोड, सोडाला सहित विभिन्न क्षेत्रों की महिला मंडल की महिलाओं ने नारी सशक्तिकरण वर्ष के अंतर्गत वंदनीया माताजी को श्रद्धांजंलि अर्पित की।

गायत्री कचोलिया, वर्षा गुप्ता, गायत्री तोमर सहित अन्य महिलाओं ने चलेंगे हम जगत जननी तुम्हारे ही इशारों पर...., जगदंबे सविनय प्रणाम...जैसे प्रज्ञागीतों की भावभरी प्रस्तुति देकर माहौल को सरस बना दिया। इससे पूर्व प्रज्ञा नाटिका के माध्यम से वंदनीया माताजी के जीवन पर प्रकाश डाला गया।

इससे पूर्व शांतिकुंज प्रतिनिधि आर डी गुप्ता, गायत्री परिवार जयपुर जोन के प्रभारी सुशील कुमार शर्मा, गायत्री शक्तिपीठ के सह व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा ने वंदनीया माताजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# भारत के प्रत्येक राज्य में कला का प्रतिनिधित्व करेगा डेल्फिक : प्रसन्ना

**जयपुर** (कासं)। ऑनलाइन डेल्फिक डायलॉग्स के आज आयोजित 33वें सत्र में "डेल्फिक मूवमेंट: हिस्ट्री एंड द वे फ़ॉरवर्ड विषयक सत्र में इंटरनेशनल डेल्फ़िक काउंसिल के महासचिव रमेश प्रसन्ना, इंडियन डेल्फ़िक काउंसिल के अध्यक्ष एनएन पांडे और डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ राजस्थान की अध्यक्ष श्रेया गुहा मध्य चर्चा की गई।

श्रीनगर से ऑनलाइन जुड़े इंटरनेशनल डेल्फिक काउंसिल के महासचिव रमेश प्रसन्ना ने कहा की ग्रीस से शुरू हुए डेल्फिक खेलों का इतिहास 2600 साल पुराना है। कला और संस्कृति का गमन हमारी सभ्यता का अभिन्न अवयव है और यह एक पीढी से दूसरी पीढी में नैसर्गिक रूप से स्थानांतरित होता रहता है। कला से जुडे अवयवों को एक साथ प्लेटफ़ोर्म लाने की पहल ही डेल्फिक गेम्स है। अभी तक हुए 7 में से 3 डेल्फिक गेम्स में भारत ने हिस्सा लिया है। वर्तमान में विश्व में 72 देश और भारत में डेल्फिक से 27 राज्य डेल्फिक से जुडे हुए है और जल्द ही भारत के प्रत्येक राज्य में डेल्फिक कला का प्रतिनिधित्व करेगा।

डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान(डीसीआर) की अध्यक्ष आईएएस श्रेया गुहा ने जानकारी देते हुए कहा की आमजन को डेल्फिक काउंसिल के उद्भव और डेल्फिक

■ **डीसीआर की यह डॉक्यूमेंट्री फिल्म हिंदी भाषी राज्यों में डेल्फिक काउंसिल प्लेटफ़ोर्म के बारे में बेहतर समझ विकसित करेगी : एनएन पांडे**

काउंसिल ऑफ राजस्थान की वर्तमान गतिविधियों को बेहतर तरीक़े से अभिव्यक्त करने हेतु एक 3 मिनिट की डॉक्यूमेंट्री फिल्म को हिंदी भाषा तैयार किया गया है। इसका निर्माण संस्था के ही सदस्य राहुल सूद द्वारा किया गया है। आज के ऑनलाइन सत्र के आरंभ में ही सभी सम्मानित सदस्यों के मध्य इंडियन डेल्फ़िक काउंसिल के अध्यक्ष एनएन पांडे द्वारा इसका वैश्विक प्रीमियर लोकार्पित किया गया। इस अवसर पर पांडे ने डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान को इस फ़िल्म को हिंदी में बनाने पर आभार व्यक्त करते हुआ कहा की। इस फ़िल्म के माध्यम से न केवल राजस्थान वरन समस्त हिंदी भाषी राज्यों में डेल्फिक काउंसिल प्लेटफोर्म के बारे में बेहतर समझ विकसित होगी। डेल्फिक को करीब से जानने का अवसर प्रदान करेगी। इसके साथ ही अन्य राज्य इकाइयां भी राजस्थान से प्रेरणा लेकर नए रचनात्मक माध्यमों का सृजन करेगा।

# जुआ खेलते तीन लोग गिरफ्तार

**जयपुर** । ज्योति नगर थाना पुलिस ने शनिवार को लूडो गेम पर जुआ खेलते तीन जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सरोज धायल ने बताया मुखबिर की सूचना पर लालकोठी सब्जी मंडी में कार्रवाई की गई, जहां मोबाइल में लूडो गेम पर जुआ खेलते हुए आरोपित नयुम कुरैशी (30) निवासी मेहनत नगर कच्ची बस्ती, केलमुस्तफा कुरैशी (38) निवासी अभयपुरा मुहाना हाल आदर्शनगर और आरिफ कुरैशी (30) निवासी ईदगाह गलतागेट को गिरफ्तार कर कब्जे से एक मोबाइल सहित 44200 रूपए जब्त किए गए हैं। वहीं संजय सर्किल थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सफीक खान ने बताया गिरफ्तार आरोपित आलोक योगी गांव नायला राजपूतों का मोहल्ला, कानोता हाल ब्यास कॉलोनी, शास्त्रीनगर का रहने वाला है। आरोपित के कब्जे से टाटा सवारी मैजिक बरामद किया है।

# दसवीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी

**जयपुर** (कासं)। करधनी थाना क्षेत्र में दसवीं कक्षा की एक छात्रा ने अपने घर पर चुन्नी का फंदा बनाकर पंखे से लटक कर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। वहीं, घटनास्थल पर एफएसएल टीम ने साक्ष्य उठाए है।

मृतका के परिवार का आरोप है कि स्कूल में उसे टॉर्चर किया जा रहा था और वह काफी दिनों से परेशान थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थानाधिकारी बनवारी मीणा ने बताया कि गोविन्दपुरा के प्रिंस रेजीडेंसी हायर सैकेंडरी स्कूल की स्टूडेंट लव्या शर्मा उर्फ लड्डू (15) ने बुधवार शाम को सुसाइड कर लिया था। बुधवार दोपहर को लव्या स्कूल से घर लौटी थी। शाम करीब 5:30 बजे भाई विश्वास जिम चला गया। इस दौरान करीब 7 बजे कमरे में लव्या ने पलंग पर कुर्सी रख पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है। बताया जा रहा है कि छात्रा लव्या ने मौत को गले लगाने से पहले स्कूल में ही सुसाइड नोट भी लिखा और सहेली को पढ़ाया था। हालांकि, फ्रेंड के समझाने पर उसने उसे फाड़ दिया, लेकिन घर आकर फंदे पर झूल गई। परिवार का आरोप है कि स्कूल में उसे टॉर्चर किया जा रहा था और वह काफी दिनों से परेशान थी। परिवार की मांग है कि स्कूल के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस है। इसके लिए उन्होंने शुक्रवार शाम एडिश्नल कमिश्नर अजयपाल लांबा से मुलाकात की।

# फोन की शिकायतों पर भी कार्रवाई करेगी एसीबी

**जयपुर** (कासं)। भ्रष्टाचार में लिप्त सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अब खैर नहीं होगी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अब ऐसे कार्मिकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करेगा। एसीबी के महानिदेशक बीएल सोनी ने समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आमजन की ओर से फोन पर दी जा रही शिकायतों को प्राथमिकता से लिया जाए और प्रत्येक भ्रष्ट लोक सेवक के खिलाफ प्रभावी कारवाई करना सुनिश्चित हो। साथ ही उन्होंने भ्रष्ट लोकसेवक की पहचान कर उस पर प्रभावी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। बैठक में वर्ष 2022 की शुरुआत में तय की गई प्राथमिकताओं के आधार पर लगातार रिव्यू करने और लक्ष्य के अनुसार काम करने के निर्देश दिए गए।

महानिदेशक ने कहा कि एसीबी की सभी टीम ने पिछले कुछ समय से लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। ऐसे में अब जरूरत है कि आने वाले दिनों में और भी अच्छा प्रदर्शन किया जाए। बैठक में निर्देश दिए कि सभी टीम पेंडिंग केसेज का तत्काल प्रभाव से निस्तारण करें। साथ ही आमजन को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न अभियान जैसे एसीबी आपके द्वार, सजग ठाम, जन जागरूकता, रिवॉल्विंग फंड आदि के बारे में जागरूक किया जाए।

महानिदेशक सोनी ने सभी यूनिट्स के अधिकारियों को सजग ठाम योजना के बारे में ज्यादा रुचि लेकर ग्राम वासियों की जायज समस्या का सकारात्मक हल निकालने के निर्देश दिए। जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उचित लाभार्थियों को समय पर मिल सकें। अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एमएम ने निर्देश दिए कि जब कोई परिवादी एसीबी के पास पहुंचे तो उसकी समस्या को समझकर बिना समय गवाएं तुरंत टीम एक्शन में आए। उन्होंने कहा कि वर्ष के पहले 6 महीनों में एसीबी राजस्थान टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया हैं। अब हमें अपने ही प्रदर्शन से और बेहतर करके दिखाना हैं। इस अवसर पर सभी यूनिट्स को उप महानिरीक्षक प्रथम सवाई सिंह गोदारा, उप महानिरीक्षक द्वितीय विष्णु कांत, उप महानिरीक्षक तृतीय कालूराम रावत, पुलिस अधीक्षक योगेश दाधीच और अन्य अधिकारियों ने आवश्यक निर्देश दिए। वीसी के माध्यम से सभी उपस्थित यूनिट्स अधिकारियों की ओर से अपने यूनिट के कार्यों की वस्तुस्थिति पेश की।

# उपभोक्ता को त्वरित न्याय के लिए लगेगी महालोक अदालत

**जयपुर** । भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के संयुक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा है कि भारत सरकार उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए उपभोक्ता महालोक अदालत लगाएगी और ई-फाईलिंग और मीडिएशन के जरिए उपभोक्ताओं को अधिक प्रभावी ढंग से न्याय सुलभ कराया जाएगा। शनिवार को जयपुर में देश के उपभोक्ता संगठनों के चौथे राष्ट्रीय महासम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने यह बात कही। महासम्मेलन का उद्घाटन उपभोक्ता संगठनों के राष्ट्रीय परिसंघ कंज्यूमर्स कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडिया सी सीआई की ओरसे इंदिरा गांधी पंचायती राजसंस्थान सभागार में हुआ। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सीसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनन्त शर्मा ने उपभोक्ता कानूनों को अधिक कडाई से लागू किए जाने की जरुरत बताई। खाद्य सुरक्षा आयुक्त सुनील सिंह ने राज्य में मिलावट रोकने के लिए सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस सम्मेलन में देशभर के कई राज्यों से उपभोक्ता संगठनों के 400 से ज्यादा प्रतिनिधि एकत्रित हुए थे।

# देर रात पैट्रोल पंप पर पत्रकारों से मारपीट

**जयपुर** । राजधानी के अशोक नगर इलाक में सहकार मार्ग पर स्थित पैट्रोल पंप पर शनिवार देर रात ऑटो में सवार होकर आए तीन लोगों को दो पत्रकारों से मारपीट कर घायल कर दिया। इनमें से एक की हालत गंभीर होने पर एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि पत्रकार भंवर पुष्पेन्द्र, दिनेश चंद शर्मा और चालक रोशन देर रात कार से लम्पी बीमारी के संबंध में कवरेज करने बीकानेर जाने के लिए निकले थे। रास्ते में सहकार मार्ग स्थित पैट्रोल पंप पर कार में पैट्रोल भरवाने के लिए रुके। पैट्रोल भरवाने के बाद सैल्स मैन को भुगतान करने के दौरान एक ऑटो में सवार होकर तीन लोग गए और जल्दबाजी करने लगे। तीन लोग भुगतान कर रहे पत्रकार भंवर पुष्पेन्द्र से गाली गलौच करने लगे। इस दौरान उन्होंने मारपीट शुरू कर उन्हें नीचे गिरा दिया। इस बीच उनके पैर में

■ **पुलिस ने जारी किये आरोपियों के फोटो, तलाश में जुटी टीमें**

गंभीर चोट लग गई। वहीं दिनेश भी बीच बचाव में घायल हो गया। तीन आरोपी मारपीट के बाद मौके से फरार हो गए। बाद मे घायल पत्रकारों को एसएमएस के ट्रोमा सेंटर में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां जांच में भंवर पुष्पेन्द्र के पैर में फैक्चर निकला। उधर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों से मिले फुटेज के आधार पर तीनों बदमाशों के फोटो जारी किए हैं। उधर बदमाशों द्वारा पत्रकारों से मारपीट करने की घटना को लेकर पत्रकार संघों में आक्रोश व्याप्त है। पिंकसिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

# छात्र-छात्राओं को बांटे लंच बॉक्स

**जयपुर**। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जगदंबा कॉलोनी में शनिवार को नो बैग डे पर करीब दौ सो बच्चों को उच्च गुणवत्ता के लंच बॉक्स भेंट किए गए। लंच बॉक्स साफ करने तथा हाथों की सफाई के लिए लिक्विड शॉप और फिनाइल भी भेंट की। मुख्य अतिथि वास्तु परामर्श एवं अनुसंधान केन्द्र के निदेशक तथा प्रख्यात वास्तुशास्त्री एस के मेहता ने भामाशाह संजय कुमार अठावाल के साथ विद्यार्थियों को लंच बॉक्स दिए। वास्तुशास्त्री एस के मेहता ने कहा कि अपनी मेहनत की कमाई का एक हिस्सा जरुरतमंद लोगों की मदद में अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए। यह सेवा भी है और हमारा कर्तव्य भी। हम समाज का अंग है इसलिए हमारा दायित्व बनता है कि हमें जरुरतमंद की बिना मांगे मदद करें। इसलिए वे वास्तुशास्त्र के ज्ञान के प्रचार-प्रसार के साथ दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करते रहते। इससे पूर्व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेणुका राठौड़ ने अतिथियों का स्वागत किया। बालसभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी ज्योति शर्मा ने बच्चों को उपहार भेंट करने के लिए धन्यवाद दिया। भामाशाह संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि वास्तुशास्त्री एस के मेहता की प्रेरणा से ही उन्होंने विद्यार्थियों को यह सामान भेंट किया है।

## सार-समाचार

### स्व. इंदु व्यास की पुण्यतिथि मनाई



**जयपुर** । व्यास सेवा संस्थान की ओर से स्वर्गीय इंदु व्यास की पुण्यतिथि पर उत्कर्ष संस्थान के सहयोग से वेलकम बालाजी मैरिज गार्डन जयपुर में संस्थान का वार्षिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां राजकीय उच्च माध्यमिक प्राथमिक विद्यालय चरण नदी फर्स्ट संस्कृत विद्यालय बोयतावाला माइलस्टोन स्पेशल स्कूल (मंदबुद्धि )के करीब 435 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया सर्वप्रथम सभी बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता हुई। मां सरस्वती की फोटो पर माल्यार्पण कर एवं स्वर्गीय इंदु व्यास के चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं को उनके कोर्स के आवश्यकतानुसार स्टेशनरी बांटी गई। सभी छात्र छात्राओं ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में मंजू शर्मा उपाध्यक्ष राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड रश्मि सैनी पार्षद राजेंद्र सैनी लादूराम पार्षद कल्याण सहाय सैनी अध्यक्ष सरना डूंगर औद्योगिक क्षेत्र गौरव जैन सीए नितेश सीए राजस्थान ब्राह्मण महासभा के रमेश चंद्र ओझा जी के गोड संपादक ओमप्रकाश चोटिया प्रमुख समाज सेवी गजेंद्रजी जौनपुरिया कैलाश गुरु सुभाष चंद्र झा प्रहलाद शर्मा राधेश्याम शर्मा कमल शर्मा राम अवतार मेठी शालाओं के अध्यापक अध्यापिका एवं प्रमुख नागरिकों ने भाग लिया। सौरभ व्यास वर्षा व्यास एवं विनोद व्यास ने आगंतुकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मंच संचालन महेश शर्मा द्वारा किया गया। संस्थान के सचिव नरेंद्र व्यास ने संस्थान के द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी एवं सभी का आभार व्यक्त किया।

### महिलाओं ने साड़ी पहन किया रैंप वॉक

**जयपुर** । वीव वॉक का दूसरा संस्करण आज जयपुर में दिल्ली रोड स्थित होटल फेयरमोंट की भव्यता, शाही वैभव में हुआ। पर्यटन विभाग द्वारा समर्थित इस कार्यक्रम का आयोजन रघुकुल ट्रस्ट द्वारा किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत गेस्ट ऑफ ऑनर, प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग, गायत्री राठौर, मालिक होटल फेयरमोंट, जूही शर्मा, महाप्रबंधक, होटल फेयरमोंट, राजीव कपूर और चेयरपर्सन, जयपुर साडी, साधना गर्ग द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। राजस्थान की स्वर कोकिला मधु भट्ट ने शो में लोक गीत 'रंगीलो राजस्थान' की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए दी। यह जानकारी आयोजन की क्यूरेटर साधना गर्ग, चेयरपर्सन, जयपुर साडी स्पीक ने दी। इस अवसर पर पर्यटन विभाग की प्रमुख सचिव, गायत्री राठौर ने सांस्कृतिक विरासत को संभालने और एक मंच के निर्माण का सार प्रस्तुत किया। 'वीव वॉक' में कारीगरों ने जयपुर के 40 हेडलाइनरों के साथ रैंप वॉक किया, जैसे डॉक्टर, शिक्षाविद, गृहिणी, उद्यमी, इंजीनियर, डिजाइनर, डिजिटल रणनीतिकार। राजस्थान के 8 जिलों से बनवाई गई साडियों में रैंप वॉक करती नजर आई जो अपने आप में हेरिटेज और कला का जीवंत उद्धरण है, जैसे पट्टू, आवा, रासिका रेड, इंडिगो, बधरू, कोटा जरी, मोजामाबाद, अजरक आदि।

### विवि. में दस्तावेज सत्यापन शुरू

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेज महाराजा, महारानी, कॉमर्स और राजस्थान कॉलेज में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए दूसरी कट ऑफ लिस्ट कल जारी कर दी गई थी। ऐसे में आज से दस्तावेज सत्यापन का काम शुरू हो चुका है। दूसरी प्रवेश सूची में चयनित विद्यार्थियों को संबंधित महाविद्यालय में 13 सितम्बर को दस्तावेजों का सत्यापन करवाना होगा। साथ ही 15 सितबंर से 17 सिंतबर तक ऑनलाइन माध्यम से अपना प्रवेश शुल्क जमा करवाना होगा। स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर मेरिट लिस्ट देख सकते हैं। बता दें महारानी कॉलेज में साइंस, कॉमर्स और कला संकाय में प्रवेश के लिए कट ऑफ लिस्ट जारी की गई है। यहां पास कोर्स के साथ ऑनर्स में प्रवेश के लिए भी कटऑफ जारी कर दी गई। वहीं, महाराजा कॉलेज ने बीएससी पास कोर्स एवं ऑनर्स की कटऑफ जिस्ट जारी की है। इसके साथ ही बीसीए की भी कटऑफ जारी कर दी गई है। कॉमर्स कॉलेज ने बीकॉम, एबीएसटी, बीएडीएम, इएएफएम, बीबीए और बीसीए की कटऑफ जारी की है। कॉमर्स कॉलेज में वेटिंग लिस्ट भी जारी की गई है। साथ ही राजस्थान कॉलेज ने बीए, बीए ऑनर्स और बीए एसएफएस कोर्स में प्रवेश के लिए लिस्ट जारी कर दी है।

### छात्रावास में प्रवेश का समय बढ़ाया

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों में पढ़ रहे ऐसे स्टूडेंट्स जो विवि. के हॉस्टल में रह रहे हैं, वह अब रात 10 बजे तक हॉस्टल जा सकेंगे। वहीं शोध और एलएलएम में अध्ययनरत छात्राओं के लिए रात में प्रवेश का समय 11 बजे तक रहेगा। राजस्थान विवि ने छात्रावास में प्रवेश का समय बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं। विवि के उप कुलसचिव डॉ. कुलदीप मिश्रा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। गौरतलब है कि विवि के स्टूडेंट्स पिछले लंबे समय से हॉस्टल में प्रवेश का समय बढ़ाए जाने की मांग कर रहे थे। विवि प्रशासन ने उनकी इस मांग को मानते हुए यह निर्णय लिया है। इसके साथ ही सत्र 2022-23 के लिए छात्रावासों के प्रवेश शुल्क में की गई 10 फीसदी बढ़ोतरी को भी फिलहाल स्थगित कर दिया है।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**जयपुर** । सेवा भारती समिति द्वारा गरीब पिछड़े युवक युवतियों के लिए आयोजित सार्वजतीय परिचय सम्मेलन में इस बार बलाई समाज के युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन रखा गया है। ओम भाटी (संयोजक बलाई समाज परिचय सम्मेलन) ने बताया कि 11 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से 12.30 बजे तक सेवा सदन, सहकार मार्ग पर बलाई समाज के युवक युवतियां परिचय के लिए विशेष रुप से भाग लेंगे। इसके लिए बलाई समाज के परिवारों से संपर्क किया जा रहा है। सेवा भारती के हरिकृष्ण गोयल ने कहाकि इस सम्मेलन हेतु18 वर्ष से अधिक आयु की युवतियां एवं 21 वर्ष से अधिक आयुके युवक इस परिचय सम्मेलन में उत्साह से भाग ले रहे हैं।

### सामान्य चिकित्सा शिविर आज

**जयपुर** (कासं)। महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन की ओर से निःशुल्क फिजियोथैरेपी हड्डी रोग, योगा और सामान्य चिकित्सा शिविर रविवार को आयोजित होगा। एस-10 जनता कॉलोनी जयपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक शिविर रहेगा। इस अवसर पर डॉ.मुकेश असवाल, डॉ.हर्षिता बसवाल (एसएमएस हॉस्पिटल), एवं होमियोपैथिक विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं योगा विशेषज्ञभी सेवाएं उपलब्ध रहेगी।

### विशेष योग्यजनों से मिलेंगे आयुक्त

**जयपुर** (कासं)। 'विशेष योग्यजन आयुक्त आपके द्वार' कार्यक्रम 27 सितंबर से शुरू होगा। उमाशंकर शर्मा (अधिवक्ता) ने बताया कि बीकानेर संभाग की नोखा तहसील से इसकी शुरूआत होगी। कार्यक्रम प्रदेश के 7 संभागों की कुल 392 तहसील में आयोजित किया जाएगा। शर्मा ने बताया कि प्रत्येक संभाग के प्रत्येक जिले की प्रत्येक तहसील पर विशेष योग्यजन भाई-बहनों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के समाधान करेंगे। विशेष योग्यजनों को सुनवाई कार्यक्रम के दौरान विशेष योग्यजन प्रमाण पत्र, उपकरण वितरण, चिरंजीव स्वास्थ्य बीमा योजना और राज्य सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

### माली-सैनी समाज का आंदोलन स्थगित

**जयपुर** । फूले आरक्षण संघर्ष समिति ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जुली से वार्ता के बाद अपना प्रस्तावित आंदोलन स्थगित कर दिया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जुली ने 13 सितंबर को मुख्यमंत्री से वार्ता कराने का भरोसा दिया है। विभाग के प्रमुख शासन सचिव समित शर्मा, संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, रेंज आईजी गौरव गोयल, जिला कलेक्टर आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह भी वार्ता में उपस्थित थे। आरक्षण संघर्ष समिति के संरक्षक छुट्टन लाल सैनी, संयोजक मुरारीलाल सैनी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## Happy Cat Month

They're fuzzy, they're adorable, they invade our lives and take complete command of it and we are their willing slaves. Of course we're talking about that most amazing house pet, the cat. These animals have lived alongside humans for almost as long as dogs, and have served purposes as important. From companionship to pest control, they've been a wonderful addition to our lives, and Happy Cat Month celebrates all they've done, and reminds us of what we should do to make sure we have a happy cat.



#RESEARCH

# Bone Aging

A new study in mice, presented at an American Heart Association meeting, suggests high blood pressure may cause bones to age faster.



When high blood pressure was induced in young mice, they had bone loss and osteoporosis-related bone damage comparable to older mice, according to new research presented at the American Heart Association's Hypertension Scientific Sessions 2022 conference, held in San Diego.

High blood pressure and osteoporosis are prevalent diseases, and people may have both at the same time. In this study, researchers examined inflammation associated with high blood pressure in mice and found it may be connected to osteoporosis.

"Bone marrow is where both new bone and new immune cells are produced. We suspect that more pro-inflammatory immune cells in the bone marrow may be leading to damage of the bone and making it weaker," said lead study author Elizabeth Maria Hennen, a Ph.D.-candidate in biomedical engineering at Vanderbilt University in Nashville, Tennessee. "By understanding how hypertension contributes to osteoporosis, we may be able to reduce the risk of osteoporosis and better protect people later in life from having fragility fractures and a lower quality of life."

of the bone in the mice.

When compared to the young mice without hypertension, the young mice with induced hypertension had a significant 24% reduction in bone volume fraction, an 18% reduction in the thickness of the sponge-like trabecular bone located at the end of long bones, such as femurs and the spinal column, and a 34% reduction in estimated failure force, which is the ability of bones to withstand different types of force.

"Failure force translates into weaker bones. In the spine, bone weakness can lead to vertebral fractures later in life," Hennen said.

In contrast, the older mice who were given the angiotensin-II infusion did not exhibit similar bone loss. During the study, however, the old mice, with or without high blood pressure, exhibited a reduced bone quality similar to that of the hypertensive young mice.

"In these mice, being hypertensive at a younger age essentially aged bones as if they were 15-25 human years older," Hennen said.

To assess the impact of inflammation on bone health of the mice, researchers analysed the bone marrow using flow cytometry. This tool allowed researchers to identify indi-




In the study, researchers compared young mice with induced hypertension to older mice without hypertension to assess the potential relationship of hypertension to bone aging. The human age equivalent was about 20-30 years old for the young mice and about 47-56 years old for the older mice, Hennen said. A group of 12 young mice (4 months old) were given angiotensin II, a hormone that leads to high blood pressure. The young mice received 490 nanograms/kilogram of angiotensin II for six weeks. A group of 11 older mice (16 months old) also received 490 nanograms/kilogram of angiotensin II for six weeks. Two control groups of 13 young mice and 9 old mice received a buffer solution that did not include angiotensin II, and these mice did not develop high blood pressure.

After six weeks, researchers analysed the bones of mice from all four groups using micro-computed tomography, an advanced imaging technique. Bone health was determined by strength and density of the bone. Mathematical algorithms were used to estimate the potential effects of hypertension and aging on the microstructure and strength

vidual cells and to sort out specific immune cells. In the hypertensive young mice, they found an increase in the number of inflammatory signalling molecules, indicating an increase in inflammation in the bones when compared to the young mice that did not receive angiotensin II.

"This increase in active immune cells tells us that the older mice are more inflamed overall, and that a continued state of inflammation, whether they had high blood pressure or not, may have an impact on bone health," Hennen said. "It appeared that high blood pressure was adjusting the bone remodelling process toward bone loss, rather than bone gain or bone equilibrium, in the hypertensive young mice. As a result, bones will be weaker, leading to an increased risk for osteoporosis and fragility fracture. In humans, this might mean that we should screen for osteoporosis in people with high blood pressure."

Hennen adds that these findings may help researchers identify the immune cells and mechanisms that play a role in human bone health. This depth of knowledge may lead to new approaches to prevent osteoporosis in early adulthood.





Jug Suraiya with wife Bunny.

Jug Suraiya's biography titled 'Js& The Times of my life' is not a just book about his life and times but also a tongue-in cheek commentary on the ever changing world and how destiny plays its games. In the very beginning of the book Jug says that he never wanted to be a journalist but the Fates disagreed and he landed in Junior Statesman and created his own personal legend.



Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

# The life and times of a witty raconteur

#SATTIRE FIRE

Somehow, in the past few months, one's adventures in book reading have often helped the sandman to throw sand into my eyes and helped me to get some impromptu shut eye. The books that fall into this category of induced tranquillity are biographies that have become the new craze for everyone who has been someone in his or her life. Off lately, looking at the number of biographies in book stores, it seems everyone has started taking their lives a bit too seriously and are hell-bent to leave a record of their teachings in the world.

### A Witty Book

No doubt, the idea of reading about other's achievements is nice and even inspiring but then at times it does feel like a constant fly buzzing in your ear which you want to but cannot ignore. So, when a good readable book in this category comes your way, one really sends a heartfelt thanks to the universe for delivering them from the endless sermons. Jug Suraiya's 'Js& The Times of My Life' is one such book.


### The Wisecracker

For people who have grown-up reading Times of India or those who have grown old reading Junior Statesman or Statesman, Jug Suraiya is a known name. He is the guy whose columns are mostly about tongue in cheek humour, wisecrack writing quietly poke fun at anyone without their knowledge. He likes to speak his mind but in a very subtle and humorous way. So, when such a person writes a book, you can expect it to be funny, sarcastic and satirical.

Jug Suraiya was born during the pre-partition riots. Fearing violence, the family had moved to Puri where they lived in a dharamshala, flanked one side by a church and on the other side by a mosque. He writes, ' I'm told I was born at dawn. The priest in the church, the maulvi in the mosque, the Hindu monks in the dharamshala prayed for me. An early overdose of religion, which might explain why I turned out to be an atheist.'

### From Jagdeesh to Jug

Interestingly Jug (he was named Jagdeesh but his elder sister liked to call him Jug after the character Jughead in Archies comics and the name stuck) says that he never wanted to be a journalist. Before accidently venturing into the field, he had tried a number of business ideas including spray painting (which ended before it had begun since the spray painting machine went berserk and painted everything in sight including the furniture and people), rabbit hunting in a jungle (the rabbits never came because a Bengali family in a nearby cabin sang Rabindra sangeet on a off-key harmonium and when Jug and his friend Chhobe decided to scare the family by setting off crackers, the men in the house mistook them for dacoits and started shooting them with a shotgun which made them run for their lives cross country).




Jug Suraiya book.

> No doubt, the idea of reading about other's achievements is nice and even inspiring but then at times it does feel like a constant fly buzzing in your ear which you want to but cannot ignore. So, when a good readable book in this category comes your way, one really sends a heartfelt thanks to the universe for delivering them from the endless sermons. Jug Suraiya's 'Js& The Times of My Life' is one such book.

### Serendipity and More

Later on in the book, Jug talks about his serendipitous meeting with Junior Statesman editor Desmond Doig who had also recruited his friend Dubby Bhagat for Junior Statesman, the paper that initiated him into the profession of journalism. One thing that really strikes the reader of this book is the names. Jug's friends are Dubby Bhagat and Papa Menon. His wife's name is Bunny Sood. He had also met a man whom he called Uncle Yumfy. Not that these names were deliberately invented or imagined; but its quite interesting to note the profusion of such names in Jug's life!

### Adventures of Jug

Perhaps the book should have been titled 'Adventures of Jug Suraiya in JS (Junior Statesman) and the world' because that is what the book is about. It is about his rendezvous with the red light district of Calcutta, how he navigated the Naxal hit regions, his days in America on a shoestring budget where he and his wife Bunny survived on bologna sandwiches and stole the cheese dip that a friend had asked them to keep in their fridge (in 1976, he had taken three months of leave without pay to cover the bicentennial celebrations of America to mark 200 years of independence), and his time in Harrods, London where he worked in the sanctions department at 50 pence per hour and would sanction purchases of customers way over their credit limit on a bid to sabotage the capitalist system (because he felt that by the time the authorities would catch up with him, he would be safely back in India), his meeting with the legendary Dev Anand on the sets of Hare Rama, Hare Krishna in Kashtamandap in Kathmandu where he witnessed how Dev Anand charmed the press and the public who had initially branded him as a despoiler of temples, a la Mohammed Ghazni to transform him into a hero of the masses. It is also about his meetings with kids like Shashi Tharoor and MJ Akbar who would later become the newsmakers.

> The book seems to be a work of a writer who seems to be sitting in some corner of the world with a bird's eye view of everything; whether it is about the evolution of India, the changing language and even values.



Jug Suraiya.

### Smuggled Goods


At one point in the book Jug talks about his travel to Tibet in 1994. This was a part of his assignment in TOI. However, the Chinese government had approved his wife's visa and rejected his on the grounds because his passport mentioned that he was a journalist. Nevertheless, on the advice of Pavan Varma in the ministry of external affairs, he applied for a new passport (since his appearance had changed, more specifically his hair were now white instead of black or grey) and did not mention his profession. This time his visa was approved. The interesting bit is that when he got back from Tibet, he was quite excited about being able to smuggle something out of Tibet. When his friend asked him if he had smuggled a Thanka or an antique, he showed him a sheet of paper that he had stolen from his hotel room in Gyangtse Hotel in Gyangtse in Tibet which said:

'NOTICE TO TRAVELLER OF STAYING: ITEM FOR COMPENSATING AND PENATYING THAT YOU DAMAGE OR LOST THE INSTALATION IN GUEST ROOW)

Every guest: How do you do! Welcome to our hotel. During your stay in our hotel, we hope that you cooperate with our work, to take care of all our installations and equipment in the guest room, and keeping the room clean. Strictly forbid taking the big packages and dangerous articles, combustibles, explosions and so on to your room. If you carry valuables, please well arranged… If you smoke, Please shake the ask to the ash-tray….If the goods in your room be damaged or Lost, you will be compensating and find by our department……The luggage you carry must check into the left Luggage office in the hotel. Plenty of money and valuables should deposit in the special cupboard in the hotel… Our hotel provides you a yak service, for your tourist convenience. The yak place is on the right on the gate. Welcome you to ride the yak, the rate is five Yuan….

Signed Gyangtse Public Security bureau and Gyangtse Hotel Security Department.'

Jug later writes that he wanted to send a photocopy of the notice to His Holiness, Dalai Lama in Dharamshala but thought otherwise since he did not want to make him homesick or make him an unwilling accomplice in his theft of an official document which was the property of the Autonomous Region of Tibet, which in turn was the property of People's Republic of China.



Desmond Doig, editor of JS.



Dubby Bhagat

### The Jug Times

In the latter half of the book Jug talks about his time in The Times of India. He also takes the reader through the transition of the paper with editors like Girilal Jain, Gautam Adhikari, Samir Jain and many other such stalwarts who have seen the paper grow.

The book seems to be a work of a writer who seems to be sitting in some corner of the world from where he has a bird's (in his words worm's) eye view of everything; whether it is about the evolution of India or its masses, the changing trends, the changing language and even values. In his own words and introduction, Jug says, 'Don't try reading it at one sitting. Treat it as you would an off-the-beaten track, slightly seedy and decidedly unfashionable bar or café you occasionally go to, to listen to the yarns of the guy sitting in the corner who seems to have been there since anyone can remember and is given to waylaying strangers and telling them stories for the price of a drink, or a cup of coffee. You wouldn't want to make an evening of it. But an odd half-hour or so, every now and then when you have nothing to do, might prove diverting.'

The book does exactly that. It sends the reader on a journey across time with a witty raconteur who likes to educate, surprise and regale his reader with stories that are generously garnished with humour and satire with a lingering after taste which stays with you even after you put the book down!

writetoarbit@rashtradoot.com

**Jug Suraiya** will be conversing about his life and times with Jagdeep Singh (Jags) today at 4:30 pm in Ashok Club, Jaipur.

#INSPIRATION

# Of Fashion, Design and Inspiration

Jaipur's popular fashion designer, Haneet Singh, is all set to showcase his collection at the London Fashion Week 2022-23 this month. In an exclusive conversation with Arbit, the designer throws light on his journey in the fashion industry, design inspiration, current trends and challenges in the world of fashion, tips for aspiring designers, among other interesting things.



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*




Haneet Singh with Karishma Tanna (in red).

Fashion came to me as a surprise. As a student, I was excellent in academics and was supposed to be an engineer. But life had other plans. It all started back in 1999 when I joined the small set-up of apparel my mother had. It gave me a hands-on experience of skilful training and a better understanding of what clients need", recalls Pink City's renowned fashion designer, Haneet Singh, while talking about how he got into the fashion industry. After showcasing his work across the country and in Dubai and Colombo, the designer is now all set to showcase his collection 'Stannic Luxe' at the forthcoming London Fashion Week 2022-2023 on September 16.

### Appreciation is my favourite part about fashion

Like every profession, fashion design too has its cons like working on strenuous deadlines, being mentally and physically exhausted, not getting recognition for the hard work one puts in etc. However, the appreciation one receives from clients about how they feel when they wear a designer's apparel more than makes up for it. "Seeing my clients happy and feeling confident in what they are wearing is the biggest reward. I have had clients calling me from events and parties and telling me how much appreciation they are getting for their outfit", shares Haneet Singh while shedding light on his favourite part of being a fashion designer.



Haneet Singh with Mandana Karimi.

### Taking inspiration from Jaipur

What is interesting about Singh's recent collection 'Stannic Luxe' that will be showcased at the London Fashion Week, is that some of the pieces take inspiration from Jaipur's City Palace. "Stannic Luxe is a luxurious fusion collection that is inspired by its shine. The metallic fabric is adorned with gold, rose gold, silver, grey and other lustrous colours. The arcs of the City Palace too serve as an inspiration for two of the pieces of this collection. Local artisans from Jaipur, including many women artisans, have been included to create this collection in which each ensemble narrates different stories. It is the perfect epitome of Indian hand details fused with a western silhouette. It features quirky handwork with 3D sequins, intricate hand details and most importantly, sparkle, which is the inspiration", says Singh while elaborating about his collection.



Tracing of a design inspired from City Palace

### Stick to your base and market to the right audience

After being in the fashion industry for over 20 years, Singh has garnered some insightful knowledge about what is needed to sustain here. Ask him what he would like to share with aspiring designers and fashion students and he says: "The fashion students today have great exposure but there are a lot of options available to them too which can get overwhelming at times. They need to create a small collection and present it nicely to give a glimpse of their own unique style. Marketing your product to the right audience is another important factor. It is easy to create a label but sustaining it is a difficult task. Just remember to stick to your base otherwise you will get lost in this big world of fashion."




Haneet Singh.

### Focus on sensibilities and aesthetics

The pandemic did not leave any industry unperturbed and fashion has been no exception. Talking about how things are looking up for the industry in the Post-Covid times, Singh shares that India is the land of flamboyant weddings. "There is no lack of work with weddings. What one needs is to maintain their quality of work and have their design sensibilities and aesthetics in place. People are now also more experimental with fashion and moving beyond the traditional gotta patti towards more light-weight and flowy garments. It is great to see that men too are taking fashion quite seriously", he adds.

It is worth noting that in the past Singh has collaborated with many Bollywood and television celebrities like Mugdha Godse, Bipasha Basu, Aarti Chhabria, Karishma Tanna, among others.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# विधानसभा में पुजारी प्रोटेक्शन एक्ट लाकर सुरक्षा दिलाने की मांग

## अखिल राजस्थान पुजारी महासंघ ने 23 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा

**डूंगरपुर, (निसं)।** अखिल राजस्थान पुजारी महासंघ की जिला शाखा की ओर से मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपकर विधानसभा में पुजारी प्रोटेक्शन एक्ट लाकर सुरक्षा दिलाने की मांग रखी।

संघ प्रदेश सचिव रतनलाल सेवक ने बताया की पुजारियों पर आए दिन भूमाफिया और असामाजिक तत्व अत्याचार कर रहे हैं जिससे मजबूरी में पुजारियों को आत्महत्या करनी पड़ रही है। जिसमें महुआ दौसा, भरतपुर, जालौर, मुरलीपुरा जयपुर और तीन दिन कोटा में पुजारियों को मानसिक रुप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए विवश कर दिया। जिसमें परिवार को आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी दी जाए। इसके अलावा पुजारी प्रोटेक्शन बिल विधानसभा में बनाकर सुरक्षा दिलाई जाए। पुजारी को विप्र कल्याण बोर्ड में सदस्य बनाकर उनकी समस्याओं को सुना जाए।

राज्य में मंदिरों की आय को सीधे देवस्थान विभाग या ट्रस्ट के पास चली जाती है। ऐसे में पुजारियों के पास आमदनी के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में पुजारियों को मासिक वेतनमान दिया जाए। भाजपा की तत्कालीन भैरोसिंह शेखावत सरकार की ओर से 1997 में मंदिर के साथ जुडी कृषि भूमियों की जमाबंदी में से पुजारियों के नाम बगैर सुनवाई के हटा दिया गया था। इस कानून को हटाकर पुनः पुजारियों के नाम जोडे जाए।


पुजारी महासंघ की ओर से मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

भले ही राज्य सरकार इसमे बेचने पर पाबंदी लगा दे। जिस पर राज्य के पुजारियों को कोई आपत्ति नहीं है। राज्य के प्रत्येक मंदिर के मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए सरकार की ओर से बजट समय पर जारी किया जाए। मंदिरों की जमीन, रास्ते पर अतिक्रमण हटाया जाए। मंदिरों में धार्मिक आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए सरकार की ओर से राशि जारी की जाए। राज्य में कई मंदिरों पर विदेशी आक्रांताओं ने तोडकर नष्ट कर दिया गया है। जिसे अब राज्य सरकार पुनः नए सिरे से बनाए। मंदिरों में पुजारियों की नई पीढी को सनातनी शिक्षा, कर्मकांड और वैदिक कक्षाओं का आयोजन सरकार अपने खर्च पर शुरू कराए। जिससे आने वाली पीढी को इसका ज्ञान मिल सके। मंदिरों पर ट्रस्ट के गठन में पुजारी को निर्धारित पद मिले। जिससे मंदिरों में ट्रस्ट के एकाधिकार को खत्म किया जा सके। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भगवानलाल सेवक, संरक्षक बद्रीनारायण शर्मा, जिलाध्यक्ष कांतिलाल शर्मा, प्रदेश सचिव रतनलाल सेवक, जिला संगठन मंत्री गजानंद उपाध्याय, मोतीलाल कतिसौर सहित सदस्य मौजूद थे।

■ **आए दिन भूमाफिया और असामाजिक तत्वों के अत्याचारों के कारण पुजारी आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं**

# 'राष्ट्रीय परियोजना के लिए दिल्ली का सिंहासन हिला देंगे किसान'


अलवर जिले के मालाखेड़ा में नवीं किसान महापंचायत आयोजित हुई।

■ **मालाखेड़ा में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति की महापंचायत में किसानों ने भरी हुंकार**

**मालाखेड़ा / हिण्डौन सिटी, (निसं)।** पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति की ओर से शनिवार को अलवर जिले के मालाखेड़ा में नवीं किसान महापंचायत आयोजित हुई। इस महापंचायत में हजारों की संख्या में शामिल किसानों ने ऐलान किया कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं दिया गया तो दिल्ली का सिंहासन हिला देंगे। महापंचायत में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के साथ ईआरसीपी संयुक्त किसान मोर्चा ने भी सहभागिता दिखाते हुए मिलकर संघर्ष करने का ऐलान किया। इस मौके पर 13, जिलों में ईआरसीपी के लिए संघर्ष कर रहे अन्य संगठनों से भी एक मंच पर आने का आव्हान किया गया।

महापंचायत में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना ने कहा कि देश को आजाद हुए भले ही 75 साल हो गए हैं, लेकिन आज भी सरकारें किसानों के साथ न्याय नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि यह कैसी आजादी है कि किसानों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

प्रदेशाध्यक्ष मीना ने कहा कि पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के किसान चंबल के पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार गंभीर नहीं है। किसान उसी पार्टी को वोट देंगे जो चंबल का पानी 13 जिलों की धरा पर लेकर आएगी। किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए प्रदेश संयोजक अमर सिंह नीमरोट और प्रदेश महामंत्री भरत सिंह डागुर ने भी कहा कि किसानों की एकजुटता से ही चंबल का पानी 13 जिलों की धरा पर आ सकेगा। महापंचायत का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत ने किया।

किसान महापंचायत में 4 रिटायर्ड आईएएस पीआर मीना, पीसी मीना, बीपी मीना और आरसी मीना भी उपस्थित हुए, जिन्होंने केंद्र सरकार से ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की पुरजोर ढंग से मांग की और उपस्थित किसानों को ईआरसीपी के बारे में विस्तार से बताया। किसान महापंचायत में ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष विक्रम सिंह, युवा प्रदेशाध्यक्ष जवान सिंह मोहचा, सावित्री देवी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित हुए। इस दौरान पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति को समर्थन देने का ऐलान किया गया। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष विक्रम सिंह मीणा ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए किए जा रहे अपने संघर्ष के बारे में विस्तार से बताया।

# युवक की हत्या के बाद आक्रोशित भीड़ ने हाइवे जाम किया

**बीकानेर, (कासं)।** श्रीडूंगरगढ़ के तोलियासर में एक युवक की हत्या के बाद आक्रोशित भीड़ ने शनिवार को कस्बे से गुजर रहे नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। हालांकि पुलिस की सख्ती के बाद जाम खोल दिया गया।

दरअसल शुक्रवार रात एक युवक सामरमल सुथार की तीन-चार युवकों ने मिलकर चाकू मारकर हत्या कर दी। इसी मामले में पुलिस ने तीन युवकों को राउंड अप भी किया है लेकिन मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से पूरे कस्बे में लोगों में भारी आक्रोश है। सामरमल यहां कालूबास मोहल्ले में रहता था। महज बीस साल का ये युवक तोलियासर भैंरूजी मेले में दर्शन के लिए जा रहा था। रास्ते में कुछ युवकों ने चाकू घोंपकर इसकी हत्या कर दी।

घटना का पता चलने के बाद से कस्बे में रोष है। सुबह थाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध किया। बाद में ये लोग बाजार पहुंच गए और यहां पर दुकानें बंद करवा दी। दोपहर बारह बजे तक बाजार बंद करवाने के बाद हाईवे पर पहुंच गए। हाईवे जाम कर दिया गया। काफी देर नेशनल हाईवे बंद होने से पुलिस ने सख्ती दिखाई और मौके पर पहुंचकर लोगों को हटाया। अब रास्ता खोल दिया गया है।

इस हत्याकांड में शामिल तीन युवकों को पुलिस ने राउंडअप किया है। उनसे पूछताछ चल रही है। अब तक गिरफ्तार नहीं किया है। स्थानीय लोग चौथे युवक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। जो अब तक फरार चल रहा है। चारों युवक कौन है, इस बारे में पुलिस अब तक कोई जानकारी नहीं दी है। मामला आपसी रंजिश का लग रहा है।

# सोने की चूड़ियां लेकर कारीगर फरार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र में एक सर्राफा कारोबारी द्वारा मीनाकारी के लिए दी गई 60 ग्राम सोने की चार चूडिय़ा कारीगर लेकर फरार हो गया। इस संबंध में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि नागौरी मोहल्ला सुनारो की गली के सर्राफा कारोबारी रामकृष्ण सोनी ने रिपोर्ट दी कि उनकी दुकान पर सोने-चांदी के जेवर बनाने का काम किया जाता है। उनकी दुकान पर कारीगर के रुप में पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के गुप्तीपारा, गांव रायपुर निवासी हैदल अली तीन साल से काम कर रहा था।

# फ्लैट्स उद्घाटन कार्यक्रम में सांसद को नहीं बुलाने पर कमिश्नर दिल्ली तलब

**भरतपुर, (निसं)।** प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत बनाए फ्लैट्स के उद्घाटन कार्यक्रम में सांसद रंजीता कोली के विशेष अधिकारों के हनन करने के मामले में संसद ने नगर निगम कमिश्नर और यूआईटी सचिव कमल राम मीणा को दिल्ली बुलाया है। यहां उनसे सांसद रंजीता कोली के विशेष अधिकारों के हनन के मामले में जवाब मांगा है।

दरअसल फ्लैट्स के उद्घाटन के दौरान केंद्र सरकार की योजना होते हुए भी सांसद कोली को समय पर सूचना नहीं दी गई थी। राज्य सरकार के मंत्री से अधिकारियों ने फ्लैट्स का उद्घाटन कराया। इस मामले में सांसद रंजीता कोली ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को अवगत कराया। उसके बाद नगर निगम कमिश्नर और यूआईटी सचिव कमल राम मीणा को दिल्ली बुलाया और उनसे गहन पूछताछ कर जवाब मांगा। पूछताछ से पहले यूआईटी सचिव कमल राम मीणा को करीब 2 घंटे तक संसद के बाहर इंतजार करना पड़ा, उसके बाद उन्हें जवाब के लिए बुलाया गया।


पूछताछ से पहले यूआईटी सचिव कमल राम मीणा को करीब 2 घंटे तक संसद के बाहर इंतजार करना पड़ा।

# ईओ के व्यवहार से नाराज गो पालकों ने गोशाला छोड़ी

**पुष्कर, (निसं)।** जहां एक और राज्य सरकार लंपी से ग्रसित गायों के लिए काम करने के लिए लोगों को प्रेरित कर रही है, वहीं पुष्कर के गौशाला में कार्य करने वाले गौ भक्त अधिशासी अधिकारी अभिषेक गहलोत के व्यवहार से रुष्ट होकर गौशाला छोड़कर चले गए हैं।

गो भक्तों का कहना है कि लगभग डेढ़ से 2 महीने से गायों की यहां सेवा कर रहे हैं और कुछ दिनों से नगर पालिका की गौशाला में आइसोलेशन सेंटर बनाकर भामाशाह से सहयोग लेकर गायों का इलाज कर रहे हैं। पुष्कर नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी अभिषेक गहलोत के व्यवहार के कारण और हमें गुंडा बदमाश बताने को लेकर हमें गौशाला छोड़कर जा रहे हैं। अभी फिलहाल गौशाला में 220 गौ जानवर लम्पी से ग्रसित हैं जिनका इलाज चल रहा है और स्वस्थ हुई गायें यहां अलग से रखी हुई है। अब इन गायों को गोपालक ईओ अल्टीमेटम के बाद छोड़कर जा रहे। उन्होंने कहा कि गोपालकों को अधिशासी अधिकारी ने गुंडा बताया है और यह कहा कि आधे घंटे में गौशाला खाली कर देना। इस संबंध में धीरज राम महाराज ने बताया कि हम कहीं भी रहकर गाय की सेवा कर लेंगे। हम गुंडा मवाली बताने वाले अधिशासी अधिकारी के अल्टीमेटम के बाद गौशाला छोड़कर जा रहे हैं। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई है और जांच कर रही है।


पुलिस से वार्ता करते गौशाला के गोपालक।

इस संबंध में अधिशासी अधिकारी को मोबाइल फोन किया गया लेकिन अधिशासी अधिकारी ने फोन नहीं उठाया। पालिका इस गो शाला को अभी फिलहाल कांजी हाउस बनाना चाहती है क्योकि गुर्जर समाज से जुड़े किरोड़ी बैसला की अस्थियां 12 सितम्बर को पुष्कर में प्रवाहित की जाएगी। इस दौरान लोक सभा अध्यक्ष सहित कई बड़े नेता आ रहे है। इसलिये आवारा जानवरों को वहां रखा जाएगा। गो पालक चाहते है वह स्वस्थ जानवर हैं, उन्हें यहां नही रखे उनमें भी लंपी हो जाएगा। गो पालकों ओर ईओ में विवाद बढ़ता गया। ईओ के मत जानने के लिए उन्हें मोबाइल किया लेकिन उन्होंने अटेंड नहीं किया।

# विधायक दिव्या मदेरणा ने अस्पताल में धरना दिया

**जोधपुर, (कासं)।** महामंदिर क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में हृदय रोगी युवक को चिरंजीवी कार्ड होने के बावजूद चिरंजीवी योजना में लाभ न देने पर ओसियां विधायक दिव्या मदेरणा व उनके समर्थकों ने अस्पताल में धरना दे दिया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। मरीज के भाई हरीश ने बताया कि धनारी कला से गत 7 सितंबर को जगदीश डूडी को हृदय में तकलीफ के चलते अस्पताल लाया गया था। अस्पताल को चिरंजीवी कार्ड दिखाया, उसके बावजूद उन्होंने बाद में धोखे से हस्ताक्षर करवा लिए। उन्हें 3 लाख 60 हजार का बिल थमा दिया गया। इस मरीज के हार्ट में स्टेंट लगाया गया है। परिजनों का आरोप है कि जब सरकार पैसे दे रही है तो अस्पताल इलाज में आनाकानी क्यों कर रहे हैं।

# मगर के वीर की मौत से क्षेत्र में गमगीन माहौल

**ब्यावर, (निसं)।** देश की रक्षा करते समीपवर्ती कालिंजर गाँव निवासी फौजी योगेंद्र सिंह रावत कुछ दिन अपने परिवार के साथ गुज़ारने छुट्टी पर घर आया था। बदकिस्मती से फौजी का रोड़ एक्सीडेंट हो गया और 8 दिन अस्पताल में उपचार के दौरान ही मौत गई।

दो सितंबर शाम 7.30 बजे ब्यावर से अपने मित्र के साथ बाईक पर घर लौटते समय नेशनल हाइवे आठ पर राजियावास गांव के निकट सामने आ रही अन्य बाईक से आमने सामने ज़ोरदार भिड़ंत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल फौजी और उसके मित्र को ब्यावर के राजकीय अमृत कौर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। गंभीर घायल होने से अजमेर रैफर और अजमेर से दिल्ली आर्मी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। लेकिन शुक्रवार की शाम को ही दिल्ली आर्मी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत होने की सूचना मिली। राजियावास सरपंच बृछपाल सिंह रावत ने बताया की ब्यावर पहुंचने के पश्चात जुलुस के साथ पैतृक गाँव कालिंजर जाएंगे जहां अंतिम संस्कार होगा।


फौजी योगेन्द्र सिंह रावत।

# नौ साल की बच्ची के फेफड़े में फंसी सुई का ऑपरेशन

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के मथुरा दास माथुर चिकित्सालय नौ साल की एक बच्ची के फेफड़े में फंसी सुई का सफल ऑपरेशन डाक्टर्स की टीम ने किया। बच्ची अब स्वस्थ है।

अस्पताल के अधीक्षक डॉ विकास राजपुरोहित ने बताया गया कि प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ दिलीप कछवाहा के मार्गदर्शन में कार्डियोथोरेसिक विभाग में एक 9 वर्षीय बच्ची की फेफड़े में फंसी सुई को निकालने का सफल ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत निशुल्क किया गया। 9 वर्षीय बच्ची गत डेढ़ माह से दाहिने छाती के दर्द से परेशान थी। बच्ची तथा उसके परिजनों ने बताया कि डेढ़ माह पूर्व सोते समय बच्ची के छाती में यह बड़ी सुई घुस गई थी इस समस्या को लेकर मरीज के परिजनो ने अपने क्षेत्र मे परामर्श लिया परंतु लाभ ना होने के कारण वह मथुरादास माथुर अस्पताल के कार्डियोथोरेसिक विभाग में भर्ती हुई जहां एक्स-रे तथा सीटी स्कैन में मरीज के दाहिने फेफड़ों में सुई की पुष्टि हुई।

**डॉक्टर्स यह टीम रही शामिल:-** बच्ची का सफल ऑपरेशन ऑपरेशन डॉ सुभाष बलारा (सहा अचार्य तथा विभागयक्ष )के साथ मिलकर डॉ अभिनव सिंह (सहायक आचार्य) ने किया। इस ऑपरेशन में एनेस्थीसिया विभाग की डॉ गीता सिंगारिया, डॉ देवेंद्र बोहरा, डॉ कश्मीरा शर्मा, स्टाफ रेखा राम और मोनिका शामिल थे।

**सुई पांच सेंटीमीटर लंबी, पैरेंकाइमा में फंसी थी:-** अधीक्षक राजपुरोहित ने बताया कि इस सुई की लंबाई लगभग 5 सेंटीमीटर थी और बच्ची के दाहिने फेफड़े के पोस्टीरियर बेसल सेगमेंट के पैरेंकाइमा में धंसी हुई थी। जिसका आगे का सिरा सेगमेंटल और वेन से सिर्फ एक सेंटीमीटर की दूरी पर था इसलिए ऑपरेशन को करते समय अत्यंत सावधानी की आवश्यकता थी अन्यथा मरीज के फेफड़े को डैमेज पहुंच सकता था।, ऐसे ऑपरेशन को करने के लिए अनुभवी डॉक्टर्स की टीम की आवश्यकता होती है, सुई को निकालने के बाद फेफड़े को रिपेयर कर दिया गया, यह ऑपरेशन लगभग 1 घंटे चला, ऑपरेशन के पश्चात बच्ची का इलाज सीटीवीएस विभाग में चल रहा है, जहां डॉ अंशुमन और डॉ सुखदेव इलाज में मदद कर रहे हैं।

**बच्ची स्वस्थ, परिजन खुश:-** डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रवक्ता डॉ जयराम रावतानी ने बताया कि बच्ची अब पूर्णता स्वस्थ है और परिजन खुश हैं। ऐसे केसेस काफी रेयर हैं और अगर सुई को समय रहते ना निकाला जाए तो फेफड़ों में मवाद तथा एंपाईमा बनने का खतरा रहता है।

# टोल वसूली के नाम पर करोड़ों की ठगी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने टोल वसूली का झांसा देकर विभाग के साथ करोड़ों की ठगी करने वाली जयपुर की कंपनी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार भुपालपुरा रोड नं. 3 स्थित आरएसआरडासी लि. के निदेशक बेसवा खेमरोजी थाना गोविन्दगढ जयपुर ग्रामीण हाल परियोजना निदेशक लाल चन्द्र वर्मा पुत्र श्रवणलाल शर्मा ने ओम नगर रायपुर इलाहबाद युपी निवासी अंजनी कुमार पाण्डे की कंपनी मैसर्स श्रेया इन्टरप्राईजे के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि हमारी कंपनी ने 16 अगस्त 2021 को 24 माह की टोल वसूली के क्रम में सलूम्बर से कीर की चौकी रोड़ तथा देबारी से कुराबड़ बंबोरा तक रोड़ की निवीदाए आमंत्रित की थी।आरोपी कंपनी को उक्त वसूली का काम सौपा था। लेकिन आरोपी ने निर्धारित समय पर वसूली पूरी नहीं कर जमा नहीं करवाई।

इस संबंध में आरोपी द्वारा दी गई यूनियन बैंक आफ इण्डिया तरूखाना महाराष्ट्र की बैक गारंटी के आधार पर पड़ताल की तो उक्त बैंक गारंटी फर्जी होने की जानकारी सामने आई। इस पर आरोपी कंपनी को नकदी जमा कराने के लिए संपर्क किया तथा पत्र व्यवहार किया तो कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया।आरोपी कंपनी ने पीडित कंपनी के साथ 11 करोड़ 69 लाख 5 हजार रूपये की मानहानि की। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# झुंझुनूं के बगड़ आए मेघालय के राज्यपाल सतपाल मलिक ने फिर खोला केंद्र के खिलाफ मोर्चा

## 'मुझे भी इशारे थे कि यदि चुप हो जाऊं तो उप राष्ट्रपति बना देंगे, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकता'

**बगड़, (निसं)।** झुंझुनूं के बगड़ पहुंचे मेघालय के राज्यपाल सतपाल मलिक के तीखे तेवर लगातार जारी हैं। इस बार उन्होंने उप राष्ट्रपति को लेकर बड़ा बयान दिया है। झुंझुनूं के बगड़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सतपाल मलिक ने कहा कि जगदीप धनखड़ डिजर्व करते हैं उपराष्ट्रपति पद के लिए। लेकिन उनको भी इशारे किए गए थे कि यदि मैं सच बोलना बंद कर दूंगा तो मुझे उप राष्ट्रपति बना देंगे। लेकिन मैंने कह दिया, मैं ऐसा नहीं कर सकता। जो महसूस करता हूं, वो बोलता ही हूं। चाहे उसके लिए मुझे कुछ भी छोड़ना पड़े। देश में गैर बीजेपी नेताओं पर डाले जा रहे ईडी, आईटी और सीबीआई के छापों को लेकर भी सतपाल मलिक ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी में ऐसे कई लोग हैं जिन पर अब तक ईडी, आईटी और सीबीआई के छापे डल जाने चाहिए थे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं है। यही कारण है कि देश में इन एजेंसियों को लेकर अलग माहौल बन गया है।

सरकार को चाहिए कि कुछ अपने लोगों पर भी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि देश में एजेंसियों को लेकर जो माहौल बना हुआ है वो सही रह सके। बातचीत में सतपाल मलिक ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अच्छा है, एक नौजवान अपनी पार्टी के लिए काम कर रहा है। एक नेता पैदल तो चल रहा है। जबकि आज के वक्त में ऐसा कोई नहीं करता। उनकी भारत जोड़ो यात्रा से क्या मैसेज जाता है, वो तो जनता बताएगी। लेकिन उन्हें यह काम ठीक लग रहा है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का कार्यकाल पूरा होने के बाद वे किसानों की लड़ाई में उनक साथ देगें। उन्होंने कहा कि किसान को बेवकूफ समझने की भूल की जा रही है। जबकि कहावत है कि बेपढ़ा जाट पढ़ा जैसा, पढ़ा जाट खुदा जैसा। इसलिए किसान बड़ी होशियार कौम है। मैं उनकी पूरी मदद करूंगा। जहां पर भी किसानों की लड़ाई होगी वहां जाउंगा।


झुंझुनूं के बगड़ पहुंचने पर मेघालय के राज्यपाल सतपाल मलिक का स्वागत किया गया।

अडानी की बढ़ती संपत्ति को लेकर भी मलिक ने हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में यू ट्ययूब जैसे हालात हो रहे हैं। अडानी की संपत्ति बढ़ रही है तो किसानों की आमदनी नीचे जा रही है। अडानी एशिया के तीसरे नंबर के अमीर बन गए है। लोगों में यह चर्चा है कि अडानी का साथ सरकार दे रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालातों को देखते हुए नहीं लगता कि सरकार एमएसपी पर कोई फैसला लेगी। इसलिए किसानों को फिर से आंदोलन करना पड़ेगा। इस बार आंदोलन में वे खुद शामिल होंगे। राजपथ का नाम बदलने पर भी मलिक ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा प्रधानमंत्री के काम को सपोर्ट करता हूं। लेकिन राजपथ का नाम कर्तव्य पथ रखने की कोई जरूरत नहीं थी। राजपथ नाम भी ठीक था। बोलने में अच्छा था। अब कर्तव्य पथ एक मंत्र जैसा लगता है। लेकिन अब प्रधानमंत्री ने कर दिया तो हमें मंजूर है।

■ **मलिक बोले- बीजेपी में काफी लोग ऐसे हैं जिन पर ईडी, सीबीआई, आईटी के छापे पड़ सकते हैं**



विराट कोहली ओपनिंग बल्लेबाज क्यों नहीं हो सकते। केवल रोहित शर्मा को आराम देने के कारण उन्हें ओपनिंग करने का मौका मिला। हालांकि मैनेजमेंट को चाहिए कि उन्हें पूरी तरह से ओपनिंग की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए।

**- वीरेन्द्र सहवाग**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, विरोट कोहली को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

**रोहन बोपन्ना**



भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने घुटने में सूजन के कारण नॉर्वे और भारत के बीच होने वाले डेविस कप 2022 विश्व ग्रुप-1 टाई से नाम वापस ले लिया है। बोपन्ना ने शनिवार को ट्वीट किया, मुझे इस हफ्ते देश का प्रतिनिधित्व करने के अपने निरंतर प्रेम और समर्पण के विरुद्ध जाते हुए नॉर्वे के खिलाफ डेविस कप टीम से हटने का फैसला करना पड़ा है। मेरे घुटने में सूजन है और डॉक्टर ने मुझे अगली प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने से पहले आराम करने की सलाह दी है।" अखिल भारतीय टेनिस महासंघ ने फिलहाल बोपन्ना की जगह किसी खिलाड़ी को टीम में शामिल करने की घोषणा नहीं की है।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीड वुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन है।

## संधू एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 31वें स्थान पर फिसले

नारा (जापान), 10 सितंबर। भारतीय गोल्फर अजितेष संधू सिनहैन डोंगहेई ओपन के तीसरे दिन शनिवार को एक अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 31वें पायदान पर पहुंच गये। वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर था। उन्होंने तीसरे दौर में चार बर्डी और तीन बोगी लगाये। कट में जगह बनाने वाले एक अन्य भारतीय शिव कपूर ने भी इस दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 60वें से संयुक्त 65वें स्थान पर फिसल गये। कपूर ने तीन बर्डी लगाने के साथ दो बोगी किये।

## भारतीय महिलाओं ने मालदीव को 9-0 से रौंदा

काठमांडू, 10 सितंबर। भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने सैफ महिला चैंपियनशिप 2022 में शनिवार को एकतरफा मुकाबले में मालदीव को 9-0 से मात दी। भारत की ओर से अंजू तमांग (24, 45 2, 85, 88) ने सर्वाधिक चार गोल किये। इसके अलावा डांगमेई ग्रेस (53, 86) ने दो गोल किये, जबकि प्रियंका देवी (42), सौम्या गुगुलोथ (55) और कश्मीना (84) ने एक-एक गोल जमाया। दूसरी ओर, मालदीव एक बार भी बॉल को भारतीय गोलकीपर के पार नहीं पहुंचा सकी और भारत ने 9-0 के विशाल अंतर से यह मुकाबला जीत लिया। भारतीय टीम ने सैफ चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान को 3-0 से मात दी थी। भारत का अगला मुकाबला सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ होगा।

## सैलिसबरी और राजीव राम को पुरुष युगल का खिताब

न्यूयॉर्क, 10 सितंबर। ब्रिटेन के जो सैलिसबरी और अमेरिका के राजीव राम की जोड़ी ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। सैलिसबरी और राम ने वेस्ले कूलहोफ और नील स्कूप्स्की को 7-6 (4) 7-5 से पराजित किया। यह पेशेवर युग में केवल दूसरा अवसर है जबकि कोई जोड़ी अमेरिकी ओपन में पुरुष युगल का अपना खिताब बरकरार रखने में सफल रही। सैलिसबरी ने विजयी शॉट जमाने के बाद हाथ हवा में लहराए और फिर अपने साथी राम को गले लगा दिया। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के कारण यह ब्रिटिश खिलाड़ी इससे अधिक जश्न भी नहीं मना सकता था। सैलिसबरी काली पट्टी बांधकर कोर्ट पर उतरे थे। उन्होंने कहा, यह खुलकर जश्न मनाने का समय नहीं है क्योंकि स्वदेश में सभी दुख में हैं। निश्चित तौर पर हम इस सफलता से खुश हैं लेकिन यह इसके साथ ही दुखद समय भी है।" सैलिसबरी ने इस जीत से सुनिश्चित किया कि वह युगल रैंकिंग में नंबर एक खिलाड़ी बने रहेंगे।

## चेन्नई ओपन क्वालीफाइंग ड्रॉ में भारत की चुनौती पहले दौर में खत्म

चेन्नई, 10 सितंबर। डब्ल्यूटीए चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग ड्रॉ में पांचों भारतीय खिलाड़ी पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। भारत का कोई भी खिलाड़ी एक भी सेट नहीं जीत सका। जापान के युकी नैतो ने 16 वर्ष के लक्ष्मीप्रभा अरूणकुमार को 6 . 4, 6 . 1 से हराया और अब ओलिविया टी से खेलेंगे जिन्होंने दसवीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना काजियोनोवा को 6 . 3, 6 . 1 से मात दी। दूसरी वरीयता प्राप्त जापान के नाओ हिबिनो ने भारत के साइ चामार्थी को 6 . 1, 6 . 0 से हराया। भारत की रूतुजा भोसले, रिया भाटिया और सौजन्या बाविसेट्टी भी एकतरफा मुकाबले हार गई।


## चोट के कारण तीसरे एकदिवसीय मैच से बाहर हुए स्टॉयनिस

केर्न्स, 10 सितंबर। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला मार्कस स्टॉइनिस चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे एकदिवसीय मुकाबले से बाहर हो गये हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शनिवार को यह जानकारी दी। बोर्ड ने बताया कि स्टॉयनिस के स्थान पर तेज गेंदबाज नेथन एलिस को टीम में शामिल किया गया है, जो अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में तीन एकदिवसीय मुकाबले खेल चुके हैं। सीए ने कहा कि स्टॉयनिस अगले हफ्ते भारत दौरे के लिये रवाना होने से पहले पर्थ जाकर चोट से उभरने का प्रयास करेंगे, हालांकि इतने कम समय में साइड स्ट्रेन ठीक होने की संभावना कम है। स्टॉयनिस के अलावा सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को भी कार्यभार प्रबंधन के लिये तीसरे एकदिवसीय मैच से आराम दिया गया है।

# कोहली कौशल के मामले में मुझ से बेहतर : सौरव गांगुली

नयी दिल्ली, 10 सितंबर। एशिया कप में शानदार शतक के साथ लय में वापसी करने वाले विराट कोहली की भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने तारीफ करते हुए कहा कि यह स्टार बल्लेबाज एक खिलाड़ी के रूप में उनसे 'अधिक कुशल' है।

कप्तान के तौर पर दोनों को आक्रामक शैली की क्रिकेट के लिए जाना जाता था लेकिन गांगुली के मुताबक कौशल के मामले में कोहली उनसे बेहतर है। गांगुली ने 'यू-ट्यूब' पर 'रणवीर शो' में कोहली के बारे में कहा, " मुझे नहीं लगता कि (कप्तान) तुलना होनी चाहिए। तुलना एक खिलाड़ी के तौर पर कौशल के मामले में होनी चाहिए। मुझे लगता है कि वह मुझसे ज्यादा कुशल है।"



कोहली को अपने अंतरराष्ट्रीय शतक के लिए 1020 दिन तक इंतजार करना पड़ा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से एक महीने का ब्रेक लेने के बाद एशिया कप से टीम में वापसी की और अफगानिस्तान के खिलाफ भारत के आखिरी 'सुपर फोर' मैच में गुरुवार को दुबई में 61 गेंद में नाबाद 122 रन की शानदार पारी खेली।

गांगुली ने कहा, " हम अलग-अलग दौर में खेले और हमने काफी क्रिकेट खेली। मैं अपनी पीढ़ी में खेला, और वह अभी खेलना जारी रखेगा, शायद मुझसे ज्यादा खेल खेलेगा।" उन्होंने कहा, " मैंने कोहली के मुकाबले ज्यादा क्रिकेट खेला है लेकिन इस मामले में वह मुझ से आगे निकलेगा। वह कमाल का खिलाड़ी है।"

गांगुली ने कहा कि क्रिकेट कैलेंडर काफी व्यस्त हो गया है और कोरोना वायरस महामारी के कारण पृथवास जैसी चीजों से पिछले दो सत्र काफी मुश्किल रहे। गांगुली से जब पूछा गया कि कोहली जब संघर्ष कर रहे थे तब क्या उन्होंने कोई सलाह दी थी। गांगुली ने कहा, " वे (टीम) बहुत यात्रा करते है, मुझे उनसे मिलने का समय नहीं मिलता।"

उन्होंने कहा, हर किसी के प्रदर्शन पर मीडिया की नजर रहती है। समय के साथ खिलाड़ियों के नाम बदलते रहते है। मुझे हालांकि इसका पता नहीं रहता है कि मीडिया में किसकी बात चल रही है क्योंकि होटल में पहुंचने के बाद मैं सबसे पहले रिसेप्शन पर कहता हूं कि मुझे अखबार नहीं चाहिये।"

अपने क्रिकेट करियर के दौरान कोच ग्रेग चैपल से विवाद सहित कई उतार-चढ़ाव देखने वाले गांगुली ने कहा कि क्रिकेटरों को अपने खराब प्रदर्शन को भी सकारात्मक तरीके से लेना चाहिये। उन्होंने कहा, " मैं किसी मानसिक परेशानी से नहीं गुजरा। मेरे लिए अच्छे और बुरे दोनों तरह के समय रहे।

# एशिया के ताज के लिये भिड़ेंगे श्रीलंका, पाक

दुबई, 10 सितंबर। श्रीलंका को एशिया कप 2022 के पहले मैच में जब अफगानिस्तान के हाथों शिकस्त मिली थी तो यह उसकी पिछले 35 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 28वीं हार थी, लेकिन दसुन शनाका की टीम ने इसके बाद एशिया कप का पूरा परिदृश्य ही बदल दिया।

श्रीलंका ने एशिया कप 2022 के पहले मैच में हार के बाद अपने अगले चार मुकाबले जीतते हुए सात बार की एशिया कप चैंपियन भारत को हराया और सुपर-4 मैच में अफगानिस्तान को मात देकर अपना पिछला बदला भी चुका लिया। कोच क्रिस सिल्वरवुड की टीम ने बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी और फील्डिंग तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और अब वह छठी बार एशिया कप की ट्रॉफी उठाने से सिर्फ एक कदम दूर है।

रविवार (11 सितंबर) को फाइनल में श्रीलंका के सामने दो बार की एशिया कप चैंपियन पाकिस्तान की चुनौती है। श्रीलंकाई टीम शुक्रवार को हुए ड्रेस रिहर्सल मैच में पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा चुकी है, हालांकि बाबर आजम की टीम से फाइनल में आक्रामक क्रिकेट की उम्मीद है।

श्रीलंकाई स्पिनर यूएई की पिचों पर अपना लोहा मनवा चुके हैं। वानिंदू हसरंगा और महीष तीक्षणा ने शुक्रवार के मैच में पाकिस्तान के पांच बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा और सिर्फ 5.20 की इकॉनमी से रन दिये थे। श्रीलंका के बल्लेबाजों ने भी टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन से सबका दिल जीता है। पाकिस्तान के उलट श्रीलंकाई टीम बल्लेबाजी में एक-दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं है जो उन्हें बड़े लक्ष्यों का पीछा करने में सक्षम बनाता है।

दूसरी ओर, पाकिस्तान की गेंदबाजी शाहीन शाह अफरीदी की अनुपस्थिति के बावजूद हमेशा की तरह पैनी रही है। एशिया कप में भारत के खिलाफ अपना टी20 पदार्पण करने वाले नसीम शाह के रूप में पाकिस्तान को भविष्य का एक सितारा मिला है, लेकिन पाकिस्तान की बल्लेबाजी पूरे टूर्नामेंट में उनका कमजोर पक्ष रहा है।

कप्तान बाबर ने टूर्नामेंट के पांच मैचों में सिर्फ 63 रन बनाये हैं, हालांकि श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने 30 रन की पारी खेलकर लय हासिल करने का संकेत दिया। मोहम्मद रिजवान शानदार फॉर्म की बदौलत एशिया कप 2022 में 226 रन बना चुके हैं, लेकिन उनके अलावा किसी भी पाकिस्तानी बल्लेबाज ने लगातार रन नहीं बनाये हैं। रिजवान एशिया कप 2022 में दो बार बड़ी पारी खेलने में असफल रहे हैं, जिसमें से एक बार (श्रीलंका के खिलाफ) पाकिस्तान ऑलआउट हो गयी थी, जबकि दूसरी बार (अफगानिस्तान के खिलाफ) उसने नौ विकेट गंवाकर मैच जीता था।

यूएई के अन्य मैचों की तरह ही फाइनल में भी टॉस अहम भूमिका निभाएगा। श्रीलंका और पाकिस्तान ने एशिया कप में कुल 16 मुकाबले खेले हैं जिसमें से 11 श्रीलंका ने जीते हैं जबकि पांच पाकिस्तान के पक्ष में गये हैं।

# नंबर एक के लिये अल्काराज, रूड की जंग

न्यूयॉर्क, 10 सितंबर। स्पेन के युवा सनसनी टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारज ने सेमीफाइनल में अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो को हराकर यूएस ओपन फाइनल में कैस्पर रूड के साथ मुकाबला सुनिश्चित किया। 19 वर्षीय अल्काराज ने शुक्रवार को चार घंटे 19 मिनट चले मैच में टियाफो को 6-7(6), 6-3, 6-1, 6-7(5), 6-3 से मात देकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनायी। अल्काराज ओपन युग में अमेरिकी दिग्गज पीट सेम्प्रास के बाद यूएस ओपन फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे किशोर हैं।



अल्काराज ने जीत के बाद कहा, "एक ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में आपको सब कुछ झोंक देना होता है। हमें आखिरी बॉल तक लड़ना होता है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि हम पांच घंटे लड़ रहे हैं या छह घंटे। फ्रांसेस ने कोर्ट पर अपना सब कुछ दिया। यह अद्भुत है।" तृतीय सीड अल्काराज़ का सामना फाइनल में नॉर्वे के पांचवीं सीड कैस्पर रूड से होगा जो कारेन खचानोव को 7-6(5), 6-2, 5-7, 6-2 से हराकर आ रहे हैं। अल्काराज़ की तरह रूड ने भी अब तक कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीता है।

दोनों खिलाड़ी एटीपी रैंकिंग में नंबर एक की दौड़ के दावेदार हैं, और फाइनल जीतने वाला खिलाड़ी साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ-साथ शीर्ष रैंकिंग भी हासिल करेगा। यदि 19 वर्षीय अल्काराज न्यूयॉर्क में ट्रॉफी उठाते हैं तो वह 1973 के बाद एटीपी रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे। अल्काराज ने फाइनल के बारे में कहा, "बड़ी चीजों के लिए लड़ने में सक्षम होना आश्चर्यजनक है। मैं पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचा हूं।

मुझे अब एक अविश्वसनीय खिलाड़ी (रूड) का भी सामना करना है। वह फाइनल खेलने के हकदार हैं। उन्होंने रोलां गैरो में भी एक ग्रैंड स्लैम फाइनल खेला।"

रूड को रोलां गैरो के फाइनल में अल्काराज के हमवतन और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल के हाथों शिकस्त मिली थी। यदि रूड रविवार को होने वाले फाइनल में अल्काराज को मात देते हैं तो वह नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले नॉर्वे के पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। 23 वर्षीय रूड इस आयोजन से पहले कभी भी यूएस ओपन के तीसरे दौर को पार नहीं कर सके थे, लेकिन इस साल वह शानदार फॉर्म के साथ खिताब जीतने के प्रबल दावेदार हैं। रूड ने फाइनल में कदम रखने के बाद कहा, "रोलां गैरो के बाद मैं बेहद खुश था लेकिन मैंने यह सोचकर भी संतोष किया था कि यह मेरे करियर का एकमात्र ग्रैंड स्लैम फाइनल हो सकता है।

## अंडर-17 महिला विश्व कप : पटनायक ने मेजबान शहर का लोगो जारी किया

भुवनेश्वर, 10 सितंबर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को अगले महीने होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के मेजबान शहर का आधिकारिक लोगो का अनावरण किया। भुवनेश्वर तीन मेजबान शहरों में से एक है, जहां फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट 11 से 30 अक्टूबर के बीच ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर, गोवा और महाराष्ट्र में खेला जायेगा। फीफा अंडर-17 महिला विश्व को फाइनल 30 अक्टूबर को खेला जाएगा। पटनायक ने लोगो अनावरण पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, ओडिशा खेल को केन्द्र बन कर उभर रहा है, और अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी हमारे राज्य के लिये एक गौरवमय अवसर है।

ओडिशा का आधिकारिक मेजबान शहर लोगो लॉन्च एक महत्वपूर्ण क्षण है जो महिला फुटबॉल की प्रगति को भी दर्शाता है। हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ युवा महिला फुटबॉलरों की मेजबानी करके रोमांचित है। उन्होंने कहा, हम दुनियाभर से सर्वश्रेष्ठ युवा महिला फुटबॉलरों की मेजबानी करने के लिये उत्सुक हैं, खासकर भारतीय टीम को, जो अपने सभी ग्रुप स्टेज मुकाबले कलिंगा स्टेडियम में खेलेगी। ओडिशा के आधिकारिक मेजबान शहर लोगो में विशेष रूप से डिज़ाइन की गई कलाकृति के साथ अंडर-17 महिला विश्व कप का आधिकारिक प्रतीक प्रस्तुत किया गया है जो समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जीवंत खेल पारिस्थितिकी तंत्र और राज्य के समग्र वैभव को प्रदर्शित करता है।

## ढुल की शतकीय पारी से उत्तर क्षेत्र ने पूर्व क्षेत्र पर बढ़त कायम की

पुडुचेरी, 10 सितंबर। युवा प्रतिभाशाली बल्लेबाज यश ढुल ने दलीप ट्रॉफी के अपने पहले मैच में 193 रन की शानदार पारी खेली जिससे उत्तर क्षेत्र ने क्वार्टर फाइनल में पूर्व क्षेत्र के खिलाफ शनिवार को यहां खेल के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 433 रन बनाकर बड़ी बढ़त कायम करने कर ओर कदम बढ़ा दिये। अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान ढुल ने 236 गेंद की पारी में 28 चौके और दो छक्के जड़े। उनकी इस शानदार पारी से उत्तर क्षेत्र ने पहली पारी में 36 रन की बढ़त कायम कर ली है और उसके सात विकेट बचे हुए है। ढुल ने अपने अपने रणजी करियर का आगाज भी इसी तरह से किया था। उन्होंने तमिलनाडु के खिलाफ अपने पदार्पण मैच की दोनों पारियों में शतक जड़ा था। उन्होंने एक बार से अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए पूर्व क्षेत्र के गेंदबाजों के खिलाफ कई आकर्षक शॉट लगाये। इस 19 साल के खिलाड़ी ने 131 गेंद में 15 चौके की मदद से अपना शतक पूरा किया तब टीम का स्कोर एक विकेट पर 174 रन था। शतक पूरा करने के बाद उन्होंने और तेजी से रन बनाये। दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 65 रन से करने के बाद ढुल और मनन वोहरा (44) ने पहले विकेट के लिए 128 रन जोड़े। इस साझेदारी को शाहबाज नदीम (एक विकेट पर 107 रन) ने तोड़ा। ढुल ने इसके बाद ध्रुव शोरे (81 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 192 रन की शानदार साझेदारी की।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पेहल पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-ग्रा.प./2022/SPL1 **अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2020-21** दिनांक-08/9/2022

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत पेहल के ग्राम पेहल में मुख्य सडक से ललित पैराडाइज स्कूल की ओर होते हुए बलबीर के मकान की ओर इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य। | 21/9/2022 10 AM तक | 21/9/2022 12 PM तक | 21/9/2022 2 PM तक | 08.0 लाख | 16000/- | 200/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच ग्राम पंचायत पेहल पं. समिति मुण्डावर (अलवर) | NIB N. ZAL2223A0676 UBN N. ZAL2223GSOB009 | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पेहल पं. समिति मुण्डावर (अलवर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत खरेटा पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-SP-1 **अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23** दिनांक-07/9/2022

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंगल फेस मय टंकी निर्माण हुरमत की ढाणी गाँव सुहेटा। | 19/9/2022 12 PM तक | 19/9/2022 2 PM तक | 19/9/2022 4 PM तक | 8.0 लाख | 16000/- | 200/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच ग्राम पंचायत खरेटा पं. समिति मुण्डावर (अलवर) | NIB N. ZAL2223A0672 UBN N. ZAL2223GSOB00940 | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत खरेटा पं. समिति मुण्डावर (अलवर)

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)
IDFC FIRST Bank
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
अधिकृत अधिकारी-माजिद खान, संपर्क नम्बर-9828057866-9874702021

**परिशिष्ट-IV-ए**
**(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्ननिर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8(6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये प्राइवेट ट्रीटी सेल नोटिस एतथद्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋण ग्रहिता (ओं) तथा जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, जिनका भौतिक कब्जा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और अब आईडीएफसी बैंक के साथ सम्मिलित) के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है की बिक्री 29.09.2022 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह हैं" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल कैपिटल फायनेन्स लिमिटेड) को 26.04.2021 को बकाया रुपये 23,94,041/- की मै. टौंक टाइल्स कलक्शन्स एवं श्रीमती निशा कटियार, पंकज कटियार (ऋणग्रहिता-सह-ऋण ग्रहिता (ओं)) से वसूली के लिय की जायेगी। आरक्षित मूल्य रूपये 9,00,000/- होगा।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

**फ्लैट नं. ई-एस-5, प्लाट नं. बी-53-सी, न्याय वाटिका बीलवा, तहसील सांगानेर, जयपुर का पूरा एवं प्रत्येक भाग, सीमायें है पूर्व-कोरीडार, पश्चिम-आसमान को खुला, उत्तर-अन्य फ्लैट, दक्षिण-अन्य फ्लैट**

बिक्री के विस्तृत नियमों व शर्तो के लिये कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट में उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात https://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC. & www.idfcfirstbank.com

स्थान - जयपुर
दिनांक- 08.09.2022
अधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

**कार्यालय चुनाव अधिकारी श्री धन्वन्तरि सेवा समिति**
**96, जौहरी बाजार जयपुर, फोन नं. 2575041, 2574333**

पत्र क्रमांक: 962/22 **अधिसूचना** दिनांक: 08.09.2022

श्री धन्वन्तरि सेवा समिति के विधान के अनुसार त्रैवार्षिक चुनाव, समिति के वार्षिक अधिवेशन में दिनांक 24.9.2022 शनिवार को श्री धन्वन्तरि औषधालय भवन 96, जौहरी बाजार जयपुर में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक सम्पन्न होगें। इसमें समिति के 5 पदाधिकारियों व श्री धन्वन्तरि औषधालय एंव आरोग्यशाला उपसमिति के 15 सदस्यों (जिनमें कम से कम 5 व अधिक से अधिक 7 वैद्य होगे) तथा श्री धन्वन्तरि भेषज निर्माणशाला उपसमिति के 7 सदस्यों (जिनमें कम से कम 4 व अधिक से अधिक 5 वैद्य होगें) का निर्वाचन होगा। विधान के अनुसार दोनो उपसमितियों में कम से कम दो सदस्य एक दूसरी उपसमितियों में होना आवश्यक है।

**निर्वाचन कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| 1. सभी पदो के नामांकन पत्र भरने की तिथि सभी दिवसों पर | 17 सितम्बर से 19 सितम्बर 2022 प्रातः 11 बजे से सांय 3 बजे तक |
| 2. नामांकन पत्रों की जांच | 20 सितम्बर 2022 दोपहर 4 बजे से |
| 3. नामांकन वापिस लेने की तिथि | 21 सितम्बर 2022 सांय 3 बजे तक |
| 4. अन्तिम प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन | 21 सितम्बर 2022 सांय 4 बजे |
| 5. मतदान की तिथि (आवश्यक हुआ तो) | 24 सितम्बर 2022 प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक, समिति के वार्षिक अधिवेशन में |
| 6. मतदान का स्थान | श्री धन्वन्तरि औषधालय 96, जौहरी बाजार जयपुर |
| 7. मत गणना | 24 सितम्बर 2022 सांय 4 बजे से |
| 8. चुनाव परिणाम | 24 सितम्बर 2022 मत गणना पश्चात |

विशेष:- नामांकन पत्र एंव मतदाता सूची समिति कार्यालय में दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध है। चुनाव सम्बन्धि सभी पत्रादि कार्यालय में ही जमा होगें। नामांकन पत्र, मतदाता सूची 200 रूपये प्रत्येक के जमा कराये जाकर प्राप्त किये जा सकते है। नामांकन पत्र भरकर जमा कराये जाने पर नामांकन शुल्क 2100/रूपये प्रति उम्मीदवार देय होगा। **मनोज गोयल (एडवोकेट), मुख्य निर्वाचन अधिकारी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सोरखाकलां पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-SP-1 दिनांक-09/9/2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2020-21**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इंटरलॉकिंग टाइल्स मय नाली निर्माण कार्य भगतों के बास से बाढवाला की तरफ बिरटोली | 19/9/2022 | 19/9/2022 | 19/9/2022 | 6.00 | 12000/- | 200/- |
| 2 | ग्राम पंचायत सोरखाकलां के ग्राम बिरटोली ठाकुरों का बास में भूप सिंह के घर से सवाई सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य | 19/9/2022 | 19/9/2022 | 19/9/2022 | 08.0 | 16000/- | 200/- |
| 3 | ग्राम पंचायत सोरखाकलां के ग्राम सोरखाकलां में अंबेडकर भवन में हॉल का निर्माण कार्य। | 19/9/2022 | 19/9/2022 | 19/9/2022 | 06.0 | 12000/- | 200/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच ग्राम पंचायत सोरखाकलां पं. समिति मुण्डावर (अलवर) | NIB N. ZAL2223A0678 UBN N. ZAL2223GSOB00947 | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सोरखाकलां पं. समिति मुण्डावर (अलवर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत पीपली पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-SPL-1 दिनांक-08/09/2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23**

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायत राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक तक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहीद रमेशचन्द माध्यमिक विद्यालय कालुका में इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य। | 19.09.22 11AM तक | 19.09.22 01PM तक | 19.09.22 03PM तक | 5.0 लाख | 10000 | 200 |
| 2 | सुभाष गुप्ता के घर के पास सिंगल फेस बोरिंग | 19.09.22 11AM तक | 19.09.22 01PM तक | 19.09.22 03PM तक | 4.0 लाख | 8000 | 200 |
| 3 | स्कूल के पास चार दीवारी एवं सौंदर्यकरण ग्राम कालूका | 19.09.22 11AM तक | 19.09.22 01PM तक | 19.09.22 03PM तक | 8.25 लाख | 16500 | 200 |
| 4 | अभय सिंह के घर के पास सिंगल फेस बोरिंग | 19.09.22 11AM तक | 19.09.22 01PM तक | 19.09.22 03PM तक | 2.5 लाख | 5000 | 200 |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच ग्राम पंचायत पीपली पं.सं. मुण्डावर (अलवर) | NIB N. ZAL2223A0673 UBN N. ZAL2223GSOB00941 | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पीपली पं.सं. मुण्डावर (अलवर)

**FORM NO. 14**
(See Regulation 33(2)
NOTICE UNDER RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT 1961 DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-JAIPUR.
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-JAIPUR
First Floor, Sudharma-II Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road, Jaipur-302015
Dispatch No. DRT/JP/3769 Date: 9.07.2022
R.C. No. 305 of 2020 Next Date-27.10.2022
STATE BANK OF INDIA Certificate Holder
Versus
M/s. Mangal Steel & Confectionary
DEMAND NOTICE
To, (1) M/s Mangal Steel & Confectionary Company through Prop. Mahesh Kumar Agarwal S/o Mr. Ramjilal Agarwal, Address: Railway Station Ke Pass Petrol Pump Ke Samne, Bainad Road, Jaipur-302012 (2) Mahesh Kumar Agarwal S/o Mr. Ramjilal Agarwal Address: 25-A, Road No. 6 Shekhawati Nagar, V.K.I. Jaipur-302012
In view of the Recovery Certificate issued in O.A. No. 1065/2018(19.02.2020) passed by the Presiding Officer DRT, Jaipur an amount of Rs. 11,11,295/- (RC Amount) in word Rs. Eleven Lakhs Eleven Thousand Two Hundred and Ninety Five Only Only and interest thereon as per Rocovery Certificate is due against you.
1. You are hereby called upon to deposit the above sum within 15 days of the receipt of the notice, failing which the recovery shall be made as per rules. 2. You are, hereby ordered to appear before the undersigned on 27.10.22 at 11.00 a.m., 3. In additions to the sum aforesaid you will be liable to pay.
(a) Such interest as is payable for the period commencing immediately after this notice of the execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and other process that may be taken for recovering the amount due.
DETAILS OF AMOUNT IN THE RECOVERY CERTIFICATE DUE AGAINST YOU
S.No.-1, Particulars-Decreetal Amount, Amount (in Rs.)-11,11,295/-, S.No.-2, Particulars-Amount of Interest in Account @ 12.00% p.a. (Simple) rests on Rs. 11,11,295/- from 05.11.2018 to 16.01.2021, Amount (in Rs.)-1,55,540/-, S.No.-3, Particulars-Cost awarded by Court, Amount (in Rs.)-15,392/-, S.No.-4, Particulars-Amount Received, Amount (in Rs.)-NIL, S.No.-5, Particulars-Total Recoverable Amount as on 16.01.2021, Amount (in Rs.)-12,82,227/-
Recovery Officer, Debt Recovery Tribunal, Jaipur.

**FORM NO. 14**
(See Regulation 33(2)
NOTICE UNDER RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT 1961 DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-JAIPUR.
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-JAIPUR
First Floor, Sudharma-II Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road, Jaipur-302015
Dispatch No. DRT/JP/3771 Date: 29.07.2022
R.C. No. 307 of 2020 Next Date-27.10.2022
STATE BANK OF INDIA Certificate Holder
Versus
M/s. Mangal Trading Company
DEMAND NOTICE
To, (1) M/s Mangal Trading Company through Prop. Vinod Kumar Agrawal S/o Mr. Ramjilal. Address: Plot No. 30, Ganesh Nagar 5, Nadi Ka Phatak Bainad Road, Jaipur-302012, (2) M/s Mangal Trading Company through Prop. Vinod Kumar Agrawal S/o Mr. Ramjilal. Address Bainad Road, Nangal Jaisa Bohara, Jhotwara, Jaipur-302012, (3) Vinod Kumar Agarwal S/o Ramjilal Address: 25-A, Shekhawati Nagar, Road No. 6, V.K.I., Jaipur-302012 (Rajasthan)
In view of the Recovery Certificate issued in O.A. No. 1067/2018(19.02.2020) passed by the Presiding Officer DRT, Jaipur an amount of Rs. 11,26,699/- (RC Amount) in word Rs. Eleven Lakhs Twenty Six Thousand Six Hundred and Ninety Nine Only Only and interest thereon as per Rocovery Certificate is due against you.
1. You are hereby called upon to deposit the above sum within 15 days of the receipt of the notice, failing which the recovery shall be made as per rules.
2. You are, hereby ordered to appear before the undersigned on 27.10.22 at 11.00 a.m.
3. In additions to the sum aforesaid you will be liable to pay.
(a) Such interest as is payable for the period commencing immediately after this notice of the execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and other process that may be taken for recovering the amount due.
DETAILS OF AMOUNT IN THE RECOVERY CERTIFICATE DUE AGAINST YOU
S.No.-1, Particulars-Decreetal Amount, Amount (in Rs.)-11,26,699/-, S.No.-2, Particulars-Amount of Interest in Account @ 12.00% p.a. (Simple) rests on Rs. 11,26,699/- from 14.11.2018 to 16.01.2021, Amount (in Rs.)-1,57,640/-, S.No.-3, Particulars-Cost awarded by Court, Amount (in Rs.)-15,367/-, S.No.-4, Particulars-Amount Received, Amount (in Rs.)-NIL, S.No.-5, Particulars-Total Recoverable Amount as on 16.01.2021, Amount (in Rs.)-12,99,706/-
Recovery Officer, Debt Recovery Tribunal, Jaipur.

**FORM NO. 14**
(See Regulation 33(2)
NOTICE UNDER RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT 1961 DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-JAIPUR.
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-JAIPUR
First Floor, Sudharma-II Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road, Jaipur-302015
Dispatch No. DRT/JP/4022 Date: 16.08.2022
R.C. No. 279 of 2020 Next Date-27.10.2022
STATE BANK OF INDIA Certificate Holder
Versus
M/s. Shri Balaji Fab Certificate Debtor
DEMAND NOTICE
To, (1) Shri Balaji Fab, Shop No. 109, First Floor, Nav Jeevan Plaza, Sanganeri Gate, Jaipur-302001 (Raj.) through its Proprietor Sh. Prakash Soni, S/o Sh. Lal Chand Soni. (2) Shri Balaji Fab through its Proprietor Sh. Prakash Soni S/o Sh. Lal Chand Soni Address: Plot No. 44 Shyam Vatika, Jai Singhpura Khor, Jaipur. (3) Prakash Soni, S/o Sh. Lal Chand Soni, Shop No. 109, First Floor, Nav Jeevan Plaza, Sanganeri Gate, Jaipur-302001 (Raj.) (4) Prakash Soni, S/o Sh. Lal Chand Soni, Plot No. 44 Shyam Vatika, Jai Singhpura Khor, Jaipur.
In view of the Recovery Certificate issued in O.A. No. 1038/2018(31.12.2019) passed by the Presiding Officer DRT, Jaipur an amount of Rs. 10,04,712/- (RC Amount) in word Rs. Ten Lakhs Four Thousand Seven Hundred and Twelve Only and interest thereon as per Rocovery Certificate is due against you.
1. You are hereby called upon to deposit the above sum within 15 days of the receipt of the notice, failing which the recovery shall be made as per rules., 2. You are, hereby ordered to appear before the undersigned on 27.10.22 at 11.00 a.m., 3. In additions to the sum aforesaid you will be liable to pay.
(a) Such interest as is payable for the period commencing immediately after this notice of the execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and other process that may be taken for recovering the amount due.
DETAILS OF AMOUNT IN THE RECOVERY CERTIFICATE DUE AGAINST YOU
S.No.-1, Particulars-Decreetal Amount, Amount (in Rs.)-10,0,712/-, S.No.-2, Particulars-Amount of Interest in Account @ 10.00% p.a. (Simple) rests on Rs. 10,04,712/- from 30.11.2018 to 16.01.2021, Amount (in Rs.)-1,08,768/-, S.No.-3, Particulars-Cost awarded by Court, Amount (in Rs.)-14,470/-, S.No.-4, Particulars-Amount Received, Amount (in Rs.)-NIL, S.No.-5, Particulars-Total Recoverable Amount as on 16.01.2021, Amount (in Rs.)-11,27,950/-,
Recovery Officer, Debt Recovery Tribunal, Jaipur.

## संक्षिप्त

### सोनू कंवर निर्विरोध निर्वाचित

**टोंक, (निसं)।** ग्राम सेवा सहकारी समिति करिरिया के चुनाव हेतु हेतु 12 वार्डों में प्रत्याशियों द्वारा 11 वार्डों में



नामांकन प्रस्तुत किए गए। व्यवस्थापक देव लाल गुर्जर ने बताया कि 5 वार्डों में एक एक ही आवेदन प्राप्त होने से 5 वार्ड में निर्विरोध सदस्य चुने गए। इसमें वार्ड संख्या 3 से सोनू कंवर धर्मपत्नी प्रवीण सिंह, वार्ड नंबर 7 से हेमराज पुत्र केसर लाल, वार्ड नंबर 8 से मुकेश पुत्र कानाराम, वार्ड नंबर 10 से भरत पुत्र हरिनारायण, वार्ड नंबर 11 से जीत राम पुत्र शिवजी को निर्विरोध चुना हुआ घोषित किया गया। शेष वार्ड नंबर 1 से रतिराम एवं शिवप्रसाद वार्ड नंबर 2 से अंकार एवं भागुती वार्ड नंबर 4 से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ वार्ड नंबर 5 से सत्यनारायण एवं सीताराम वार्ड नंबर 6 से नीता कंवर एवं सीता देवी वार्ड नंबर 9 से देवराज एवं रमेश वार्ड नंबर 12 से प्रेम लाल एवं भवानी शंकर शेष उम्मीदवार बचे हैं जिनमें चुनाव होना है।

### भवानीसिंह ने एएसपी टोंक का पद संभाला

**टोंक, (निसं)।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक के पद पर विधिवत रुप से राजस्थान पुलिस सेवा के



अधिकारी भवानी सिंह राठौड ने अपना पदभार ग्रहण किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह राठौड इससे पहले जयपुर ग्रामीण महिला अंवेषण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी के रुप में तैनात थे। जहां से उन्हे एएसपी टोंक के पद पर तैनात किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह राठौड ने अपने कार्यभार संभालने के साथ ही अपने कार्यक्षेत्र में बारे में जानकारी हासिल की। उसके बाद पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी सहित अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने टोंक शहर का भ्रमण कर मुख्य मार्गो को देखा।

### नीट में कुशल को मिले 612 अंक

**सांभरझील, (निसं)।** नीट परीक्षा में सांभर निवासी एडवोकेट लालचंद कुमावत के पुत्र कुशल कुमावत ने



720 अंक में से 612 अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की है। यह परीक्षा विगत17 जुलाई को आयोजित की गई थी। अब आगे काउंसलिंग के बाद कुशल को मेडिकल कालेज का आवंटन होगा। इनकी सफलता पर अनेक लोगों ने शुभकामना व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### विमला वर्मा अध्यक्ष नियुक्त

**निवाई, (निसं)।** राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के संरक्षक कमलनाथ भोपाल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाहटा के निर्देशानुसार महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश



अध्यक्ष बदाम देवी तुनगरिया ने संगठन का विस्तार करते हुए टोंक जिला अध्यक्ष के पद पर विमला वर्मा पत्नी बसंत कुमार वर्मा निवासी शिवाजी कॉलोनी निवाई को नियुक्त किया है। नवनियुक्त जिलाधक्ष विमला वर्मा को नियुक्ति पत्र देकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर शीघ्र कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए हैं।

### नीट में उत्तीर्ण छात्रों का सम्मान

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम भालोजी निवासी गुड्डू यादव पुत्री सुण्डाराम यादव एवं नीलम यादव पुत्र रविन्द्र कुमार यादव के नीट परीक्षा 2022 उत्तीर्ण करने पर पंचायत समिति सदस्य विक्रम यादव फाईनेंसर ने ग्रामीणों के साथ उनके निवास पर पहुँचकर माला व साफा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान करते हुए उज्जवल भविष्य कामना की। इस दौरान भवानी यादव, शंकर गुरुजी, दलिप यादव, घनश्याम यादव, ब्रह्मदत्त यादव, राजेन्द्र यादव व अशोक यादव सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# पांच दिन पहले लापता युवक का शव नाले में मिला

**मालपुरा, (निसं)।** पचेवर थानान्तर्गत आवडा से डोरिया सडक किनारे नाले में शनिवार को एक युवक का सडा गला क्षत-विशत शव मिलने से फैली सनसनी के बाद डीवाईएसपी सुशील मान की मौजूदगी में पहुंचे ग्रामीणों ने शव की शिनाख्त पांच दिन पूर्व लापता हुए आवडा निवासी प्रधान जाट के रूप मे की गई।

थानाधिकारी रतन सिंह तंवर ने बताया कि आवडा निवासी प्रधान जाट जो कि डोरिया गांव मे प्राईवेट डेयरी पॉईन्ट चलाता था। पांच सितम्बर की देर शाम को डेयरी बंद कर मोटरसाईकिल से आवडा के लिए निकला था लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में गहन तलाशी के बाद भी सुराग नहीं मिलने पर छह सितम्बर को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। सात सितम्बर को ग्रामीणों ने थाने के सामने दूदू छाण स्टेट हाईवे पर जाम लगा प्रदर्शन किया था। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एएसपी राकेश कुमार बैरवा व डीवाईएसपी सुशील मान के



पचेवर थाना क्षेत्र में सड़क किनारे नाले में मिले युवक के शव को डीवाईएसपी सुशील मान व पुलिस टीम ने सुरक्षा के घेरे में लिया।

निर्देशन में चार टीमों का गठन कर प्रधान की तलाश शुरू की गई तथा सोशल मिडिया पर प्रधान की गुमशुदगी की सूचना व फोटो भी वायरल की गई। शनिवार की दोपहर जरिए दूरभाष के आवडा से डोरिया सडक मार्ग पर सडक किनारे नाले में एक बाइक व शव पडे होने की मिली सूचना पर डीवाईएसपी सुशील मान पचेवर पुलिस जाप्ते के साथ पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से नाले से शव व बाइक को बाहर निकाल शव की शिनाख्त की गई। सूचना पर एएसपी राकेश कुमार बैरवा व मालपुरा थानाधिकारी कैलाश विश्नोई मालपुरा अस्पताल पहुंचे जहां परिजनों की मौजूदगी में तीन चिकित्सक डॉ. राजेन्द्र

- 5 सितम्बर की शाम हुआ था लापता,7 को ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे किया था जाम

चन्देल, डॉ. कैलाश सांभरिया, अनिल मीणा के मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंपा गया। नाले में मिले युवक का शव पूर्णरूप से क्षत-विक्षत हो जाने व शरीर में कीडे हो जाने के चलते दुर्गन्ध में तब्दील हो गया। मामले में पूर्व में गुस्साए ग्रामीणों द्वारा स्टेट हाईवे जाम करने व थानाधिकारी से हुई तीखी तकरार को मध्य नजर रखते हुए शनिवार को आवडा गांव व मालपुरा अस्पताल में अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। एएसपी बैरवा ने बताया कि प्रधान जाट की मौत के कारणो की जांच पुलिस की विशेष टीम द्वारा की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणो का खुलासा होगा। पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल मे बडी संख्या में परिजन व परिचितों का जमावडा रहा।

## गोकशी के लिए हरियाणा ले जाते चार गोवंश मुक्त कराये

- पिकअप जब्त, तस्कर फरार

**बहरोड/भिवाडी, (निसं)।** जिला पुलिस भिवाडी के पुलिस थाना शेखपुर अहीर के द्वारा 9 सितंबर को बिना नंबर की पिकअप के बहुत तेज स्पीड से शेखपुर की तरफ से गायों से भरी हुई की सूचना हरियाणा ले जाने की मिली।

इस पर इसरोदा मोड पर नाकाबंदी के दौरान भिवाडी की तरफ से पिकअप बहुत तेज गति से शेखपुर अहीर की तरफ आने पर पुलिस की गाडी व नाकाबंदी को देखकर वापस घुमाकर भिवाडी की तरफ भागा ले जाने पर पुलिस जाब्ता द्वारा गाडी का पीछा किया तो रंभाना गांव को जाने वाले रास्ते पर पिकअप के बाएं पहिये दोनों पंचर होने के कारण पिकअप गाडी को छोडकर चालक व दो अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों में भाग गए। जिनको तलाश करने पर नहीं मिले तो बिना नंबर की गाडी को चेक किया गया तो उसमें 4 गोवंश एक बछड़ा, एक बछिया व दो गाय को रस्सी से मुंह व पैर बांधकर गोकशी के लिए हरियाणा ले जा रहे थे।

बिना नंबर की पिकअप को जरिए फर्द जब्त कर कब्जा लिया तथा मौके से पिकअप को धीरे धीरे चला मोनी बाबा गौशाला तिजारा पहुंचे जहां पर गोवंश को गौशाला तिजारा में दाखिल कराकर रसीद प्राप्त की गई। प्रकरण दर्ज कर फरार मुलजिम की तलाश जारी है। मुलजिम लंबे समय से शातिराना तरीके से गौ तस्करी करते हैं। शीघ्र ही परंपरागत व तकनीकी तरीकों से आसूचना संकलन कर घटना में संलिप्त गौ तस्करों की गिरफ्तारी कर प्रकरण का निस्तारण किया जाएगा। उक्त कार्यवाही में सचिन शर्मा उपनिरीक्षक थाना अधिकारी पुलिस थाना शेरपुर तथा राजपाल हेड कांस्टेबल के साथ कांस्टेबल हरीश, सुंदरलाल, विक्रम, दिनेश आदि ने कार्यवाही में सहयोग किया।

## विधायक ने सुनी समस्याएं, स्वास्थ्य केंद्र की मरम्मत के लिए 10 लाख की घोषणा

**किशनगढबास, (निसं)।** विधायक दीपचंद खैरिया की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने कृषि उपज मंडी में 10 सदस्यों की नियुक्ति की है।

विधायक खैरिया के निजी मीडिया सहायक ने बताया बघेरीकला निवासी घीसाराम भढाना पुत्र मक्खन लाल, मिर्जापुर निवासी कांचन पुत्र जले सिंह, खानपुर मेवान निवासी नूर मोहम्मद हल्लू पुत्र चाव खान, बंबोरा निवासी ओम प्रकाश सैनी पुत्र भोलूराम, माछरौली निवासी कंचन कंवर पत्नी इंदर सिंह, बांस कृपाल नगर निवासी रेशम पत्नी प्रकाश चंद्र व्यापारी वर्ग से किशनगढबास निवासी महेश कुमार पुत्र बनवारी लाल, सहकारी विपणन समिति के सदस्य भोजराज निवासी रतिराम चौधरी पुत्र सुल्तान सिंह स्थानीय निकाय उजोली सरपंच ओमप्रकाश मेघवाल पुत्र गणपत मेघवाल राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य किशनगढबास निवासी वीरेंद्र कुमार सोनी पुत्र रामकिशन सोनी को मनोनयन किया है।

- कृषि उपज मंडी में 10 सदस्य नियुक्त करने व सहायक अभियंता लगाए जाने पर विधायक का किया स्वागत

इसके अलावा खैरथल जलदाय विभाग में सहायक अभियंता सीताराम को लगाए जाने पर जाटव समाज के कांग्रेसी पार्षदों सहित समाज के लोगों ने विधायक दीपचन्द खैरिया का आभार जताते हुए स्वागत किया। इस अवसर पर मनोनीत पार्षद रामचन्द्र कामरेड, इलियास खान ठेकेदार, मनोज बुरडिया पार्षद, राहुल रसगोंन पार्षद, पार्षद प्रत्याशी रहे सुल्तान तँवर, बन्टी खैरिया, जगदीश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। विधायक दीपचंद खैरिया ने गाँव मिर्जापुर में ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनी और उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन के जर्जर अवस्था में होने की बात कही। पानी की समस्या से अवगत कराया और कहा बरसात के दिनों में गंदा पानी भवन के अंदर भर जाता है। जिससे स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पडता है। छत से पानी टपकता है। विधायक ने ग्रामीणों की मांग को देखते हुए उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन की मरम्मत कार्य के लिए विधायक कोष से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। पीने के पानी की समस्या को देखते हुए मस्जिद के पास 5 लाख रूपए की लागत से एक सिंगल फेज लगवाने की घोषणा की। इस मौके पर पूर्व एमपीएस असलूप खान, पूर्व सरपंच साहब दीन, पूर्व सरपंच कासम खान, ईसब खान, लाल खान, बट्टी सरपुर, राशन डीलर अब्दुल रहमान, हामिद खां मोटा खान सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में चल रही तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

- पुरूष वर्ग में वॉलीबॉल में जयसिंह की टीम विजयी व दीपांशु शर्मा की टीम उपविजेता
- रस्साकस्सी (बालिका वर्ग) टूर्नामेंट में कविता सामोता टीम विजेता व ख़ुशी टीम उपविजेता
- रस्साकस्सी, वॉलीबाल, दौड़ का आयोजन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज, श्रीमाधोपुर में चल रही तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं के आखरी दिन शनिवार को रस्साकस्सी, वॉलीबाल, दौड का आयोजन हुआ। खेल सचिव वीरेंद्र यादव ने बताया कि निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डा वीरेंद्र सैनी, सचिव गीता खर्रा के सानिध्य में पारंपरिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

कैलाश कुमार सिंह ने बताया कि पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल का शानदार मुकाबला हुआ जो दर्शकों के रोमांच का केंद्र बना रहा। वॉलीबॉल में जयसिंह की टीम विजयी रही व दीपांशु शर्मा की टीम उपविजेता रही। वॉलीबॉल (बालिका वर्ग) खुशिया विजेता व सुनीता टीम उपविजेता रही। अभिषेक कुमावत ने बताया कि रस्साकस्सी (बालक वर्ग) टूर्नामेंट में एनसीसी की योगेश कुमार स्वामी टीम विजेता व आयुष चौधरी टीम उपविजेता रही। सुशीला देवी ने बताया कि रस्साकस्सी (बालिका वर्ग) टूर्नामेंट में कविता सामोता टीम विजेता व ख़ुशी टीम उपविजेता रही। सुमित्रा चौधरी ने बताया की बालक वर्ग दो सौ मीटर दौड में चंद्र प्रकाश प्रथम, योगेश द्वितीय, अभिषेक वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग सौ मीटर दौड में रवि सैन प्रथम, चंद्र प्रकाश द्वितीय, अभिषेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दो सौ मीटर दौड (बालिका वर्ग) में सरोज कुमार सैनी प्रथम, पिंकी बिजारणिया द्वितीय व मनीषा सुंडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम मे मंच संचालन व्याख्याता मांगीलाल कुमावत, राजेश कुमार मीणा, बृजमोहन यादव, अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर विजेंद्र कुमार, सुशीला देवी, प्रमोद वर्मा, आनंद बबेरवाल, राकेश शर्मा, रोहित शर्मा, कैलाश कुमार, मुकेश, नीलम, शिल्पी, मनीष सामोता, ग्यारसी लाल, दिनेश डोडवाडिया, मनीष अग्रवाल, गोविन्द कुमावत, सायर देवी, मनीषा चौधरी, नीतू शर्मा, श्रवणी, रणवीर सिंह सहित समस्त स्टाफ, खिलाडी व दर्शक मौजूद थे।

## नारायणी धाम का विकास प्रमुख लक्ष्य : महंत प्रकाश दास

**राजगढ, (निसं)।** राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के नारायणी धाम पर महासम्मेलन में आस्था का जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान राजगढ़ के ठिकाना गंगाबाग के महंत प्रकाश दास महाराज ने कहा कि सभी धर्मों की आस्था के केंद्र नारायणी धाम क्षेत्र का विकास मेरा प्रमुख लक्ष्य है।

नारायणी धाम के विकास के लिए सभी को आगे आना चाहिए तीन दिवसीय मेला महोत्सव के उपलक्ष में अखिल भारतीय नारायणी माता धाम प्रबंध विकास महासभा के तत्वाधान में देश भर से, आए श्रद्धालु उमड़े। इस अवसर पर रात्रि को भव्य जागरण में एक से बढ़कर एक गायक कलाकारों ने भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत प्रकाश दास महाराज थे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नारायणी धाम से पूरे देश के सर्वे समाज की श्रद्धा और आस्था जुडी हुई है इस पवित्र स्थान का सर्वांगीण विकास होना चाहिए। अध्यक्षता अखिल भारतीय नारायणी धाम प्रबंध विकास महासभा के अध्यक्ष अशोक सेन सरना ने की। उन्होंने कहा कि यह सेन समाज का देश भर का आस्था का स्थान है इसे विराट रूप देने व विकास के लिए हम लोग तैयार हैं। विशिष्ट अतिथि चंपालाल महाराज अजमेर ने कहा कि समाज के युवा शिक्षा और रोजगार को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाएं। युवाओं को आगे बढने से समाज प्रगति करेगा।

महेंद्र गहलोत पूर्व केशकला अध्यक्ष, मोहन मोरवाल, लक्ष्मी नारायण सेन जिलाध्यक्ष, सुनील सेन प्रदेश अध्यक्ष सैन सेना रहे। अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम देर रात्रि तक चला। उसके बाद भजन सत्संग का आयोजन किया गया। अशोक मारू, कैलाश नीमला, श्यामसुंदर राजपूत, महावीर सैन, संस्कार सैन, कमलेश जसोरिया, अशोक झाडीसा, नेपाल सिंह पर्यावरण बचाओ संघर्ष समिति संयोजक सहित गणमान्य जन मौजूद रहे।

## डॉ.रोहिताश ने आइसोलेशन वार्ड का निरीक्षण किया

**नारायणपुर, (निसं)।** पूर्व मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा शनिवार को बानसूर विधानसभा के एक दिवसीय दौरे पर रहे। पूर्व मंत्री ने प्रशासन द्वारा लंपी बीमारी से ग्रसित गायों के लिए बनाए आइसोलेशन वार्ड का निरीक्षण किया। जानकारी अनुसार नारायणपुर उपखंड की 19 ग्राम पंचायतों में फ़िलहाल 418 गाय संक्रमित है जिनमे 17 गायों की मौत हो चुकी है। पूर्व मंत्री ने सरकार पर गौर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय रहते हुए सरकार गायों को वेक्सिनेशन करवा देती तो आज इतनी संख्या में गायें नही मरती और मैंने मेरे जन्मदिन के अवसर पर गायों को वैक्सीनेशन करने का अभियान चलाया उसमे भी सरकार ने उडंगा लगा दिया और जहाँ से हम वेक्सीन ले रहे थे सरकार ने उनको भी वैक्सीन की सप्लाई देने से रोक दिया। फिर भी हमने 4 हजार गायों का टीकाकरण किया। इस तरह गाय माता मर रही है उन गायों की बद दुआ सरकार को लगेगी और जल्दी ही गहलोत सरकार 12 के भाव से जायेंगी। इस मौके पर महेंद्र शर्मा, हनुमान पापट्यान, अर्जुन लाल यादव, पप्पू यादव, राजू यादव आदि लोग मौजूद थे।

## ग्रामीण कल्याणकारी योजनाओं का जागरूक रहकर लाभ उठाए : डॉ. जितेंद्र

**अलवर, (निसं)।** कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शनिवार को उमरैण पंचायत समिति के ग्राम झाडौली, सहनपुरी व घाटला का दौराकर कई घरों में जाकर जल जीवन मिशन योजना, स्कूलों, आंगनबाडी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का फीडबैक लिया।

जिला कलेक्टर ने जल जीवन मिशन योजना के तहत शत-प्रतिशत हर घर नल द्वारा जल उपलब्धता वाले ग्राम सहनपुरी व झाडैली का दौरा कर गांव के अनेक घरों में जाकर नल कनेक्शन की धरातल पर उपयोगिता का जायजा लिया। योजना से लाभांवित लोगों से बातचीत कर पेयजल व्यवस्था का फीडबैक लिया। इस पर ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि गांव में शतप्रतिशत नल कनेक्शन हो गये है तथा दोनों समय खूब पानी आता है। उन्होंने पेयजल पाइप लाइन की गुणवत्ता आदि की जांच की।

उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि कुछ घरों की दूरी पर पाइप लाइन है इसे बढाए ताकि पानी का प्रेशर प्रोपर रूप से आए। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि पानी निर्धारित मात्रा एवं निर्धारित



अलवर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अनेक घरों में जाकर नल कनेक्शन की धरातल पर उपयोगिता का जायजा लिया।

समय पर आए। पानी व्यर्थ भी नहीं बहे। इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करावे।

जिला कलेक्टर ने ग्राम भुराडी में जल जीवन मिशन के कार्य के तहत पाइप लाइन को 15 दिनों में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम घाटला व झाडोली के विद्यालय व आंगनबाडी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घाटला में खेल मैदान मनरेगा के माध्यम से विकसित कराने हेतु ग्राम विकास अधिकारी को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर विद्यालय में अध्ययन,

- कलेक्टर ने विभिन्न गांवों का दौरा कर योजनाओं का फीडबैक लिया

शौचालय की साफ-सफाई, पेयजल आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने गांव के लोगों के बीच बैठकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, किसान मित्रा योजना, मनरेगा, राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक एवं खाद्य सुरक्षा योजना आदि के बारे में फीडबैक लिया। साथ ही उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को भी मौके पर ही सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिये। उन्होंने कोविड वैक्सीन लगवाने व चिरंजीवी योजना से सभी परिवारों को जुडने हेतु ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का जागरूक रहकर लाभ उठाए।

## सार-समाचार

### भाजपा पार्षदों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**फुलेरा, (निसं)।** नगर पालिका मण्डल के नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों के द्वारा उपखण्ड अधिकारी सांभरलेक को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से फुलेरा नगर पालिका मण्डल अध्यक्षा संगीता अग्रवाल पर हठधर्मिता करने का आरोप लगाया है। वहीं ज्ञापन में नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी द्वारा विधिपूर्वक संपूर्ण प्रक्रिया अपनाने के पश्चात लगभग 100 से अधिक तैयार पट्टे पालिका अध्यक्षा अग्रवाल के समक्ष प्रस्तुत किये गये। इन पर अध्यक्षा अग्रवाल ने बिना कारण बताये ही अपने हस्ताक्षर करने से इनकार करना बताया गया है। वहीं ज्ञापन के माध्यम से पार्षदों ने उपखण्ड अधिकारी को बताया कि नगरपालिका का समस्त कार्य पालिका अध्यक्षा के पति जितेन्द्र अग्रवाल के द्वारा किये जा रहे है। जो कि पूर्णतया व्यापारी है। जिनका राजनीति व जनता की सेवा से कोई लेना देना नहीं है। साथ ही आग्रह किया गया कि राज्य सरकार द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान के लिए जारी गाइडलाइन के तहत पालिका अध्यक्षा संगीता अग्रवाल को उक्त पट्टों पर हस्ताक्षर करने के लिए निर्देशित करने एवं उनके पति के द्वारा नगर पालिका के राजकार्य में अनाधिकृत हस्तक्षेप को बन्द करवाकर पाबंद किया जावे। वहीं कहा कि नगरपालिका अध्यक्षा के समक्ष पत्रावली(पट्टे) प्रस्तुत करने पर तीन दिवस में उनके द्वारा हस्ताक्षर नहीं किये जाने की स्थिति में अधिशाषी अधिकारी को लिखित में राज्य सरकार की गाइड लाइन की पालना करने के लिए निर्देशित किया जाये। ताकि आमजन को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। ज्ञापन देने के दौरान नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका मण्डल संजय पारीक, पार्षद ताराचंद सैनी, मदन लाल सैनी, विजयलक्ष्मी आदि लोग उपस्थित रहे।

### अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रोली जब्त

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** उनियारा पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार थाना सोप पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रेक्टर मय ट्रोली अवैध बजरी से भरे हुए को जप्त किया। मय थानाधिकारी सोप नरेन्द्र सिंह राजावत ने बताया कि मय जीप सरकारी चालक फूलसिंह के गश्त निगरानी बदमाशान व अवैध बजरी परिवहन की रोकथाम हेतु रवाना हुए थे। दौराने गश्त मुखबिर खास ने इतला दी कि एक ट्रेक्टर मय ट्रोली अवैध बजरी से भरा हुआ अलीगढ रोड से सोप की तरफ आ रहा है। सूचना पर जाप्ता को इतला से अवगत करवाकर मय जाप्ते के रवाना होकर महुआ मोड कस्बा सोप पहुचा जहां पर नाकाबन्दी की गई। दौराने नाकाबन्दी पुलिस को बावर्दी देखकर ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर मय ट्रोली अवैध बजरी से भरी हुई को वही पर छोडकर भाग गया, जिसकी तलाश की गई परन्तु दूरी अधिक होन के कारण ट्रेक्टर चालक खेतो में भाग गया तथा मौके पर ट्रेक्टर महिन्द्रा 475 रंग लाल बिना नंबरी मय ट्रोली बजरी से भरी हुई को बजरी परिवहन करते पाये जाने पर मौके पर जरिये जप्त किया गया। ट्रेक्टर चालक फरार हो गया, जिसकी तलाश की गई। तत्पश्चात जप्तशुदा ट्रेक्टर मय ट्रोली बिना नंबरी को थाना परिसर में सुरक्षार्थ खडा करवाया गया। इस पर प्रकरण एमएमडीआर एक्ट में पंजीबद्ध कर अनुसंधान शुरु किया गया। मुलजिमान की तलाश जारी है।

### ग्राामीण ओलंपिक खेल तैयारियों का एसडीएम ने जायजा लिया

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में पहली बार आयोजित किये जा रहे राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा एवं तैयारी बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ब्लॉक स्तर पर 12 सितंबर से 15 सितंबर तक होने वाले आयोजन के लिए अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष में उपखण्ड अधिकारी एवं संयोजक तथा अन्य सदस्यों की उपस्थिति में प्रतियोगिता के विभिन्न खेलों के ड्रा डाले गये। वही प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षक एवं विभिन्न प्रकोष्ठ समिति के प्रभारियों एवं कार्मिकों की बैठक ली गई तथा अब तक की तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रतियोगिता के लिए सभी खेल मैदान तैयार कर लिए गये हैं तथा सभी 39 ग्राम पंचायतों की टीमों का पंजीकरण हो गया है। संयोजक एवं उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने संस्कृत महाविधालय लाल क्लब व अशोक शर्मा स्कूल, तालेडा जमात स्कूल में तैयार किये खेल मैदानों का सीबीईओ गोविन्द माली, एसीबीईओ बिहारी लाल वर्मा, शा. शि रिपुसूदन गीतम, महेश पाराशर, सुमित शर्मा, महेन्द्र शर्मा के द्वारा निरीक्षण कर जिला कार्यालय रिपोर्ट प्रेषित की गई।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में अभियुक्त दोषमुक्त

**सांभरझील, (निसं)।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तमा माथुर ने दहेज प्रताडना के मामले में अभियुक्त राजेंद्र बैरवा पुत्र अशोक बैरवा जाति बैरवा निवासी उगारियावास थाना जोबनेर जिला जयपुर को दोषमुक्त कर दिया। न्यायाधीश ने फैसले में लिखा है कि उक्त अपराध में पर्याप्त एवं संतुष्टिकारक साक्ष्य के अभाव में अभियुक्त को दोषमुक्त किया जाता है। न्यायालय ने समस्त गवाहों के बयान अभियुक्त पर आरोपित अपराध को साबित करने और उसको प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त नहीं माना। अभियुक्त के अधिवक्ता लालचंद कुमावत ने बताया कि उक्त मामले में आरोपी के खिलाफ 8 अप्रैल 2014 को पत्नी की ओर से उक्त आशय का मुकदमा थाना जोबनेर में दर्ज करवाया गया था। अभियुक्त के अधिवक्ता ने न्यायालय में बताया कि खुद परिवादिया अभियोजन पक्ष की ओर से गवाह के रूप में परीक्षित नहीं हुई है तथा अन्य परीक्षित गवाह अभियुक्त के विरुद्ध विरोधाभासी प्रकृति के रहे हैं। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस और तर्क के आधार पर उक्त अभियुक्त को दोषमुक्त करने का फैसला सुनाया।

### डीजीपी लाठर सपत्नी धन्नाभगत आश्रम पहुंचे

**टोंक (निसं)।** प्रदेश के पुलिस महानिदेशक एम.एल.लाठर सपत्नी के साथ अचानक शनिवार को निजी यात्रा पर आएं और जिले के धुवांकला प्रसिद्ध संत धन्नाभगत स्थित आश्रम पर पहुंचे और जलाभिषेक किया। जानकारी के अनुसार प्रदेश के पुलिस महानिदेशक महोहन लाल लाठर शनिवार को अचानक सपत्नी टोंक पहुंचे और जिले के प्रसिद्ध संत धन्ना भगत स्थली आश्रम पर पहुंचे और धनेश्वर महादेव मन्दिर में जलाभिषेक कर महाराज बजरंगदास का आर्शीवाद भी लिया। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, देवली सीओ सुरेश कुमार सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस महानिदेशक लाठर के आने की सूचना मिलते ही सभी पाुलिस अधिकारी चौकन्ने हो गए।

### तीसरे दिन मिला युवक का शव

**टोंक, (निसं)।** बनास नदी के नए पुल के समीप पिकनिक मनाने आएं दो युवकों की गुरुवार को मौत होने के बाद तीसरे दिन शनिवार को युवक का शव मिल पाया। जानकारी के अनुसार बनास नदी के नए पुल पर संदीप पुत्र चंदगीराम जाति जाट 35 वर्ष निवासी ओजटू थाना चिडावा जिला झुझूंनू एवं सुरेश पुत्र सुंडाराम जाति जाट 32 साल निवासी श्योपुरा थाना चिडावा जिला झुझूंनू की डूबने से मौत हो गई और सुरेश का शव नहीं मिल पा रहा था, जो बहकर ग्राम ठिकरिया के पास नदी के पास पहुंच गया। जिसको तलाश में जुटी एसडीआरएफ टीम को शनिवार को शव मिला। जिस पर मृतक के शव का सआदत अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनो को सौंप दिया गया।

### जहरीला पदार्थ खाने से अधेड़ की मौत

**खैरथल, (निसं)।** कस्बे के रेलवे अंडरपास के समीप रहने वाले 45 वर्षीय रमेश पुत्र मामचंद जाटव की अज्ञात पदार्थ खाने से मौत हो गई। मृतक मामचंद की हालत बिगडते देख परिजनों ने उसे तुरंत राजकीय सैटेलाइट अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल अलवर रेफ़र कर दिया गया। अलवर में उपचार के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### आदित्य धवन का नवोदय में चयन

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय एन्जल एकेडमी स्कूल के छात्र आदित्य धवन का नवोदय विद्यालय में नवमी कक्षा में चयनित होने पर अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। एन्जल एकेडमी स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति आडतानी, गुरुजनों व सहपाठियों द्वारा विद्यालय में छात्र आदित्य धवन को इस सफलता पर अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए सभी का मुंह मीठा कराया गया। आदित्य ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व मां ऊषा देवी को दिया है।



*एक युनैस्को नैचुरल हैरिटेज साइट को खरगोशों और चूहों के आंतक से मुक्त कराया गया और घुसपैठियों से मुक्त घोषित होने के 8 सालों के बाद उक्त द्वीप फिर से मूल स्वरुप में लौट आया है। एन्टार्कटिका के मक्वायर द्वीप को 1997 में युनैस्को ने नैचुरल हैरिटेज घोषित किया था। केवल इसलिए क्योंकि दुनिया में ऐसी दूसरी कोई जगह नहीं थी। लगभग 21 मील लम्बा और 3.4 मील चौड़ा यह द्वीप विश्व का एक मात्र ऐसा स्थान है जहां, पृथ्वी के क्रस्ट तथा बाहरी कोर के बीच की परत की चट्टानें सी लैवल के ऊपर दिख रही हैं। विश्व में सी बर्ड्स की सबसे घनी आबादी यहीं पर है। यहां पैनग्विन की बहुत बड़ी आबादी है, जिनमें रॉयल पैनग्विन शामिल हैं, जो सिर्फ यहीं पाए जाते हैं। इसके अलावा एल्बैट्रॉस, पैट्रल और प्रियॉन्स पक्षी भी यहां बड़ी तादाद में हैं। पृथ्वी के अन्य द्वीपों की तरह 18 वीं सदी में यहां भी नाविकों के साथ बिल्ली, चूहे और खरगोश आए थे, जिन्होंने ना केवल यहां की वनस्पति को नष्ट किया बल्कि यहां के कीटों को भी खत्म कर दिया जिससे धीरे-धीरे यह द्वीप उजड़ गया। वर्ष 2007 में ऑस्ट्रेलिया और टैस्मेनिया ने इस द्वीप को घुसपैठिए चूहों व खरगोशों से मुक्त करवाने की मुहिम छेड़ी। इसके तहत डॉग हैण्डलर मैलिसा ह्यूटन को यहां लाया गया, उनके साथ '' वैग्स'' नाम का काला लैब्रडोर कुत्ता था। ह्यूटन के आने से बिल्लियां गायब हुईं और पिछली कई सर्दियों में डाले गये विष भरे भोजन के कारण चूहे भी गायब हो गए। वर्ष 2011 तक कुत्तों की टीम के साथ शिकारी भी यहाँ आए और सभी घुसपैठिया प्रजातियों का उन्मूलन कर दिया गया। ह्यूटन ने बताया कि, द्वीप के पथरीले तट, जो पैनग्विन व एलिफैंट सील के झुण्डों से भरे हैं, उनके अलावा द्वीप की बाकी भूमि की गुणवत्ता, खरगोशों के बिलों के कारण काफी घट गई थी। खरगोशों के बिलों से जमीन पोली हो गई थी। ह्यूटन एवं उनके प्रशिक्षित पालतू कुत्ते ''वैग्स'' ने वर्ष 2014 में आखिरी खरगोश (मादा) को भी ढूंढ निकाला। उसके बाद से यह क्षेत्र चूहों व खरगोशों से मुक्त हो गया है। तब से इस द्वीप की स्थिति काफी बेहतर होती जा रही है। ऑर्किड व अन्य पेड़ -पौधे पनप रहे हैं, कीटों की संख्या भी बढ़ गई है, जो पक्षी यहां से छोड़े गए थे वे वापस लौट आए हैं। मक्वायर द्वीप उन 181 आइलैंड्स में से एक है जिन्हें 2000 के बाद से घुसपैठिया प्रजातियों से मुक्त करवाया गया है।*

# चार्ल्स-तृतीय को एक ऐतिहासिक शाही समारोह में ब्रिटेन का नया सम्राट घोषित किया गया

## इस ताजपोशी समारोह का पूरे ब्रिटेन में लाइव प्रसारण भी हुआ

लंदन, 10 सितम्बर। ब्रिटेन में नए युग का आगाज हो गया है। क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के दो दिन बाद उनके बेटे चार्ल्स-3 को ब्रिटेन का नया सम्राट घोषित किया गया है। इतिहास में पहली बार टेलीविजन पर ऐतिहासिक समारोह में किंग चार्ल्स तृतीय की ताजपोशी हुई। इसके साथ ही उनकी पत्नी कैमिला क्वीन कंसोर्ट चुनी गईं।

सेंट जेम्स पैलेस में एक ऐतिहासिक समारोह में शनिवार को किंग चार्ल्स तृतीय को आधिकारिक तौर पर ब्रिटेन का सम्राट घोषित किया गया। मां एलिजाबेथ द्वितीय के निधन से पूर्व वह ब्रिटेन के प्रिंस थे, शनिवार को उनकी ताजपोशी की औपचारिक घोषणा की गई।

लंदन में सेंट जेम्स पैलेस में शाही समारोह के दौरान ब्रिटेन की पी.एम. लिज ट्रस के अलावा कई वरिष्ठ राजनेता और अधिकारियों ने भाग लिया। इनमें वे अधिकारी और राजनेता भी शामिल हुए जो आने वाले समय में सम्राट के सलाहकार के तौर पर काम करेंगे। समारोह में किंग चार्ल्स के साथ उनकी पत्नी कैमिला को क्वीन कंसोर्ट चुना गया। साथ में उनके सबसे बड़े बेटे विलियम चार्ल्स के उत्तराधिकारी होंगे। उन्हें प्रिंस ऑफ वेल्स की उपाधि दी गई।

- **ताजपोशी समारोह सेंट जेम्स पैलेस में हुआ। जिसमें किंग चार्ल्स के बड़े बेटे विलियम को उनका उत्तराधिकारी बनाकर प्रिंस घोषित किया गया।**
- **शाही समारोह में ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज़ ट्रस के अलावा कई वरिष्ठ राजनेता और अधिकारियों ने भाग लिया। इनमें वे अधिकारी और राजनेता भी शामिल हुए जो आने वाले समय में किंग चार्ल्स के सलाहकार के तौर पर काम करेंगे।**

ब्रिटेन के नए सम्राट चार्ल्स ने इससे पहले शुक्रवार को अपने पहले संबोधन में मां एलिजाबेथ द्वितीय को याद किया और कसम खाई वे अपनी मां और महारानी द्वारा खाई कसम को जारी रखेंगे और आजीवन ब्रिटेन के लोगों के लिए काम करते रहेंगे।

शुक्रवार को सम्राट ने अपनी मां महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था, "... मेरी प्यारी मां जब आप मेरे प्रिय स्वर्गीय पिता से मिलने के लिए अपनी अंतिम महान यात्रा शुरू कर चुके हैं, मैं बस आपको धन्यवाद कहना चाहता हूं। हमारे परिवार और राष्ट्र के लोगों के प्रति आपके प्यार और समर्पण के लिए धन्यवाद, आपने इतने वर्षों तक इतनी लगन से सेवा की। चार्ल्स -3 को 700 सदस्यीय परिग्रहण परिषद द्वारा नया सम्राट घोषित किया गया।

बीबीसी ने उद्घोषणा के हवाले से कहा कि प्रिंस चार्ल्स फिलिप आर्थर जॉर्ज अब चार्ल्स तृतीय हैं। पेनी मोर्डेंट ने महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन की घोषणा के बाद प्रिंस चार्ल्स के राजा बनने की उद्घोषणा की थी। घोषणा पर हस्ताक्षर प्रिंस विलियम के सामने हुआ जबकि प्रधानमंत्री लिज़ ट्रस और आर्कबिशप जस्टिन वेल्बी भी इस मौके पर मौजूद थे।

ब्रिटेन के नए सम्राट की ताजपोशी के समय सात पूर्व प्रधानमंत्री में गॉर्डन ब्राउन, डेविड कैमरन, बोरिस जॉनसन और थेरेसा मे भी शामिल थे जो नए राजा की घोषणा को पढ़कर सुनाते समय वहां मौजूद थे। - --

# प्रदेश में सात दिन बाद करोना से एक और मरीज की मौत

## राज्य में शनिवार को 177 नए संक्रमित मिले, जबकि शुक्रवार को 251 रोगी पाए गए थे

जयपुर, 10 सितम्बर। प्रदेश में सात दिन बाद शनिवार को करोना संक्रमण से फिर एक मरीज की मौत हो गई है। वहीं इस दौरान 177 नए संक्रमित मिले हैं। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 251 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 1625 रह गए हैं।

प्रदेश में शनिवार को करोना से बाड़मेर में एक मरीज की मौत हुई है। इससे पहले 2 सितम्बर को झालावाड़ में एक संक्रमित की मौत हुई थी। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9629 लोगों की मौत हो चुकी है। उधर प्रदेश में थोड़ी गिरावट के बाद शनिवार को 19 जिलों में 177 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को 254 रोगी सामने आए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी नए संक्रमितों की संख्या में कमी आई है। इस दौरान जिले में 43 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 23, अलवर में 20, अजमेर में 19, डूंगरपुर में 9, सीकर में 8, उदयपुर, राजसमंद व चित्तौड़गढ़ में 7-7, बांसवाड़ा में 6, दौसा में 5, पाली और भीलवाड़ा में 4-4, कोटा, सवाई माधोपुर, सिरोही व नागौर में 3-3, बूंदी में 2 तथा बीकानेर में एक नया संक्रमित मिला है। प्रदेश में शनिवार को 251 मरीज रिकवर हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस और घटकर 1625 रह गए हैं। जयपुर में भी रिकवरी बढ़ने से 415 एक्टिव केस रह गए हैं। हालांकि जोधपुर में 173 और अलवर में 142 मरीजों का इलाज चल रहा है।

- **पिछले चौबीस घंटों में राजधानी जयपुर में 43 नए मरीज मिले हैं।**
- **प्रदेश में रिकवरी बढ़ने से एक्टिव केस घटकर 1625 रह गए हैं।**

जयपुर में शनिवार को 18 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 13 मरीज जमवारामगढ़ में पाए गए हैं। इसके अलावा जगतपुरा में 6, सांगानेर में 5, चाकसू व मालवीय नगर में 3-3 तथा आदर्श नगर, अजमेर रोड, अम्बावाड़ी, आमेर, दुर्गापुरा, गांधी नगर, गोपालपुरा, हरमाड़ा, राजपार्क, शाहपुरा, शास्त्री नगर और विराट नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं एक संक्रमित का पता गलत मिला है। ले में आज 75 मरीज ठीक हुए हैं।

## '22 करोड़ बनाम ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

वे एशिया की प्रथम महिला बस ड्राइवर 63 वर्षीय बसंत कुमारी से मिले। उन्होंने उन सफाईकर्मियों तथा स्थानीय बेरोजगार युवाओं से भी बातचीत की, जो रास्ते में कुछ दूर तक उनके साथ चले थे। राहुल ने कहा, "हमारे 42 प्रतिशत युवा आज बेरोजगार हैं। अगर ये बेरोजगार रहेंगे तो क्या भारत का भविष्य सुरक्षित (कहा जा सकता) है? हम उन सबके लिये पद यात्रा कर रहे हैं। हम नौकरियों के लिये पद यात्रा कर रहे हैं।"

यात्रा में राहुल के साथ 62 वर्षीय उसैया जैसे लोग भी थे। उसैया अपने स्तर पर तेलंगाना के मेड़ापालिल से सैकड़ों मील की यात्रा करके पद यात्रा में शामिल होने आया था।

यात्रा के बारे में बात करते हुए, कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा: "इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक आर्थिक तथा राजनैतिक असमानता को सामने लाना है, लेकिन यह तो उससे भी कहीं ज्यादा व्यापक हो चुकी है। सड़कों पर चलते हुये, हम, दरअसल, स्थानीय संस्कृतियों, भाषाओं, स्थापत्य तथा स्थानीय वनस्पति एवं जन्तु-जगत से जुड़ रहे हैं। यह मूलत: एक जन-सम्पर्क आंदोलन है।

# महाराष्ट्र में गणेश विसर्जन के दौरान 20 लोगों की मौत

## विर्सजन के दौरान कई जगहों पर शिवसेना व शिंदे गुट के लोगों के बीच जमकर मारपीट हुई

मुंबई, 10 सितम्बर। महाराष्ट्र के विभिन्न इलाकों में गणेश मूर्ति के विसर्जन के दौरान हुई विभिन्न घटनाओं में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से 14 की मौत डूबने से हुई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि 31 अगस्त से शुरू हुआ 10 दिवसीय गणेश उत्सव शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के वर्धा जिले के सवांगी में तीन लोग डूब गए, जबकि एक अन्य देवली में डूब गया। उन्होंने बताया कि यवतमाल जिले में मूर्ति विसर्जन के लिए गए दो व्यक्ति तालाब में डूब गए। अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के अहमदनगर जिले के सुपा और बेलवंडी में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की डूबने से मौत हो गई, जबकि दो अन्य की मौत प्रदेश के जलगांव जिले में हो गई। उन्होंने बताया कि पुणे के घोड़े गांव एवं यवात में, धूले जिले में, सतारा के लोनीकंड एवं सोलापुर शहर में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गणेश मूर्ति के विसर्जन के दौरान सड़क हादसे में नागपुर शहर के शक्करदारा इलाके में चार लोगों की मौत हो गई। नागरिक निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि ठाणे के कोलबाद इलाके में बारिश के बीच एक पेड़ एक गणेश पंडाल पर गिर गया, जिससे इस घटना में 55 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार की रात को हुई। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इस बीच रायगढ़ के पनवेल में बिजली का झटका लगने से नौ साल की एक बच्ची समेत 11 लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार शाम को वडघर कोलीवाडा में हुई। वहीं, प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान कई जगह कानून-व्यवस्था से जुड़ी घटनाएं भी हुईं। अधिकारी ने बताया कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समर्थकों के बीच अहमदनगर जिले के तोपखाना में मारपीट हो गई।

- **महाराष्ट्र में 31 अगस्त से शुरु हुआ दस दिवसीय गणेश महोत्सव शुक्रवार को विसर्जन के बाद सम्पन्न हो गया।**

## राज परिवार की...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सवाई मानसिंह के पास बटलर के तौर पर कार्यरत थे जिनकी सेवाएं बाद में वादी कंपनी को अर्पित कर दी गई। सेवाकाल में नंदा को रहने के लिए रामबाग स्टाफ क्वाटर्स में निशुल्क आवास दिया गया। वहीं नंदा वर्ष 1992 में सेवानिवृत्त हो गए। इसके बाद भी प्रतिवादी पक्ष ने बहाने बनाते हुए आवास खाली नहीं किया।

इस दौरान प्रतिवादी के पिता की मौत हो गई। जब वादी ने आवास खाली करने का कहा तो प्रतिवादी ने भवन खाली नहीं किया। अदालत में प्रतिवादी की ओर से कहा गया कि वादी कंपनी के अस्तित्व में आने से पहले से ही प्रतिवादी पक्ष वहां रह रहा है और सवाई मानसिंह ने यह संपत्ति प्रतिवादी के पिता को दान में देकर मालिक बनाया था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने प्रतिवादी को भवन खाली करने को कहा है।

# 'लोकसभा चुनाव के वक्त नीतीश कहीं और लुढ़क जायें, इसकी कोई गारंटी नहीं'

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। बिहार की सियासत में पिछले दिनों हुए उलटफेर पर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कहा है कि आने वाले लोकसभा चुनावों तक सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के रास्ते अलग-अलग हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगला विधानसभा चुनाव भी मौजूदा फॉर्मेशन में नहीं लड़ा जाएगा, यानी कि महागठबंधन के घटक दल एक साथ नहीं रह जाएंगे। प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि इस बात की गारंटी कोई नहीं दे सकता कि नीतीश कुमार फिर से इधर-उधर नहीं होंगे।

जब प्रशांत किशोर से पूछा गया कि क्या देश की राजनीति पर बिहार में हुई सियासी घटनाओं का असर होगा, उन्होंने कहा, 'मेरे ख्याल से ऐसा नहीं होगा। यह एक राज्य विशेष में हुई घटना है। इसका असर बिहार तक सीमित होना चाहिए। राष्ट्रीय राजनीति पर इसका कोई बड़ा असर पड़ेगा, ऐसा मैं नहीं मानता। मैं अपनी राजनीतिक समझ के आधार पर इतना जरूर कह सकता हूं कि बिहार में अगला विधानसभा चुनाव इस फॉर्मेशन में नहीं होगा। मतलब कि एक तरफ बीजेपी और दूसरी तरफ महागठबंधन के 7 दल, अगला विधानसभा चुनाव ऐसे नहीं होगा।'

यह पूछे जाने पर कि क्या नीतीश कुमार फिर से इधर-उधर हो सकते हैं, उन्होंने कहा, 'बिल्कुल हो सकते हैं। इसमें संदेह की क्या बात है? आज बिहार में कौन इस बात की गारंटी ले सकता है कि नीतीश कुमार इधर-उधर नहीं हो सकते। मैं यह नहीं कह रहा कि वह होंगे, लेकिन इस बात की भी गारंटी कोई नहीं ले सकता कि नीतीश इधर-उधर नहीं होंगे। यहां तक कि खुद नीतीश कुमार ने भी नहीं कहा कि कुछ भी हो जाए मैं इधर-उधर नहीं करूंगा।

- **प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि, सिर्फ साथ में बैठकर चाय पी लेने से विपक्ष एकजुट नहीं हो जाता, हकीकत तो वक्त ही बतायेगा**
- **प्रशांत किशोर ने कहा, मैं इतना साफ तौर पर कह सकता हूं कि, बिहार में अगले विधानसभा चुनाव तक नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के बीच गठबंधन कायम नहीं रहेगा24-प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि, सिर्फ साथ में बैठकर चाय पी लेने से विपक्ष एकजुट नहीं हो जाता, हकीकत तो वक्त ही बतायेगा।**

## गुमनाम राजनीतिक दल और चंदा

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार देश में 2,174 पंजीकृत गैरमान्यता प्राप्त दल हैं, खास बात यह है कि, इनमें अधिकांश पार्टियों ने आज तक कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा है। चुनाव आयोग अब इस मामले में कार्रवाई करने जा रहा है।

आयोग ने इन दलों की जांच करने के लिए सीबीडीटी से आग्रह किया है।

आयोग की ये कार्रवाई इन दलों की ओर से अपने दानदाताओं की सूची आयोग में जमा नहीं कराने के कारण की जा रही है। आयोग ने बताया कि 2,174 पंजीकृत गैरमान्यता प्राप्त दलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए राजस्व विभाग को तब लिखा गया, जब इन दलों को लगभग 1,000 करोड़ रुपये का चंदा मिलने का मामला सामने आया।

# 'राजस्थान में इंटरनैट बंद करने का कोई प्रोटोकॉल है क्या'

## सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सहित चार राज्यों में मनमाने ढंग से इंटरनैट बंद करने का आरोप लगाने वाली याचिका पर केन्द्र सरकार से जवाब मांगा है

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में मनमाने ढंग से इंटरनेट बंद करने का आरोप लगाने वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र से जवाब मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह जानना चाहता है कि क्या इस मसले पर कोई प्रोटोकॉल है। सॉफ्टवेयर लॉ सेंटर की ओर से दायर जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए भी इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

चीफ जस्टिस उदय उमेश ललित, न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि याचिका में पक्षकार बनाए गए चार राज्यों को नोटिस जारी करने के बजाय वह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को नोटिस जारी करेगी। पीठ ने कहा, हम केवल केंद्र को नोटिस जारी करते हैं कि क्या इस शिकायत के संबंध में कोई मानक प्रोटोकॉल है या नहीं। वकील वृंदा ग्रोवर ने पीठ को बताया कि कलकत्ता और राजस्थान के हाई कोर्टों में याचिकाएं दायर की गई थीं। पीठ ने पूछा, आप उच्च न्यायालयों का रुख क्यों नहीं कर सकते? आप पहले ही ऐसा कर चुके हैं। पीठ ने आगे कहा कि अनुराधा भसीन मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर अमल को लेकर हाई कोर्टों से अनुरोध किया जा सकता है। अनुराधा भसीन बनाम भारत सरकार मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि इंटरनेट सेवाओं पर एक अपरिभाषित प्रतिबंध अवैध है।

- **14-वकील वृंदा ग्रोवर ने कहा, राजस्थान सरकार ने हाई कोर्ट से कहा था कि, प्रदेश में अब इंटरनैट बंद नहीं होगा, लेकिन कुछ समय बाद प्रतिबंध लगा दिया गया। इस मामले में कभी भी कोई स्पष्ट नियम अथवा प्रोटोकॉल नहीं बनाया गया है।**

## सोनोग्राफी जांच...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कर सकेंगे। याचिका में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट पूर्व में पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट, 2014 के प्रावधानों पर विचार कर यह तय कर चुका है कि जो चिकित्सक विभाग की सहमति से छह माह का सोनोग्राफी प्रशिक्षण मान्यता प्राप्त संस्थान से प्राप्त कर चुके हैं और उन्हें सोनोग्राफी का अनुभव हो तो वे बिना सी.बी.टी. उत्तीर्ण किए भी सोनोग्राफी जांच कर सकते हैं। याचिका में कहा गया कि इन प्रावधानों को लेकर सुप्रीम कोर्ट दिशा-निर्देश दे चुका है, इसलिए विभाग को निर्देश दिए जाए कि वह याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई ना करे।

याचिका में यह भी कहा गया कि हाईकोर्ट भी डॉ. अनिल चौधरी के मामले में इस संबंध में निर्देश दे चुका है, जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने कहा कि बिना सी.बी.टी. किए भी चिकित्सक सोनोग्राफी कर सकते है।

# चार्ल्स को मापने के लिये क्या मापदण्ड...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ही त्याग दिया था। क्वीन का शासन स्थायित्व लिए हुए था। सादा कम हील वाले सैण्डिल्स से लेकर उनके संयमित मनोभाव, सब कुछ एक स्पष्ट सामंजस्य प्रदर्शित करते थे। कुछ अर्थों में चार्ल्स भी इसका विस्तार होंगे, लेकिन उनकी अपीयरैंस त्रुटिपूर्ण रूप से स्थिर है। वे कोई सूट तब तक पहनते हैं जब तक कि उसकी जेबों के भीतर पैबंद ना लग जाए और जूते भी तब तक पहनते हैं जब तक कि वे फट ना जाएं। उनके बाल बचपन से ही एक ही तरह से बनाए जाते हैं।

यद्यपि उनका मन अधिक चंचल है और राजशाही के भीतर रहते हुए भी उनके मनोभाव कुछ हद तक सार्वजनिक हो जाते हैं। उन्हें अपने बचपन को लेकर खास शिकायत है जब उन्हें "प्रिंस ऑफ वेल्स" का उपनाम दे दिया था। निश्चित रूप से ऐसी मां का होना जो स्वयं शासक हो, जीवन के लिए हमेशा सुगम नहीं होता। वर्ष 1954 में क्वीन राष्ट्रमण्डल देशों का छह माह का दौरा कर स्वदेश लौटी थीं। गणमान्य अतिथि उनके अभिवादन के लिए कतारबद्ध थे, जब चार्ल्स ने भी इस कतार में शामिल होने की कोशिश की तब क्वीन ने कहा "प्रिय अभी आप नहीं।" उन्हें अपनी मां से मिलने के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ी।

कर्त्तव्य पालन का स्थान पहले था। डायन स्पैन्सर से हुए उनके प्रथम विवाह ने उनकी छवि को बुरी तरह से प्रभावित किया। इस जोड़े का विवाह वर्ष 1981 में हुआ था, जब चार्ल्स की उम्र 32 वर्ष और डायना की उम्र महज 20 वर्ष थी। इस समारोह को दुनियाभर के करीब 750 मिलियन लोगों ने देखा था। उनके विवाह को अब 90 के दशक के टेलीविजन साक्षात्कारों के कारण अधिक जाना जाता है, जिनमें डायना से उनके संबंध विच्छेद के कारण विस्तृत रूप से बताए गए थे। डायन ने वर्ष 1995 में घोषणा की थी इस विवाह में हम तीन लोग थे।

बाद में, नैशनल "पास्टाइम" के एक साक्षात्कार में, जिसमें लम्पटता को लेकर कई अटकलें थीं, चार्ल्स ने उसका संयम से सामना किया। आरोप कड़ी पीड़ा का अनुभव कराते हैं। देश राजपरिवार की जानकारी लेना पसंद करता है। उसे स्वयं पर विचार करने की आदत कम है। समय के साथ देश के लोगों का मत भी बदल गया। उनकी दूसरी पत्नी कमीला को उनकी क्वीन पत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया गया है। चार्ल्स अब किंग हैं। यद्यपि उनकी लोकप्रियता की रेटिंग्स अपेक्षाकृत कम बनी हुई है। मई 2022 में किए गए यू.जी.ओ.बी. के एक सर्वेक्षण में उनकी लोकप्रियता की रेटिंग्स स्वर्गीय क्वीन की 81 प्रतिशत और प्रिंस विलियम की 75 प्रतिशत की तुलना में काफी कम 54 प्रतिशत आंकी गई थी। यह उनके लिए और कुल मिलाकर राजपरिवार के लिए एक समस्या है।

चार्ल्स अपनी अति सतर्क तटस्थ मां की तुलना में राजनीतिक रूप से सक्रिय हो सकते हैं। अपनी राय जबर्दस्ती व्यक्त करने के लिए वे पहले ही कुख्यात हैं। अपनी अस्पष्ट सकारात्मक राय के अन्तर्गत अपने लेखों और भाषणों में वे आधुनिक शिल्पकला से लेकर औद्योगिक फर्मिंग तक हर विषय पर चेतावनी दे चुके हैं। उन्होंने टोनी ब्लेयर के समय फॉक्स हंटिंग के खिलाफ अभियान चलाया। वह दलाई लामा का समर्थन करते हैं। वर्ष 2015 में चीन के लिए दिए गए राष्ट्रीय भोज में उनकी अनुपस्थिति पर गौर किया गया और उसे तलख माना गया। ये चीज़े शाही निष्पक्षता से मेल नही खातीं। कई लोग इसे अतिक्रमण मानते हैं। एक क्षेत्र, जिस पर उनका विशेष फोकस होगा, वह है पर्यावरण। प्रिंस के रूप में इस संबंध में चार्ल्स का पहले ही मजाक बनाया जा चुका है। कपड़ों और रबड़ के जूतों के प्रति उनकी अनुचलित उत्सुकता है। उन्होंने ऑर्गेनिक शॉर्टब्रैड और हैरिटेज शीप को प्रमोट किया तथा "नेचर" शब्द गढ़ा और पेड़-पौधों के बारे में बात करने को लेकर उनका मजाक बनाया गया।

वर्ष 1990 में उन्होंने "डची ओरिजिनल्स" ऑर्गेनिक फूड ब्रॉण्ड खोजा था, लेकिन अधिकांश लोग इससे पहले ही ऑर्गेनिक फूड का नाम सुन चुके थे और जलवायु परिवर्तन को लेकर हुई प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय वार्ताओं में वे इस पर बात कर चुके हैं। पर्यावरण के प्रति उनकी दिलचस्पी हाल ही के वर्षों में एक सनक के बजाए भविष्य सूचक प्रतीत होती है। व्यवस्था बहाल किया जानाा एक राष्ट्रीय हॉबी और जलवायु परिवर्तन एक अन्तर्राष्ट्रीय जुनून बन चुका है।

ब्रिटेन में अब ऑर्गेनिक मार्केट की कीमत करीब 3 बिलियन पाउण्ड सालाना है। हालांकि राजसी विजयोल्लासों की प्रकृति अब बदल चुकी है, लेकिन चार्ल्स के प्रदर्शन पर बारीकी से नज़र रखी जाएगी। जब कई देश विजित किए गए और कई दुश्मनों को मारा गया, राजशाही तब अधिक मायने रखती थी।

आज राजाओं का आकलन सांसारिकता की वजह से अधिक किया जाता है। ऐलिज़ाबेथ ने अपना जीवन अस्पतालों के दौरों और स्कूलों के उद्घाटन में गुजार दिया। चार्ल्स भी नि:संदेह इसी अंदाज में काम करेंगे। कम से कम इस काम में तो उनके बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है। ब्रिटिश राज गद्दी के पूर्व उत्तराधिकारी स्वच्छंद और शराबी थे। चार्ल्स के निकट कहते हैं कि "महान योद्धा की भांति काम करते हैं जिस पर विश्वास करना कठिन है।

## शाह ने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

शहीदों के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी। इसके अलावा शाह ने 17.67 करोड़ रुपए से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया।

## अशोक गहलोत ....

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

है तथा वे जो कुछ करने जा रहे हैं, उसके बारे में पूरी तरह स्पष्ट हैं।

उन्होंने कहा कि वे भारत जोड़ो यात्रा को नेतृत्व प्रदान नहीं कर रहे, वे तो एक सहभागी मात्र है। सम्पूर्ण पार्टी राहुल गांधी की छवि को उभारने में लग गई है तथा नेतागण राहुल की नजरों में चढ़ने के प्रयासों में लगे हुये हैं।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी इस समय बहुत अस्त व्यस्त एवं भ्रम की स्थिति में है तथा सभी स्तरों के पार्टीजन पार्टी के भविष्य को लेकर असमंजस में हैं।

**राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-**पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय:-**कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 **उदयपुर कार्यालय:-**आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 **अजमेर कार्यालय:-**घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय:** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908




बड़ी बचत

**WAGONR ₹51 000*** **ALTO K10 ₹25 000*** **S-PRESSO ₹61 000***

**CELERIO ₹61 000*** **EECO ₹25 100***

ऑफर सिर्फ़ स्टॉक रहने तक मान्य है।

WAGONR ALTO K10 S-PRESSO CELERIO EECO

**E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: bharat.mittal@maruti.co.in**

**AUTHORISED DEALERS: JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT. LTD:** CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: CALL: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: CALL: 4411111, 9785023000. **AURIC MOTORS PVT LTD.:** MANSAROVAR: CALL: 8929207471. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: CALL: 9209056789. **VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** TONK ROAD: CALL: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: CALL: 4065555, 9660000363. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** ADARSH NAGAR: CALL: 4074444, 9549650361. BANIPARK: CALL: 4072222, 2201365, 8698003009. **SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.:** MALVIYA NAGAR: CALL: 2523400, 8302890000. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** TONK ROAD: CALL: 2793924/5/6/7, 4110100, 9772210902. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: CALL: 9929224455. LALSOT: CALL: 9950254414. BANDIKUI: CALL: 9950780018. MAHWA: CALL: 9413918647. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9782445691. UNIARA: CALL: 9672585891. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: CALL: 7412077062. SAMBHAR: CALL: 7412068410. ACHROL: CALL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: CALL: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: CALL: 9214794314 / 8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: CALL: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058401166. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: CALL: 8058794042. DUDU: CALL: 8058406655. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794167. TUNGA: CALL: 8058794137. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. VIRATNAGAR: CALL: 6350612446. JAMWA RAMGARH: CALL: 6350612727. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** CHOMU: (MORIJA ROAD): CALL: 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: CALL: 9772210451. **AJMER: RELAN MOTORS**: CALL: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **ALWAR: MG MOTORS:** CALL: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** CALL: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: CALL: 7412075151. **AURIC MOTORS**: CALL: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: CALL: 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: CALL: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: CALL: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: CALL: 8955664400. **CHURU: AURIC MOTORS:** CALL: 01562-250696, 8875010502. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 0744-2365092, 9829035100. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 0744-2439000, 9829799009. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: CALL: 9116178527. BHAWANIMANDI: CALL: 9116178557. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: . **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: CALL: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: CALL: 9928841300, 9116150669, 9929244402. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: CALL: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** CALL: 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** CALL: 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. **TECHNOY MOTORS:** GOVARDHAN VILLAS: CALL: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES**: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. **CHAMPION CARS**: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: CALL: 9413316092, 9413316399.

*Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer and ISL/Rural offer (wherever applicable) on WagonR (1.2 L Petrol- all variants except AGS), ALTO K10 (Manual Petrol- all variants except AGS), S-Presso (Petrol- V & V+ variants only), Celerio (Petrol- all variants except AGS and L variants), and Eeco (Petrol- all variants except cargo, Flexi and ambulance). *Terms & Conditions apply. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offers are valid till 30th September 2022 or till stocks last, whichever is earlier.